वार्षिक रिपोर्ट

2019-2020

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान
(मानित विश्वविद्यालय)

वार्षिक
रिपोर्ट
2019-20

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

(मानित विश्वविद्यालय)

17–बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली–110016

© राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, 2020
(भारत सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत घोषित)

संकाय समन्वयक : प्रो. रस्मिता दास स्वैन

कुलसचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, 17–बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा मैसर्स विबा प्रेस प्रा. लि., ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेस–।।, नई दिल्ली–110020, नवंबर 2021 में 150 प्रतियां डिजाईन एवं मुद्रित

विषय-सूची

अध्याय		
1.	विहंगावलोकन	01
2.	अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम	35
3.	अनुसंधान	53
4.	पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं	79
5.	कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं	91
6.	प्रकाशन	99
7.	नीपा में सहायता अनुदान योजना	103
8.	प्रशासन और वित्त	107
अनुलग्नक		
I.	संकाय का अकादमिक योगदान	113
परिशिष्ट		
I.	नीपा परिषद के सदस्य	209
II.	प्रबंधन बोर्ड के सदस्य	211
III.	वित्त समिति के सदस्य	212
IV.	अकादमिक परिषद के सदस्य	213
V.	अध्ययन बोर्ड के सदस्य	215
VI.	संकाय और प्रशासनिक स्टाफ	217
VII.	**वार्षिक लेखा**	221
	लेखापरीक्षा रिपोर्ट	269

1

विहंगावलोकन

विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अपने महत्वपूर्ण और व्यापक शैक्षणिक कार्यकलापों के साथ देश के शिक्षा संस्थानों के नेटवर्क में विशेष स्थान रखता है।

इसकी स्थापना आरंभिक रूप से फरवरी 1962 में यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौते के अंतर्गत शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र के रूप से हुई थी। इस केंद्र का मुख्य कार्य एशिया के शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये शैक्षिक योजना, प्रशासन संस्थान पर्यवेक्षण से संबंधित समस्याओं पर अनुसंधान तथा अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तथा सदस्य राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करना था।

1 अप्रैल 1965 से शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र का नाम बदलकर एशिया शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान कर दिया गया। यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच दस वर्ष के समझौते के समाप्त होने के बाद, एशिया संस्थान को भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया और तत्पश्चात 1970 में शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिये राष्ट्रीय स्टाफ कालेज की स्थापना की गई। पुनः इस कालेज का पुनर्गठन किया गया और 31 मई 1979 को इसका विस्तार करते हुये इसको राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) के रूप में पुनः पंजीकृत किया गया।

शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन के क्षेत्र में नीपा द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुये संस्थान को वर्ष 2006 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत इसे 'मानित विश्वविद्यालय' का दर्जा प्राप्त हुआ जिसके अंतर्गत इसे डिग्री प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई और पुनः नाम परिवर्तन के बाद इसे राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) कहा जाने लगा। अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तरह यह पूर्णतः भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है।

दिनांक 30.11.2017 की अधिसूचना संख्या फा.सं. न्यूपा/प्रशासनिक/आरओ/परिपत्र/030/2017 के द्वारा **राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा)** का नाम परिवर्तन **राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) (मानित विश्वविद्यालय)** के रूप में कर दिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिनांक 10 नवंबर 2017 और 29 नवंबर 2017 के संप्रेषित पत्राचार सं. एफ. 5–1/2017(सी.पी.पी.–1/डी.यू.) द्वारा भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में 'विश्वविद्यालय' शब्द के स्थान पर 'संस्थान' शब्द रख दिया गया है।

नीपा का विज़न और मिशन

संस्थान का उद्देश्य 'ज्ञान के उन्नयन से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इस विज़न के अंतर्गत संस्थान शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है।

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान का उद्देश्य 'ज्ञान के उन्नयन से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इस विज़न के अंतर्गत राष्ट्रीय संस्थान शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है। संस्थान के मुख्य कार्यनीतिक उद्देश्य निम्नांकित हैं :

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी नीतियों, योजना तथा कार्यक्रमों के निर्माण और क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तथा संघ क्षेत्रों के स्तर पर सांस्थानिक क्षमता का सुदृढ़ीकरण तथा स्कूल, समुदाय, जिला, राज्य/संघ प्रदेशों तथा राष्ट्रीय स्तर पर एक त्वरित, सहभागिता और जवाबदेह शैक्षिक अभिशासन तथा प्रबंधन प्रणाली का सांस्थनीकरण।
- शैक्षिक सुधारों का अनुसमर्थन करने और शिक्षा क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों की प्रभावी योजना, डिजाइन, कार्यान्वयन और अनुश्रवण को बढ़ावा देने के प्रयोजन से अपेक्षित ज्ञान और कौशलों से सुसज्जित शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में युवा पेशेवरों सहित और शिक्षाविदों सहित विशेषीकृत मानव संसाधनों के समूह का विस्तार करना;
- शैक्षिक क्षेत्र में उभरती तथा वर्तमान चुनौतियों का सामना करने हेतु तथ्य आधारित जवाबदेही एवं प्रभावी कार्यक्रम क्रियान्वयन को बढ़ावा देने हेतु शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन एवं संबंधित विषयों के ज्ञान आधार में वृद्धि;
- शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार तथा बेहतर शैक्षिक नीतियों के क्रियान्वयन हेतु शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार, अनुसंधान परिणामों, नवाचारों तथा सर्वोत्तम व्यवहार समेत सूचना तथा ज्ञान की साझेदारी एवं पहुंच में सुधार;
- अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं को प्रोत्साहन देते हुये शैक्षिक नीति निर्माण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार/तकनीक शिक्षा के सभी चरणों तथा व्यवस्था में, तथा रणनीतिक उपागम शैक्षिक योजना प्रक्रियाओं, अभिशासन तथा प्रबंधन में सुधार हेतु तथा अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं में नेतृत्वकारी भूमिका जो शैक्षिक नीति–निर्माण तथा देश में शैक्षिक योजना तथा प्रशासन व्यवहार का निर्माण करती है।

मुख्य कार्य

अपने मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान निम्नांकित मुख्य कार्यों में संलग्न है :

- शिक्षा के सभी चरणों में शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में नेतृत्वकारी भूमिका प्रदान करना;
- सर्वोत्तम प्रशिक्षित शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के कैडर के गठन हेतु प्री–डाक्टरल, डॉक्टरल तथा पोस्ट डॉक्टरल कार्यक्रमों और व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों सहित अध्यापन के विकसित अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों का विकास तथा आयोजन और साथ में शैक्षिक नीतियों योजना तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, क्रियान्वयन, अनुश्रवण हेतु सतत् सांस्थानिक क्षमता का निर्माण करना;
- शैक्षिक लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अनुसंधान एजेंडा तथा वचनबद्धता को स्वरूप देना, क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिये आवश्यक समर्थन हेतु नये ज्ञान का सृजन तथा तथ्य आधारित नीति निर्माण और बेहतर शैक्षिक योजना और प्रबंधन व्यवहार/तकनीक का प्रयोग करना;
- केंद्रीय तथा राज्य सरकारों को तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों को उनकी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन से संबंधित क्षमता निर्माण तथा अनुसंधान आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु तकनीकी समर्थन प्रदान करना और उन्हें शैक्षिक नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, अनुश्रवण तथा मूल्यांकन में सुधार हेतु मदद करना;
- शैक्षिक क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा निर्माण हेतु राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों को परामर्श सेवायें प्रदान करना;
- शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान तथा नवीन ज्ञान के सृजन हेतु सूचना तथा विचारों के समाशोधन गृह के रूप में कार्य, शैक्षिक नीतियों, योजना तथा प्रशासन में विशेष रूप से, विचारों/अनुभवों के आदान–प्रदान तथा नीति–निर्माताओं, शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के बीच नीतिगत चर्चा हेतु विचार मंच प्रदान करना, प्रभावी नीतियों तथा शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन तकनीक/व्यवहार को शिक्षा क्षेत्र संबंधी चुनौतियों को सामना करने हेतु चिह्नित करना तथा शिक्षा क्षेत्र संबंधी विकास लक्ष्यों/उद्देश्यों को प्राप्त करना;
- शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में सुधार हेतु संयुक्त प्रयासों/कार्यक्रमों तथा अनुसंधान अध्ययनों को प्रोत्साहन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के

अंतर्गत कार्यक्रमों, निधि एवं एजेंसियों समेत राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों एवं संगठनों के साथ नेटवर्किंग तथा सहयोग;

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास में उभरती हुई प्रवृत्तियों का मूल्यांकन तथा विश्लेषण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में उभरती हुई चुनौतियों की पहचान तथा शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उपयुक्त नीति निर्माण तथा कार्यक्रम हस्तक्षेप के निर्माण को सुगम बनाने के लिए शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्रगति का मूल्यांकन।

संस्थान के उपरोक्त कार्य राज्य तथा संघशासित प्रदेश एवं केंद्रीय स्तर पर सरकारों तथा संस्थानों के साथ निकटतम संपर्क तथा सहयोग द्वारा आयोजित किये जाते हैं। उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ संस्थान कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन एवं शिक्षा व्यवस्था की योजना तथा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है। संस्थान का एक मुख्य पहलू जमीनी स्तर पर संस्थान का संबंध द्वि–रूप कार्य प्रणाली है। संस्थान अपने ज्ञान आधार में वृद्धि वास्तविकता क्षेत्र में अनुसंधान तथा क्षेत्र कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल, कालेज, राज्य तथा केंद्रीय सरकार के विभिन्न स्तरों पर विभागों के साथ संपर्क द्वारा करता रहा है। संस्थान के रूप में, संस्थान राज्यों/संघशासित प्रदेशों की शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन संबंधी क्षमता निर्माण को पूर्ण करने हेतु संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण, राज्य सरकारों तथा राज्य संस्थानों के साथ निकटवर्ती संपर्क, उनकी शैक्षिक व्यवस्था का समालोचनात्मक अध्ययन, नीतियां तथा कार्यक्रम एवं उन्हें व्यावसायिक परामर्श तथा तकनीकी समर्थन हेतु प्रयासरत है। संस्थान अपने ऐसे कार्यक्रमों की शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक थिंक टैंक (प्रसार केन्द्र) बना हुआ है। संस्थान अपने अधिकांश क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और अन्तर्दृष्टि जमीनी स्तर के शैक्षिक कार्यकर्त्ताओं को हस्तान्तरित कर रहा है। इस प्रकार से नीपा की इस दोहरी भूमिका ने अपने अध्यापन तथा अनुसंधान के अकादमिक कार्य को व्यापक प्रामाणिकता प्रदान की है।

अकादमिक ढांचा तथा समर्थन सेवाएं

नीपा के अकादमिक ढांचे में विभाग, केंद्र, विशेष पीठ हैं जो शिक्षा के विशिष्ट पक्षों तथा तकनीकी समर्थन एकक/समूह तथा अकादमिक समर्थन प्रणाली अपने संबंधित विषयगत क्षेत्रों से जुड़ी विकास तथा क्रियान्वयनकारी गतिविधियों के प्रति उत्तरदायी हैं। नीपा के संकाय में प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा राष्ट्रीय अध्येता सम्मिलित हैं जो शिक्षा नीति, योजना तथा प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं। प्रत्येक विभाग अंतरशास्त्रीय विषयों के आधार पर संयोजित है और वे ज्ञान, विद्वता तथा अन्य अध्ययन कार्यक्रमों और अनुसंधान क्षेत्रों, सामान्यतः शिक्षा, और विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में विशेष तौर पर संसाधन प्रदान करते हैं। प्रत्येक विभाग के पास अनुसंधान/परियोजना सहायकों तथा अनुसचिवीय कर्मचारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ के रूप में संकाय सदस्य हैं। अकादमिक विभाग का अध्यक्ष प्रोफेसर होता है। विभाग विभिन्न प्रशिक्षण तथा अनुसंधान कार्यक्रमों के निष्पादन और विकास तथा उनको प्रदान किये गये क्षेत्रों में परामर्श तथा सलाहकारी सेवाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत, संस्थान के अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन आठ अकादमिक विभागों तथा विशेष पीठ स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक, परियोजना प्रबंधक एकक, भारत–अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (आई.ए.आई.ई.पी.ए.) तथा दो केंद्रों द्वारा किया गया जिन्हें अकादमिक तथा प्रशासनिक सेवा एककों द्वारा समर्थन प्रदान किया गया।

अकादमिक संगठन

विभाग

- शैक्षिक योजना
- शैक्षिक प्रशासन
- शैक्षिक वित्त
- शैक्षिक नीति
- विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा
- उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा
- शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली
- शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास

केन्द्र

- राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र
- उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र
- राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केन्द्र (एनआरसीई)

एकक

- स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक
- अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक

समर्थन सेवाएं

- पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र
- कंप्यूटर केन्द्र
- प्रकाशन एकक
- परियोजना प्रबंधन एकक
- डिजीटल अभिलेखागार
- प्रशिक्षण कक्ष/हिंदी कक्ष

पीठ

- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ

अकादमिक विभाग

शैक्षिक योजना विभाग

शैक्षिक योजना विभाग (डीईपी), नीपा के मौलिक प्रभागों में से एक है जिसका मुख्य ध्येय भारत में मानव विकास की उन्नति में योगदान के साथ साक्ष्य आधारित शैक्षिक योजनाओं को बढ़ावा देना है। शैक्षिक विकास के परिणामों के प्रबंधन के लिए विकेंद्रीकृत योजनाओं की दिशा में बदलाव के साथ, देश में शैक्षिक योजनाओं को समझने और सुधारने हेतु जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत योजनाओं के आगतों, प्रक्रियाओं, उत्पादों और परिणामों का अध्ययन करता है।

गरीबी को कम करने और स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक साधन के रूप में शिक्षा पर दबाव के साथ न केवल शैक्षिक योजना का दायरा समष्टि स्तर पर रणनीतिक योजना के संस्थानीकरण को कवर करना है बल्कि विकेन्द्रीकरण को बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए स्कूल मैपिंग, सूक्ष्म नियोजन और स्कूल सुधार योजना के रूप में स्थानीय स्तर की योजना तकनीकों का प्रयोग करना भी है। स्कूली शिक्षा में रणनीतिक योजना और उच्च शिक्षा में संस्थागत योजना के क्षेत्रव्यापी दृष्टिकोण को बढ़ावा देना शैक्षिक योजना विभाग के अन्य प्रमुख अधिदेश हैं।

शिक्षण, अनुसंधान और प्रशिक्षण, इत्यादि, शैक्षिक योजना विभाग के मुख्य कार्य हैं। शिक्षा में समानता, समावेशन, शिक्षण परिणामों की गुणवत्ता, वित्तपोषण और जवाबदेही से संबंधित मुद्दों के समाधान, शिक्षा में रणनीतिक कार्यक्रम योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए ज्ञान और कौशल का सृजन और प्रसार तथा शिक्षा वितरण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग शैक्षिक योजना विभाग के प्रमुख क्षेत्र हैं।

तदनुसार, विभाग विभिन्न उप–राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निकायों को शैक्षिक योजना से संबंधित कई पाठ्यक्रमों का संचालन के अलावा संस्थान के अनुसंधान और लंबी अवधि की क्षमता विकास कार्यक्रमों में क्षमता विकास कार्यक्रमों का आयोजन, संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान और व्यावसायिक सहायता और परामर्शकारी सहयोग प्रदान करता है।

शैक्षिक प्रशासन विभाग

शैक्षिक प्रशासन विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और प्रबंधन के विविध आयामों अनुसंधान, अध्ययन, प्रशिक्षण तथा परामर्शकारी सेवाओं में सक्रिय रूप से बौद्धिक और अकादमिक संलग्नता है। विभाग का एक मुख्य शैक्षिक क्षेत्र सरोकार एक समृद्ध ज्ञान आधार का विकास करना और शैक्षिक प्रशासन तथा प्रबंधन के विविध आयामों पर शैक्षिक प्रशासकों तथा शोधार्थियों को एक मजबूत पेशेवर अनुसमर्थन का निर्माण करना है। अपने लक्ष्य के अनुसार शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर ठोस डाटा बेस का निर्माण किया है। रिपोर्ट की अवधि के दौरान विभाग ने कई अध्ययन किये और एक बड़े पैमाने पर शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण, शैक्षिक प्रशासन में नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना और जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन पर राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन के साथ कई दूरगामी अैर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यशालाओं, सम्मेलनों एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों और भारत के केन्द्र शासित प्रदेशों भर में करीब एक हजार और तीन सौ राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के स्कूली शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक विभाग ने अपनी पहुंच बनाई। उच्चतर शिक्षा के संस्थानों में शैक्षिक और अकादमिक प्रशासन से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिनके विवरण नीचे दिए गए हैं

इंटर्नशिप प्रोग्राम

विभाग ने रीजनल इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भोपाल और जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के शिक्षा के स्नातकोत्तर छात्रों के दो बैचों के लिए क्रमशः एक सप्ताह और दो सप्ताह के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रमों की मेजबानी की।

शैक्षिक वित्त विभाग

इस विभाग का दोहरा उद्देश्य शिक्षा के सभी स्तरों– राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा विश्वस्तर पर आर्थिक तथा वित्तीय पक्ष पर अनुसंधान करना तथा उसे प्रोत्साहित करना है तथा विकासशील देशों और भारत में शिक्षा क्षेत्र की वित्तीय योजना तथा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों के क्षमता निर्माण और ज्ञान का सृजन करना है। शैक्षिक नीति योजना तथा प्रशासन के संदर्भ में वित्त एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। विभाग के कार्यक्रम/गतिविधियां– अनुसंधान, अध्यापन, प्रशिक्षण तथा परामर्श हैं जो नीति, योजना तथा विकास, शिक्षा के सार्वजनिक तथा निजी वित्त पोषण, सरकारी तथा निजी संसाधनों की लामबंदी, शिक्षा के सभी स्तरों पर संसाधनों का आवंटन तथा उपयोग, प्राथमिक से उच्च, तथा संसाधन आवश्यकताओं के आकलन से जुड़े मुद्दों के इर्द–गिर्द केंद्रित हैं। अधिकांशतः शोध के क्षेत्र शिक्षा के वित्त पोषण, कार्यक्रम और नीतिगत मुद्दों से संबंधित हैं। परामर्शकारी सेवाएँ नीतिगत मुद्दों पर केंद्रित हैं। अध्यापन के विषय में शिक्षा का अर्थशास्त्र और शैक्षिक वित्त पोषण से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रम के विषय योजना तकनीक और प्रबंधन प्रणाली पर आधारित हैं।

शैक्षिक नीति विभाग

शैक्षिक नीति विभाग शैक्षिक अभिशासन और प्रबंधन में वर्तमान समस्याओं के समाधान के लिए शैक्षिक नीति का अध्ययन, शैक्षिक समस्याओं का मूल्यांकन और विश्लेषण, नीति तथा व्यवहारों का मार्गदर्शन तथा परिणामों को समझने के लिए प्रतिबद्ध है। चूँकि अपने मिशन में यह प्रतिबद्ध है, शैक्षिक क्षेत्र में प्रासंगिता और गुणवत्ता, समता, पहुँच जैसे अवरोधकों के प्रति ज्ञान के वर्धन में इसलिए यह विभाग समय–समय पर विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर हितधारकों, व्यवहारकर्त्ताओं तथा भारत में शैक्षिक व्यवस्था को प्रमाणित करने वाली जननीति मुद्दों पर चर्चाएं आयोजित करता है। उपरोक्त मुद्दों के साथ शैक्षिक अनुसंधान और शैक्षिक नीति के बीच शैक्षिक संस्थानों में अध्ययन अधिगम और प्रदर्शन के बेहतर लिंकेज को स्थापित करने हेतु यह विभाग अनुसंधान पर बल देता है। अनुसंधान का उद्देश्य केवल शैक्षिक प्रतिभास की जटिलताओं को दर्शाना ही नहीं होता। बल्कि कार्रवाई के लिए संस्तुतियों प्रदान करना भी होता है। समाज में वर्तमान परिवर्तनों और शिक्षा पर इसके प्रभाव को देखते हुए, विभाग समय–समय पर हितधारकों द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए गुंज–यंत्र के रूप में कार्य करता है। विभाग योजनाकारों प्रशासकों, क्रियान्वयनकर्त्ताओं तथा विद्वानों के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करता है जिससे कि वे वर्तमान ढांचे, प्रक्रियाओं और भारत में संगठित शिक्षा के सांस्कृतिक संदर्भ में प्रभावी और नैतिकता से कार्य कर सकें।

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग व्यापक रूप से अधिकार–आधारित और समेकित ढांचे के अंतर्गत समग्र स्कूल शिक्षा, अनौपचारिक और प्रौढ़ साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष बल देता है। यह विभाग बचपन की देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा सहित स्कूली शिक्षा के पूरे क्षेत्र को कवर करना है। इसके अलावा, विभाग के प्रमुख कार्यों में स्कूली शिक्षा, प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षक, अध्यापक प्रशिक्षण आदि क्षेत्रों में केन्द्र और राज्य सरकारों, अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संस्थाओं के लिए अनुसंधान और विकास, शिक्षण, प्रशिक्षण और परामर्शी सेवाएं प्रदान करना है।

विभाग भारत में शैक्षिक विकास को सुधारात्मक और अनुभवजन्य आधार प्रदान करने के लिए प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षक और शिक्षक प्रशिक्षण तथा स्कूली शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में शोध अध्ययन करता है। राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के लिये कार्यशालाएं और क्षमता विकास के कार्यक्रम आयोजित करता है। यह विभाग स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में सह–क्रियात्मक संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ अनुभव और विशेष क्षमताओं को साझा करता है। इसके अतिरिक्त योजना और नीति निर्माण हेतु यह राज्यों को सलाहकारी सेवाएं और समर्थन प्रदान करता है।

यह विभाग संस्थान का एक मुख्य और सबसे पुराना विभाग होने के नाते, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986), कार्यक्रमों का कार्यान्वयन (1992), शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) और सभी के लिए शिक्षा (स.लि.शि.) के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। वर्ष 2007–2011 के दौरान, शैक्षिक पहुंच, पारगमन और समानता पर अनुसंधान के लिए सह–संघ के हिस्से के रूप में विभाग ने (www.create-rpc.org) के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक अन्य बड़ी परियोजना जो भारत में अखिल भारतीय शिक्षा पर मध्य–दशक का आकलन जिसमें प्राथमिक बचपन की देखभाल और शिक्षा पर छह ईएफए लक्ष्यों में से प्रत्येक के लिए राज्य–समीक्षा, प्राथमिक शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा और जीवन कौशल, वयस्क साक्षरता और लैंगिक समानता और कई विषयगत अध्ययन पर एक राष्ट्रीय रिपोर्ट तैयार की गई है। यह विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और केंद्र प्रायोजित शिक्षक शिक्षा (सीएसटीई) के लिए नीतिगत सिफारिशों में भी योगदान दे रहा है।

हाल के वर्षों में, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में, विभाग ने भारत में स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए दो राष्ट्रीय कार्यक्रमों 'स्कूल मानक एवं मूल्यांकन (शाला सिद्धि) और स्कूल नेतृत्व कार्यक्रम' को संस्थागत बनाने का समर्थन किया। इसने अवधारणा, सामग्री विकास और दोनों कार्यक्रमों को सही दृष्टिकोण से लागू करने के लिए 'राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र' और 'स्कूल मानक एवं मूल्यांकन इकाई' की स्थापना करने की सुविधा प्रदान की।

शैक्षिक परिणामों के इस युग में, शिक्षा की गुणवत्ता, प्रदर्शन में सुधार और स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर प्रभावशीलता की मांग में वृद्धि और नीतिगत विचार–विमर्श के केंद्र के रूप में जारी है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार और नींव के रूप में शिक्षा की गुणवत्ता को स्वीकारते हुए, विभाग का लक्ष्य है कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता, स्कूल प्रभावशीलता और सुधार को दीर्घकालिक लक्ष्य के सूचकांक में शामिल किया जाए। विभाग ईसीसी पर महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में भी ध्यान केंद्रित करता है और नीतिगत योजनाओं के लिए साक्ष्य–आधारित सूचनाएं प्रदान करता है।

विभाग के प्रमुख फोकल क्षेत्रः

1. ***शिक्षा के लिए अधिकार आधारित और समावेशी दृष्टिकोण***

   भारत सरकार के शिक्षा का अधिकार अधिनियम के केंद्र बिंदु के रूप में, विभाग समावेशी ढांचे के भीतर शिक्षा के पूर्व–विद्यालय और माध्यमिक स्तर तक इसके विस्तार के लिए पेशेवर सहायता प्रदान करने का प्रयास जारी रखे हुए है।

   आरटीई ढांचे के भीतर शिक्षार्थियों की विविधता भी विभाग के कार्यों के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में जारी है। अधिक विशेष रूप से विकलांग, वंचित और शहरी वंचित शिक्षार्थी अनुसंधान, विकास और प्रशिक्षण के लिए फोकस क्षेत्र के रूप में जारी रहेंगे।

2. ***प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा***

   सभी के लिए शिक्षा और सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि के रूप में प्रारंभिक बचपन के महत्व को स्वीकार करते हुए, विभाग प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा में योजना/प्रबंधन और गुणवत्ता के मुद्दों की खोज में लगा हुआ है; संज्ञानात्मक विकास और स्कूल की भागीदारी पर विशेष ध्यान देने के साथ पोषण और शिक्षा। चूंकि यह क्षेत्र प्राथमिक शिक्षा की सबसे कमजोर कड़ी में से एक रहा है, इसलिए विभाग ईसीसीई क्षेत्र में कानून, शासन और गुणवत्ता को संबोधित करके और ईसीसीई में नीति और प्रथाओं की समीक्षा करके अनुसंधान के दायरे का विस्तार कर रहा है।

3. ***स्कूल की गुणवत्ता और सुधार***

   शिक्षा के बदलते संदर्भ में इसकी प्रभावशीलता और सुधार के संदर्भ में स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए उचित महत्व प्राप्त कर रही है। इस प्रकार, स्कूली शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता की पहल के लिए स्कूलों, इसकी गुणवत्ता और सुधार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षार्थियों के कम प्रदर्शन का प्रमाण स्कूलों को विकासात्मक और सुधार के दृष्टिकोण के रूप में देखने का दबाव बढ़ रहा है। इसलिए, विभाग का केंद्रीय ध्यान स्कूल गुणवत्ता सूचकांक, स्कूल मानकों और मूल्यांकन ढांचे, स्कूल

सुधार दिशानिर्देशों के निर्धारकों की ओर जारी रहेगा। यह स्कूलों की विकासात्मक आवश्यकताओं की कुंजी के रूप में स्कूल की जवाबदेही और पारदर्शिता पर और ध्यान केंद्रित करेगा। चूंकि विभाग एसएसए और आरएमएसए के कार्यान्वयन के लिए लगातार अकादमिक समर्थन और परामर्श प्रदान कर रहा है, नए ज्ञान और अवधारणाओं की पीढ़ी नए दृष्टिकोण के साथ कार्यक्रम का समर्थन करेगी।

4. *शिक्षक प्रबंधन, प्रभावशीलता और विकास*

शिक्षक प्रबंधन और विकास की केंद्रीयता को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा और स्कूल प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए प्रमुख संकेतकों में से एक माना जाता है। भारत और विश्व स्तर पर हाल के शोध से पता चला है कि शिक्षक प्रभावशीलता छात्र सीखने का सबसे महत्वपूर्ण स्कूल–आधारित भविष्यवक्ता है। शिक्षक की गुणवत्ता को तीन व्यापक प्रारूपों में रखा जा सकता है – आपूर्ति और मांग के मुद्दे शिक्षकों की तैयारी और सबसे बड़ी क्षमता वाले शिक्षकों की पहचान करना और उन्हें बनाए रखना। शिक्षकों की उभरती हुई भूमिकाएँ, उनकी शैक्षणिक समझ, शिक्षण की प्रथाएँ, उनके कार्य संदर्भ और शैक्षिक हितधारकों के साथ संबंध के लिए शिक्षक विकास और प्रबंधन की वास्तविकताओं के बारे में हम जो जानते हैं, उसे सावधानीपूर्वक समझने और जाँचने की आवश्यकता है। योग्य शिक्षकों की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, विभाग प्राथमिक और माध्यमिक दोनों स्तरों पर शिक्षक प्रबंधन के मुद्दों के विभिन्न पहलुओं पर राष्ट्रीय स्तर के प्रवचन और शोध अध्ययन में लगा हुआ है। इन शोध एजेंडा को जारी रखते हुए, अनुसंधान और विकास के दायरे में शिक्षक प्रभावशीलता और सुधार, शिक्षक प्रदर्शन प्रबंधन और मूल्यांकन, शिक्षक जवाबदेही और आचार संहिता और शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास शामिल होंगे।

5. *शिक्षक शिक्षा का शासन और प्रबंधन*

पिछले एक दशक के दौरान शिक्षक शिक्षा प्रणाली पाठ्यक्रम सुधार और अवधि, मानदंडों और मानकों आदि पर कानूनी सिफारिशों को लागू करने के माध्यम से अपने कार्यक्रम की गुणवत्ता को संबोधित करने और सुधारने के लिए संघर्ष कर रही है। शिक्षक शिक्षा में सुधार के लिए बढ़ती रुचि और चिंताओं के बावजूद और शिक्षक की गुणवत्ता में सुधार, प्रणाली में कई कमियों की विशेषता बनी हुई है।

विभाग शिक्षक शिक्षा एवं विकास की नीति निर्माण एवं नियोजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विभाग ने न केवल शिक्षक शिक्षा की केन्द्र प्रायोजित योजना के मूल्यांकन अध्ययन में योगदान दिया, बल्कि विभिन्न योजना अवधियों में शिक्षक शिक्षा नीति के निर्माण का भी समर्थन किया। शिक्षक शिक्षा पर जे एस वर्मा समिति की रिपोर्ट तैयार करना और शिक्षक और शिक्षण पर राष्ट्रीय मिशन (पंडित मदन मोहन मालवीय योजना) पर रिपोर्ट का विकास विभाग और नीपा द्वारा महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप हैं।

शिक्षक शिक्षा में शासन, विनियमन और गुणवत्ता आश्वासन अनुसंधान और विकास के लिए उपेक्षित क्षेत्र के रूप में जारी है। इस परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, विभाग शिक्षक शिक्षा को बदलने के लिए सही नीतिगत दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए अनुसंधान, विकास और राष्ट्रीय विचार–विमर्श पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

6. *स्कूल नेतृत्व*

स्कूल की गुणवत्ता में परिवर्तन और परिवर्तन के प्रबंधन और छात्रों के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए स्कूल नेतृत्व की भूमिका भारत के नीतिगत विमर्श में गति प्राप्त कर रही है। तदनुसार, विभाग पहले नेतृत्व विकास कार्यक्रम में मौजूदा अंतर को पकड़ने और विभिन्न राज्यों द्वारा संस्थागत किए जाने वाले स्कूल नेतृत्व पर एक रूपरेखा विकसित करने में लगा हुआ था। विभाग ने नेशनल कॉलेज ऑफ स्कूल लीडरशिप, नॉटिंघम के साथ मिलकर यूकेईआरआई द्वारा वित्त पोषित परियोजना में योगदान दिया और नीपा में स्कूल लीडरशिप के लिए एक केंद्र स्थापित करने के लिए समर्थन दिया। केंद्र के लिए परिप्रेक्ष्य

योजना अलग से तैयार की गई है। विभाग, अपने प्रयास को जारी रखते हुए, 'शिक्षक नेतृत्व' को केंद्र स्तर पर लाकर 'शैक्षिक नेतृत्व' पर ध्यान केंद्रित करेगा।

7. *नागरिक संघर्ष क्षेत्रों और सुरक्षित स्कूल में शिक्षा*

स्कूल परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपकरण के रूप में सुरक्षित स्कूल को ध्यान में रखते हुए, विभाग विभिन्न हितधारकों के बीच नए सिरे से समझ पैदा करने के लिए प्रशिक्षण सामग्री, क्षमता विकास और विचार–विमर्श विकसित करने में लगा हुआ है।

8. *प्रौढ़ शिक्षा और साक्षरता*

विभाग नीति निर्माण और साक्षरता और आजीवन सीखने के कार्यक्रमों की योजना बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

विभाग ने इन फोकल क्षेत्रों को लंबी, मध्यम और अल्पकालिक रणनीतियों के रूप में नीपा के 'परिप्रेक्ष्य योजना' के मसौदे से तैयार किया है। हालांकि विभाग हमेशा ईएफए, एमडीजी और एसडीजी जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों द्वारा दी गई सिफारिशों का पालन कर रहा है, लेकिन प्रमुख कार्यक्रमों को सरकार की तत्काल आवश्यकता के रूप में प्रस्तावित किया गया है और सभी शिक्षार्थियों के लिए शिक्षा के परिणामों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार के लिए उनकी सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि।

उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग

यह विभाग वर्षों से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को लगातार अनुसंधानात्मक अनुसमर्थन और नीतिगत सुझाव प्रदान करता रहा है। विभाग के विश्व व्यापार संगठन कक्ष ने गेट्स के अंतर्गत प्राप्त अनुरोधों के विश्लेषण और भारत की सहमति की पुष्टि करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। विभाग ने उच्चतर शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के विविध आयामों पर अध्ययन किया और उन पर विमर्श हेतु संगोष्ठियां आयोजित की तथा उनके निष्कर्षों का प्रसारण किया। यह विभाग उच्चतर शिक्षा के लिये विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं को अंतिम रूप देने में सहयोग करता रहा है। यह विभाग विशेषज्ञों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संकायाध्यक्षों और कुलसचिवों के सम्मेलन और संगोष्ठियों के आयोजन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का सहयोग करता रहा है। इस विभाग ने कार्य निष्पादन आधारित उच्चतर शिक्षा पर विश्व सम्मेलन आयोजित करने हेतु यूनेस्को क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन और भारतीय उच्चतर शिक्षा में कार्य निष्पादन आधारित वित्त पोषण पर योजना आयोग – विश्व बैंक प्रायोजित संगोष्ठियों के आयोजन में भी सहयोग किया है। वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत यह विभाग विभिन्न श्रेणियों के कॉलेज प्राचार्यों के लिये नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। विभाग विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच के विभिन्न आयामों तथा अकादमिक सुधार पर संगोष्ठियां आयोजित करने में अकादमिक समर्थन प्रदान करता है। यह विभाग संस्थान के शैक्षिक योजना और प्रशासन पर एम.फिल. तथा पी–एच.डी. और डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए शोध कार्यों के निष्पादन में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और इसके शोधार्थियों का अतिरिक्त शोधनिर्देशन कर रहा है।

शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विभाग

विभाग अपने प्रशासकों की क्षमता में सुधार के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है। विशेषतौर से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रगति कर रहे शैक्षिक सुधारों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और नीतियों को स्पष्ट करने तथा अधिष्ठापन और प्रोन्नत स्तर पर प्रशिक्षुओं की जरूरतों के आधार पर कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। इस विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा कर्मियों के लिए दो डिप्लोमा कार्यक्रम शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) और शैक्षिक योजना और प्रशासन में अन्तर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) मॉड्यूलर पाठ्यक्रम आयोजित करता है। विभाग प्रतिवर्ष एक महीने के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम इंटरनेशनल प्रोग्राम फॉर एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेटर (आईपीईए) को विशेष रूप से मध्यम स्तर के शैक्षिक प्रशासकों के लिए

आयोजित करता है। इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय अनुरोध/प्रायोजित कार्यक्रमों को विभाग द्वारा अन्य विभागों/व्यक्तिगत संकाय सदस्यों से अकादमिक समर्थन प्राप्त करने के लिए आयोजित किए जाते हैं। विभाग का उद्देश्य विभिन्न क्षमता निर्माण स्तरों पर प्रशिक्षित टीमों का एक महत्वपूर्ण समूह बनाना है, जो शैक्षिक नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन में सुधार के लिए आवश्यक सूचनाओं और कौशल तथा क्षमता विकास के हस्तक्षेप के लिए व्यक्तिगत और राज्य/केंद्रशासित प्रदेश/जिला स्तर की टीमों और संस्थानों की क्षमता सहित, एक महत्वपूर्ण घटक का गठन करता है। मंत्रालयों, राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के शिक्षा विभागों और राष्ट्रीय और राज्य/जिला स्तर के संस्थानों को तकनीकी सहायता और परामर्शी सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से क्षमता विकास किया जाता है। विभाग शिक्षा में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की रणनीतियों के अलावा मूल्यांकन अध्ययन करने की आवश्यकता पर अनुसंधान भी करता है।

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग शोध और क्षमता विकास संबंधित कार्य करता है और भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों की शिक्षा का आंकड़ा आधार और प्रबंधन सूचना प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी परामर्श देता है। यह विभाग भारत में प्रारंभिक शिक्षा की प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम आई एस) और आंकड़ा आधार को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यूनीसेफ के सहयोग से जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डाइस) का प्रबंधन करता है। इसके अलावा यह विभाग शैक्षिक सांख्यिकी के मुद्दों और शिक्षा के समकालीन मुद्दों पर सम्मेलन/संगोष्ठियां और शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधियों पर कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और सांख्यिकी तथा शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली पर परामर्श प्रदान करता है। विभाग के संकाय सदस्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली के निर्माण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति में सक्रिय रूप से शामिल हैं। तद्नुसार स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली की दिशा में वर्ष 2012–13 से देशभर में समान आंकड़ा प्रपत्र में पहले कदम के रूप में डाइस और सेमीस का समेकित आंकड़ा संगृहित किया गया है। वर्ष 2015–16 के दौरान स्कूल शिक्षा प्रदान कर रहे 1.5 मिलियन स्कूलों से आंकड़ा एकत्र किए गए।

इस विभाग द्वारा आयोजित कुछ कार्यक्रमों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के विषय में एजुसेट द्वारा डाइस पर संवेदनशीलता कार्यक्रम, शैक्षिक शोध में डाइस आंकड़ों का उपयोग और स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली आदि शामिल हैं। यह विभाग विकासशील देशों के लिए ईएमआईएस पर सुनियोजित पाठ्यक्रम के साथ–साथ पीजीडेपा के भाग के रूप में शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधि पर पाठ्यक्रम का अध्यापन करता है। विभाग का संकाय ईएमआईएस और स्कूली शिक्षा से संबंधित पक्षों पर भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवाएं प्रदान करता है।

विशेष पीठ

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ

यह पीठ स्वतंत्र भारत के शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के पहले मंत्री मौलाना आज़ाद के योगदान को स्मरण करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में स्थापित किया गया है। पीठ का मुख्य अनुसंधान क्षेत्र 1950 के दशक के अंतिम वर्षों के दौरान मौलाना आजाद के योगदान की खोज करते हुए एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के विकास पर अध्ययन करना है। यह पीठ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष, मौलाना आजाद स्मारक व्याख्यान का आयोजन करता है। यह पीठ मौलाना आज़ाद के दर्शन और वैश्विक विचारों व अन्य संबंधित मुद्दों पर राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन भी करता है।



केंद्र

राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र

राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र (एनसीएसएल) मुख्य रूप से चार अलग–अलग घटकों पर काम करता है। पाठ्यक्रम और सामग्री विकास, क्षमता निर्माण, नेटवर्किंग और संस्थागत निर्माण तथा अनुसंधान और विकास। अपने अस्तित्व के पिछले सात वर्षों में, केंद्र ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल नेतृत्व विकास कार्यक्रमों को शुरू करने में सक्षम बनाया है।

वर्ष 2019–2020 में, एनसीएसएल स्कूलों में गुणवत्ता सुधार के लिए विश्व के सबसे बड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम ''निष्ठा''– नेशनल इनिशिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट– में गहराई से लगा हुआ था। यह मा.सं.वि. मंत्रालय की मेगा पहल जिसका लक्ष्य देश भर में लगभग 42 लाख शिक्षकों और स्कूल प्रमूखों की क्षमता का निर्माण करना है। एनसीएसएल ने स्कूल नेतृत्व पैकेज के विस्तृत सत्र विवरण के अलावा स्कूल प्रमुखों और प्रणाली स्तर के पदाधिकारियों के लिए स्कूल नेतृत्व विकास पर एक मॉड्यूल तैयार किया। एनसीएसएल संकाय ने उन सभी राज्यों का दौरा किया जहां स्कूल प्रमुखों के क्षमता निर्माण हेतु उनके स्कूलों को बदलने के लिए एक मजबूत राज्य संसाधन समूह बनाने के लिए कार्यक्रम लागू किया था। राज्यों में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर लगभग 80 दौर के प्रशिक्षण में एनसीएसएल के शिक्षकों ने अथक रूप से भाग लिया और पाठ्यक्रम का संचालन किया। राज्यों में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने के लिए, एनसीएसएल ने 27 राज्यों में स्कूल लीडरशिप अकादमियों (एसएलए) की स्थापना की जिनका मुख्य कार्य केंद्र की विस्तारित शाखा के रूप क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन, दस्तावेज नेतृत्व प्रथाओं का संचालन और विभिन्न संसाधन सामग्री को भी प्रासंगिक बनाना है। एनसीएसएल संकाय द्वारा 2019–2020 में स्कूल नेतृत्व विकास पर नया कार्यक्रम ''किशोर मंच'' का डीटीएच टीवी चैनल#31 स्वयंप्रभा और ''एनसीईआरटी आधिकारिक'' यूट्यूब चैनल पर प्रत्येक शुक्रवार, 16:45–17:15 बजे छियालीस एपिसोडों/सत्रों का सीधा प्रसारण किया गया जिन्हें स्कूल प्रमुखों, शिक्षकों और शैक्षणिक व्यवसाय से जुड़े पेशेवरों ने देखा। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष एनसीएसएल ने आईईएस–2018 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग से एक अनुरोध कार्यक्रम आयोजित की और केवीएस, एनवीएस, सीबीएसई, आश्रम स्कूल और केजीबीवी के स्कूल प्रमुखों और प्रणाली स्तर के अधिकारियों के लिए एक राष्ट्रीय सलाहकार बैठक

का आयोजन किया। कार्यान्वयन योजना (2019–2020) के लिए स्कूल नेतृत्व अकादमियों के उन्मुखीकरण और मूल्यांकन ढांचे पर कार्यशाला भी आयोजित की गई।

स्कूलों में गुणवत्ता सुधार पर केंद्र का वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का नीपा के कुलपति प्रो. एन.वी. वर्गीज की अध्यक्षता सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्घाटन श्री अमित खरे, शिक्षा सचिव, उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा और साक्षरता, मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार ने किया। . इस सम्मेलन में एनसीएसएल संकाय और कर्मचारियों सहित पचास स्कूल प्रमुखों और पंद्रह शैक्षिक पेशेवरों ने भाग लिया।

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र (सीपीआरएचई)

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र (सीपीआरएचई) (http://cprhe.niepa.ac.in/) की स्थापना राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) में एक स्वायत्त विशेष शैक्षणिक केंद्र के रूप में की गई थी ताकि अनुभवजन्य विश्लेषण; और भारत में उच्च शिक्षा में नीति और नियोजन का समर्थन और अनुसंधानों को बढ़ावा दिया जा सके। सीपीआरएचई का लक्ष्य एक ज्ञान भंडार के रूप में, जो उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और विश्लेषण का अत्याधुनिक केंद्र है; और भारत में उच्च शिक्षा के विकास और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विद्वानों की नीति व्याख्यानों को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा पर एक थिंक–टैंक के रूप में सेवा करना है। सीपीआरएचई का व्यापक मिशन भारत में शिक्षा के विकास के लिए तैयार की गई नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के निर्माण के लिए आवश्यक ज्ञान के सृजन, साझा और अनुप्रयोग में योगदान देना है। केंद्र कई अंतर–संबंधित क्षेत्रों में वर्तमान राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर अपने प्रयासों में, उच्च शिक्षा के प्रावधान का विस्तार और सुधार; इक्विटी और समावेश सुनिश्चित करना; गुणवत्ता और प्रासंगिकता में सुधार; और शासन और प्रबंधन में सुधार को केंद्रित करेगा। साथ ही, भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली को सक्षम बनाने के लिए उच्च शिक्षा के सभी पहलुओं में उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है।

सीपीआरएचई गतिविधियाँ 2019–20

सीपीआरएचई कार्यक्रम और गतिविधियाँ मुख्य रूप से अनुसंधान विषयों के इर्दगिर्द एकीकृत और केंद्रित हैं जिन्हें केंद्र की परिप्रेक्ष्य योजनाओं में प्राथमिकता दी जाती है। वर्ष 2019–20 के लिए सीपीआरएचई गतिविधियों की योजना जनवरी 2017 में तैयार करके, यूजीसी और एमएचआरडी को सौंपी गई कार्यक्रम रूपरेखा और कार्य योजना के अनुसार निम्न हैं। वर्ष 2019–20 में सीपीआरएचई गतिविधियों मौजूदा अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने, राष्ट्रीय संश्लेषण रिपोर्ट और राज्य अनुसंधान रिपोर्ट को अंतिम रूप देने, विशेषज्ञ समिति की बैठकों, कार्यप्रणाली कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन करने पर केन्द्रित थीं। वर्ष 2019–20 में केंद्र की नियमित

प्रकाशन गतिविधियों में इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट (सेज द्वारा प्रकाशित), सीपीआरएचई रिसर्च पेपर सीरीज, सीपीआरएचई अनुसंधान पर आधारित नीति संक्षेप और सीपीआरएचई अनुसंधान रिपोर्ट प्रकाशित की गई। गतिविधियों का विवरण नीचे वर्णित है:

अनुसंधान

अनुभवजन्य अनुसंधान अपने संकाय सदस्यों द्वारा किए गए सीपीएचआरई की सबसे प्रमुख गतिविधि है। सीपीएचआरई ने अनुभवजन्य अध्ययनों के पहले चक्र को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है जिसमें उच्च शिक्षा में छात्र विविधता और सामाजिक समावेश; भारतीय उच्च शिक्षा में अध्यापन और अधिगम; भारत में उच्च शिक्षा का अभिशासन और प्रबंधन; भारत में सार्वजनिक उच्च शिक्षा संस्थानों का वित्तपोषण: धन प्रवाह और उनका उपयोग; संस्थागत स्तर पर बाहरी और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन और उच्च शिक्षा स्नातकों की रोजगार और रोजगारशीलता का अध्ययन से संबंधित विषयों को शामिल किया गया है। ये बड़े पैमाने पर बहु–संस्थागत अध्ययन भारत के 22 राज्यों में स्थित चुनिंदा संस्थानों में लागू किए गए हैं। करीब 33 शोध रिपोर्ट तैयार की जा चुकी हैं और अंतिम रूप देने के विभिन्न चरणों में हैं।

मा.सं.वि. मंत्रालय/यूजीसी के अनुरोध पर अनुसंधान परियोजनाएं: सीपीएचआरई अनुसंधान अध्ययनों के अलावा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अनुरोध पर अनुसंधान अध्ययन और मूल्यांकन कर रहा है। जिसमें 4.8 मिलियन उम्मीदवारों के राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के परिणामों का विश्लेषण; पीएमएमएमएनएमटीटी योजना के कार्यान्वयन का मूल्यांकन; भारत में विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों के बीच उच्च शिक्षा संस्थानों की अधिपूर्ति और एकाग्रता का अध्ययन; 1949 में (मा.सं.वि. मंत्रालय के अनुरोध पर) भारत सरकार द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसरशिप (एनआरपी) योजना का मूल्यांकन और यूजीसी के लिए राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क (एनएचईक्यूएफ) पर अवधारणा नोट तैयार किया।

वर्ष 2019–20 में, मा.सं.वि. मंत्रालय के अनुरोध पर, सीपीएचआरई ने भारत में निजी मानद् विश्वविद्यालयों में शुल्क नियंत्रण से संबंधित मुद्दों पर अध्ययन पूरा किया। यह परियोजना पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और राजस्थान राज्यों में लागू की गई थी। रिपोर्ट मा.सं.वि. मंत्रालय को सौंप दी गई है और अध्ययन से एक सीपीएचआरई शोध पत्र तैयार किया जा रहा है।

यूजीसी के अनुरोध पर, केंद्र विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में एससी/एसटी/ओबीसी अल्पसंख्यकों के लिए कोचिंग योजनाओं का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन अध्ययन कर रहा है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, गुजरात, केरल, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, मेघालय, त्रिपुरा राज्यों में कार्यान्वित की जा रही है। रिपोर्ट लेखन जारी है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के अनुरोध पर, सीपीआरएचई वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र विविधता और सामाजिक समावेश के आयामों पर मॉड्यूल तैयार कर रहा है। मॉड्यूल मुख्य रूप से सीपीआरएचई शोध अध्ययन पर आधारित हैं, जिसका शीर्षक 'नागरिक अधिगम और लोकतांत्रिक कार्यों के लिए उच्च शिक्षा: उच्च शिक्षा संस्थानों में विविधता और भेदभाव का अध्ययन' है। मॉड्यूल का उद्देश्य छात्र शिक्षा, शैक्षिक एकीकरण और सामाजिक समावेश से संबंधित मुद्दों पर उच्च शिक्षा में संकाय और प्रशासकों को संवेदनशील बनाना है, जिसमें नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक जुड़ाव में उच्च शिक्षा की भूमिका शामिल है। मॉड्यूल निम्नलिखित विषयों पर विकसित किए जा रहे हैं:

मॉड्यूल 1: उच्च शिक्षा में छात्र विविधता और सामाजिक समावेश: अवधारणा और दृष्टिकोण

मॉड्यूल 2: उच्च शिक्षा में छात्र विविधता का वर्गीकरण

मॉड्यूल 3: परिसरों पर अकादमिक एकीकरण प्राप्त करने के लिए दृष्टिकोण

मॉड्यूल 4: उच्च शिक्षा में भेदभाव के रूप

मॉड्यूल 5: परिसर में सामाजिक समावेश

मॉड्यूल 6: छात्र विविधता के प्रबंधन के लिए संस्थागत तंत्र

मॉड्यूल 7: छात्र विविधता, नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक कार्य

मॉड्यूलों की तैयारी कार्य प्रगति पर है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाएं: वर्ष 2019–20 में, सीपीआरएचई ने दो अंतरराष्ट्रीय सहयोगी परियोजनाओं पर भी शोध शुरू किया, ये हैं: (अ) उच्च शिक्षा में सुविधाजनक अधिगम मार्गों की योजना बनाना आईआईईपी–यूनेस्को, पेरिस के सहयोग से और (ब) असमानताएं और उच्च शिक्षा: सार्वजनिक नीतियों और निजी क्षेत्र के विकास के मध्य असमानता (ईएसपीआई, पेरिस के सहयोग से वित्त पोषित)।

नये अनुसंधान परियोजनाएं: वर्ष 2019–20 में, सीपीएचआरई संकाय सदस्यों ने अनुसंधान अध्ययन के दूसरे दौर पर अनुसंधान प्रस्ताव विकसित किए जो सीपीएचआरई कार्यक्रम ढांचे और कार्य योजना में चिन्हित क्षेत्रों में हैं। दूसरे दौर के अनुसंधान के लिए सीपीआरएचई अनुसंधान प्रस्तावों को केन्द्र की कार्यकारी समिति (ईसी) के फरवरी 2020 में हुई बैठक में सम्मानित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यकारी समिति के सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर, निम्नलिखित विषयों पर नए शोध प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

i) महाविद्यालयों की तैयारी और भारतीय उच्च शिक्षा में छात्र सफलता
ii) भाषा और असमानताएं: भारतीय उच्च शिक्षा में शिक्षण माध्यम का अध्ययन
iii) उच्च शिक्षा में नया प्रबंधवाद: भारत में सार्वजनिक उच्च शिक्षा संस्थानों के बदलते प्रबंधन
iv) तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा का वित्तपोषण: भारत में सार्वजनिक और निजी उच्च शिक्षा संस्थानों का तुलनात्मक अध्ययन
v) भारतीय उच्च शिक्षा में शिक्षण अधिगम के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी का एकीकरण
vi) उच्च शिक्षा में शिक्षाविदों का व्यवसायीकरण

प्रकाशन

अनुसंधान के अलावा, वर्ष 2019–2020 में सीपीआरएचई द्वारा चार नियमित गतिविधियाँ की गईं। इनमें सेज द्वारा प्रकाशित इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट (आईएचईआर) तैयार करना और उसे अंतिम रूप देना, रिसर्च पेपर सीरीज का प्रकाशन, सीपीआरएचई नीति संक्षेप तैयार करना और सीपीआरएचई अनुसंधान के विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन शामिल है।

भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट: सीपीआरएचई भारत में उच्च शिक्षा क्षेत्र के वर्तमान मुद्दों और चुनौतियों पर आधारित आईएचईआर रिपोर्ट के चार अंकों का प्रकाश्न कर चुका है। जिनमें समानता, शिक्षण–अधिगम, गुणवत्ता और उच्च शिक्षा के वित्तपोषण शामिल हैं। वर्ष 2019–20 में, भारत में उच्च शिक्षा के शासन और प्रबंधन पर पांचवें आईएचईआर को अंतिम रूप दिया गया और अब सेज में प्रकाशनाधीन है। इसके अलावा वर्ष 2019–20 में, सीपीआरएचई ने छठी भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट (आईएचईआर) 2020 की तैयारी शुरू की जो उच्च शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारपरकता पर केंद्रित है। रिपोर्ट सेज द्वारा प्रकाशित किए जाने के लिए तैयार है। सीपीआरएचई की योजना 'भारत में निजी उच्च शिक्षा'' विषय पर भारत उच्च शिक्षा रिपोर्ट 2021 (आईएचईआर 2021) का अगला अंक प्रगति पर है।

सीपीआरएचई अनुसंधान आलेख श्रृंखला: केंद्र अनुसंधान आलेख श्रृंखला नामक एक नियमित प्रकाशन करता है। जिसके तहत केंद्र पहले बारह आलेख प्रकाशित कर चुका है। 2019–20 में, सीपीआरएचई ने भारत में उच्च शिक्षा में समानता और समावेशन विषय पर बारहवां शोध पत्र प्रकाशित किया। निजी उच्च शिक्षा संस्थानों में शुल्क निर्धारण पर तेरहवां सीपीआरएचई शोध आलेख मुद्रण में है।

नीति संक्षेप: सीपीआरएचई अनुसंधान चक्र में, चयनित शोध विषयों पर नीतिगत संक्षिप्त विवरण तैयार कर संस्थागत परिवर्तन के लिए संस्थागत स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया के साथ अनुसंधान–आधारित जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण तंत्र माना जाता है। नीति के संक्षिप्त विवरण मुख्य रूप से केंद्र द्वारा पूर्ण किए गए शोध अध्ययनों और अन्य संगठनों द्वारा समान अध्ययनों पर आधारित होते हैं। वर्ष 2019–2020 में ''नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक जुड़ाव के लिए उच्च शिक्षा: उच्च शिक्षा संस्थानों में विविधता और भेदभाव का एक अध्ययन' के निष्कर्षों के आधार पर, सीपीएचआरई नीति संक्षेप 1: भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच को समान करना; सीपीआरएचई नीति संक्षेप 2: भारत में उच्च शिक्षा में अकादमिक एकीकरण हासिल करना; सीपीआरएचई नीति संक्षेप 3: भारत में सामाजिक रूप से समावेशी उच्च शिक्षा परिसरों का विकास; इनका हिंदी में अनुवाद किया गया और यूजीसी की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया। यूजीसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए पॉलिसी ब्रीफ का लिंक निम्नलिखित है:

https://www.ugc.ac.in/pdfnews/8714294_CPRHE-POLICY-BRIEF-1-Diversity-and-Inclusion-in-HE.pdf

https://www.ugc.ac.in/pdfnews/4755136_CPRHE-POLICY-BRIEF-2-Diversity-and-Inclusion-in-HE.pdf

https://www.ugc.ac.in/pdfnews/0373387_CPRHE-POLICY-BRIEF-3-Diversity-and-Inclusion-in-HE.pdf

अनुसंधान रिपोर्ट: केंद्र द्वारा पूर्ण किए गए शोध अध्ययनों के आधार पर, सीपीएचआरई शोध रिपोर्ट प्रकाशित करता है। सीपीएचआरई द्वारा 33 शोध रिपोर्ट तैयार की गई हैं, जिसमें मा.सं.वि. मंत्रालय और यूजीसी के अनुरोध पर अनुसंधान अध्ययनों के लिए रिपोर्ट, और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं के शोध रिपोर्ट और मोनोग्राफ शामिल हैं। वर्ष 2019–20 में, कुछ राज्य अनुसंधान रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया गया और सीपीआरएचई की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

सेमिनार और बैठकें

अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार: केंद्र हर साल विशिष्ट विषयों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करता है, जिसका उद्देश्य उच्च स्तर से संबंधित विषयों के साथ–साथ शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को वैश्विक स्तर पर काम करना है। सीपीआरएचई ने ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से छह अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किए हैं। ''उच्च शिक्षा में अभिशासन और स्वायत्तता पर छठा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 20 और 21 फरवरी 2020 को आयोजित की गई। सीपीएचआरई प्रत्येक संगोष्ठी पर एक विषयगत रिपोर्ट लाता है और चयनित आधार पर एक वास्तविक योजना भी बनाता है। संगोष्ठी में प्रस्तुत शोधपत्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में होने वाली चर्चाओं से उभरने वाली कार्यवाही और विषयों पर सात सीपीएचआरई संगोष्ठी रिपोर्ट प्रकाशित की गई हैं। वर्ष 2019–20 में, 2018 में आयोजित ''उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता'' शीर्षक से अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की सीपीआरएचई संगोष्ठी रिपोर्ट, और 2019 में आयोजित ''उच्च शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारपरकता'' शीर्षक से अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की सीपीआरएचई संगोष्ठी रिपोर्ट प्रकाशित की गई।

नॉर्डिक–इंडिया हायर एजुकेशन समिट: भारत में नॉर्डिक सेंटर (एनसीआई) के सहयोग से, केंद्र ने 31 अक्टूबर, 2019 को पहला नॉर्डिक–भारत उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन आयोजित किया। इसके आयोजन से भारत और नॉर्डिक देशों के शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाया गया। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य उच्च शिक्षा के अवसरों के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर नॉर्डिक–भारत संबंधों को प्रोत्साहित करना और बढ़ावा देना था।

अनुसंधान कार्यशालाएं और बैठकें: वर्ष 2019–20 में, केंद्र ने उच्च शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारशीलता पर आईएचईआर 2020 के लेखकों की दो सहकर्मी समीक्षा बैठकें आयोजित कीं। सीपीआरएचई अनुभवजन्य अनुसंधान परियोजना से संबंधित सहकर्मी–समीक्षा बैठकों के अलावा अन्य बैठकें (जैसे विशेषज्ञ समिति की बैठकें, अनुसंधान उपकरण विकास कार्यशालाएं और अनुसंधान पद्धति बैठकें), भी आयोजित करता है। केंद्र ने राज्य उच्च शिक्षा परिषदों (एसएचईसी) के साथ नियमित परामर्श बैठकें भी आयोजित की हैं। उच्च शिक्षा की राज्य परिषदों की रूसा के क्रियान्वयन और राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा के व्यापक विकास में भूमिका के साथ–साथ राज्य स्तर की योजनाएं राज्यों में उच्च शिक्षा के समन्वित विकास के लिए मुख्य है। एसएचईसी बैठकों में आम तौर पर राज्य परिषदों के उपाध्यक्ष, राज्यों में कॉलेजिएट शिक्षा निदेशालय और उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं। वर्ष 2019–2020 में, 24 और 25 मार्च, 2020 को होने वाली एसएचईसी बैठक को कोविड–19 महामारी की स्थिति के कारण स्थगित करना पड़ा।

नीति समर्थन

सीपीएचआरई नियमित रूप से मा.सं.वि. मंत्रालय, यूजीसी, नीति आयोग और अन्य नीति निर्माताओं और उच्च शिक्षा के नियामकों के अनुरोध पर नीतिगत दस्तावेज तैयार करना, अनुसंधान और मूल्यांकन अध्ययन करके नीतिगत समर्थन भी प्रदान करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया में, केंद्र ने टीएसआर सुब्रमण्यम समिति (शिक्षा नीति तैयार करने के लिए गठित समिति) के लिए विभिन्न विषयों पर व्यापक रूप से दस्तावेज तैयार किए, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (कस्तूरीरंगन समिति) के लिए मसौदा समिति की चर्चाओं में भाग लिया और भारत में उच्च शिक्षा के लिए एक रैंकिंग फ्रेमवर्क विकसित करने में मदद की।

अतिथि अध्येता कार्यक्रम

भारत और विदेशों से अंतरराष्ट्रीय संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों को आकर्षित करने और उनकी मेजबानी के उद्देश्य से केंद्र ने तय शर्तों के साथ अतिथि अध्येताओं को आमंत्रित करने का प्रावधान किया है। केन्द्र के पहले विजिटिंग प्रोफेसर विलियम जी. टियरनी थे, जो विश्व स्तर पर उच्च शिक्षा के प्रसिद्ध प्रोफेसर हैं और वर्तमान में उच्च शिक्षा के विल्बर–कैफर प्रोफेसर और सह–निदेशक, पुलियास सेंटर फॉर हायर एजुकेशन, रॉसियर स्कूल ऑफ एजुकेशन, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रोफेसर हैं। वर्ष 2019–20 में, सीपीआरएचई ने प्रोफेसर विलियम जी. टियरनी की फिर से एक अतिथि प्रोफेसर के रूप में मेजबानी की। सीपीआरएचई ने संकाय सदस्यों डा. हेंडरसन, इंस्टीट्यूट ऑफ वारविक और रिसर्च फेलो, सुश्री अंजलि थॉमस, इंस्टिट्यूट ऑफ वारविक, यूके, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टिस्स) से पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस के स्नातक छात्र श्री शशांक एस.आर., और सुश्री अंजलि अनिल की भी मेजबानी की। फरवरी 2020 में, सीपीआरएचई को प्रोफेसर तेबोहो मोहजा की मेजबानी करने का अवसर मिला, जो एक प्रोफेसर और कार्यक्रम निदेशक, उच्च शिक्षा, न्यूयॉर्क संस्थान से हैं।

वर्ष 2019–20 के दौरान सीपीआरएचई प्रकाशनों की सूची

सीपीआरएचई द्वारा निकाले प्रकाशनों की सूची नीचे दी गई है। इस सूची में अकादमिक पत्रिकाओं और पुस्तकों में व्यक्तिगत संकाय सदस्यों द्वारा कई प्रकाशन शामिल नहीं हैं। संकाय सदस्यों का व्यक्तिगत योगदान पृष्ठ संख्या 9 से प्रारंभ होता है।

भारत उच्चतर शिक्षा रिपोर्ट

1. *भारतीय उच्चतर शिक्षा रिपोर्ट (आईएचईआर) 2020: भारत में उच्च शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारशीलता* एन.वी. वर्गीज और मोना खरे द्वारा संपादित (सेज द्वारा प्रकाशन हेतु प्रकाशनाधीन)।
2. *भारतीय उच्चतर शिक्षा रिपोर्ट (आईएचईआर) 2019: उच्च शिक्षा का अभिशासन और प्रबंधन* एन.वी. वर्गीज और गरिमा मलिक द्वारा संपादित (सेज द्वारा प्रकाशन हेतु प्रकाशनाधीन)।
3. *भारत उच्चतर शिक्षा रिपोर्ट (आइएचईआर) 2018: उच्च शिक्षा का वित्तपोषण,* एन.वी. वर्गीज और जिणुशा पाणिग्रही द्वारा संपादित, सेज, नई दिल्ली, 2019।

सीपीआरएचई शोध पत्र श्रृंखला

शोध पत्रों की सूची इस प्रकार है:

1. *'निजी उच्च शिक्षा संस्थानों में शुल्क: भारत में मानद् विश्वविद्यालयों का अध्ययन'*, जिणुशा पाणिग्रही, सीपीआरएचई शोध पत्र 13, नई दिल्ली, सीपीआरएचई/नीपा। (आगामी)।
2. *'भारत में उच्च शिक्षा में समानता और समावेशन',* एन.वी. वर्गीज़, निधि एस. सभरवाल और सी.एम. मलिश, सीपीआरएचई शोध पत्र 12, सीपीआरएचई/नीपा, नई दिल्ली, 2019।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी रिपोर्ट श्रृंखला

1. *''उच्च शिक्षा में अभिशासन और स्वायत्तता'' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी रिपोर्ट,* एन.वी. वर्गीज और गरिमा मलिक (ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से आयोजित), सीपीआरएचई/नीपा, नई दिल्ली। (प्रकाशनार्थ तैयारी)
2. *''उच्च शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारशीलता'' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी रिपोर्ट,* एन.वी. वर्गीज और मोना खरे (ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से आयोजित), सीपीआरएचई/नीपा, नई दिल्ली, 2019।
3. *'उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी रिपोर्ट,* एन.वी. वर्गीज और अनुपम पचौरी। (ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से आयोजित), सीपीआरएचई/नीपा, नई दिल्ली, 2019।

सीपीआरएचई नीति संक्षेप

1. निधि एस. सभरवाल और मलिश सी.एम. (2019). भारत में उच्च शिक्षा की सुलभता में समानता सीपीआरएचई नीति सार 1, प्रथम हिंदी संस्करण, फरवरी, 2019. सीपीआरएचई/नीपा, नई दिल्ली।
2. निधि एस. सभरवाल और मलिश सी.एम. (2019). भारत में उच्च शिक्षा का शैक्षणिक समेकन सीपीआरएचई नीति सार 2, प्रथम हिंदी संस्करण, फरवरी, 2019. सीपीआरएचई/नीपा, नई दिल्ली।
3. निधि एस. सभरवाल और मलिश सी.एम. (2019). भारत में उच्च शिक्षा के लिए सामाजिक समावेशन

से संपन्न परिसरों का विकास। सीपीआरएचई नीति सार 3, प्रथम हिंदी संस्करण, फरवरी, 2019. सीपीआरएचई/नीपा, नई दिल्ली।

सीपीआरएचई अनुसंधान रिपोर्ट

1. ''भारत में निजी मानद् विश्वविद्यालयों में शुल्क निर्धारण'', डा. जिणुशा पाणिग्रही, सीपीआरएचई/नीपा द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को सौंपी गई अनुसंधान रिपोर्ट, नई दिल्ली, 2019।
2. ''भारत में उच्च शिक्षा विकास, संस्थागत रूप और सामाजिक पहुंच की प्रकृति,'' भारत के लिए आगतें डा. निधि एस सभरवाल और प्रोफेसर हेनरी ओडिले, सीपीआरएचई अनुसंधान रिपोर्ट आईआरडी–सीपेड को ईएसपीआई (एनसेगमेंट सुपीरियर प्रिवे एट इनगैलिट्स) इंटरनेशनल रिसर्च प्रोजेक्ट, पेरिस के लिए प्रस्तुत किया गया, 2019।
3. निजी उच्च शिक्षा संस्थानों (आईईएसपी) का मोनोग्राफ मणिपाल संस्थान, कर्नाटक, भारत का केस अध्ययन, डा. जिणुशा पाणिग्रही, सीपीआरएचई/नीपा द्वारा ईएसपीआई अंतर्राष्ट्रीय परियोजना के लिए आईआरडी–सीपेड को प्रस्तुत मोनोग्राफ, 2020।
4. निजी उच्च शिक्षा संस्थानों (आईईएसपी) का मोनोग्राफ मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट, हरियाणा, भारत का केस अध्ययन, डा. जिणुशा पाणिग्रही, सीपीआरएचई/नीपा द्वारा। ईएसपीआई अंतर्राष्ट्रीय परियोजना के लिए आईआरडी–सीपेड को मोनोग्राफ प्रस्तुत किया, 2020।
5. निजी उच्च शिक्षा संस्थानों (आईईएसपी) का मोनोग्राफ जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, उत्तर प्रदेश, भारत का केस अध्ययन, डा. जिणुशा पाणिग्रही, सीपीआरएचई/नीपा द्वारा। ईएसपीआई अंतर्राष्ट्रीय परियोजना के लिए आईआरडी–सीपेड को मोनोग्राफ प्रस्तुत किया, 2020

वर्ष 2019–20 में सीपीआरएचई द्वारा प्रायोजित बैठकों और कार्यशालाओं की सूची

1. 20 जून 2019 को उच्च शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारशीलता पर आइएचईआर 2020 की पहली सहकर्मी समीक्षा बैठक।
2. 26 सितंबर 2019 को उच्च शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगारशीलता पर आइएचईआर 2020 की दूसरी सहकर्मी समीक्षा बैठक।
3. 31 अक्टूबर, 2019 को उच्च शिक्षा में पहुंच, समानता और स्थिरता में सुधार हेतु अंतर्राष्ट्रीयकरण पर नॉर्डिक–भारत उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन।
4. 23 जनवरी 2020 को न्यूयॉर्क संस्थान के 24 छात्रों के समूह के साथ संवादात्मक सत्र।

5. रोजगार और संस्थागत स्वायत्तता और शासन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 20 फरवरी और 21 फरवरी, 2020 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित की गई।
6. 26 फरवरी 2020 सीपीआरएचई कार्यकारी समिति की बैठक।

राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केन्द्र

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक और शिक्षण मिशन के तहत राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केंद्र (एन.आर.सी.ई.) की स्थापना 16 जनवरी, 2018 को की गई। पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक और शिक्षण मिशन के तहत विशिष्ट रूप से एक ऐसा केंद्र है, जिसे शिक्षकों के विकास की दृष्टि से एक ऐसे शीर्ष निकाय के रूप में परिकल्पित किया गया है जो प्रतिस्पर्धी ज्ञान की दुनिया में अनुसंधान, नेटवर्किंग और मौजूदा संसाधनों को साझा करते हुए अपनी क्षमता को बढ़ाने और ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम हैं।

एन.आर.सी.ई के उद्देश्य शिक्षकों के उपयोग के लिए सभी संसाधनों का राष्ट्रीय भंडार विकसित करना; ज्ञान संसाधनों के उपयोग के माध्यम से शिक्षकों की कार्यात्मक क्षमताओं का विकास करना; शिक्षकों की उन्नत क्षमताओं के माध्यम से छात्रों के समग्र विकास को बढ़ाना; और भारत तथा विदेशों में उच्च शिक्षा में शिक्षकों के बीच नेटवर्किंग विकसित करना है। संसाधनों को इकट्ठा और सृजन करने के साथ–साथ अपने दृष्टिकोण में, एनआरसीई चार घटकों में ध्यान केंद्रित करता है– विषयवार संसाधन, शिक्षण अधिगम संसाधन, अनुसंधान संसाधन और छात्र संतुष्टि सर्वेक्षण। सलाहकारी, कानूनी और साथ ही आई.टी. समितियों द्वारा विधिवत निर्देशित समर्थन के साथ, एन.आर.सी.ई. ने रिपोर्टिंग अवधि में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

केंद्र ने जीवन विज्ञान संसाधनों, अर्थशास्त्र संसाधनों के साथ–साथ शिक्षण–शिक्षण और अनुसंधान संसाधनों के लिए स्तरीय दो और/अंतिम रूप से कार्यशालाओं का आयोजन करने के अलावा, चार संयुक्त सलाहकारों की भर्ती करके टीम को मजबूत करने के अपने लक्ष्य को पूरा किया। एनआरसीई ने उच्च शिक्षा में शिक्षकों के लिए क्षेत्रीय समझ बढ़ाने और उनकी क्षमताओं को बढ़ाने और उच्च शिक्षा में शिक्षकों के विकसित नेटवर्क के लिए एक मंच होने के अलावा, हितधारकों के दृष्टिकोण (छात्रों) को भी सामने लाने में एक अनोखे तरीके से योगदान दिया है। केंद्र उच्च शिक्षा में शिक्षकों के लिए संसाधनों का सबसे बड़ा भंडार विकसित करने, विषयों में विशेषज्ञों की एक निर्देशिका विकसित करने और एनईपी, 2020 के साथ अपने उद्देश्यों को संरेखित करने की दिशा में काम करके अपनी पहुंच का विस्तार करना चाहता है।

एकक

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक

बदलती हुई शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में उनकी प्रभाविता और सुधार के संदर्भ में विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका का महत्व सभी बालकों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने में बढ़ रहा है। अधिगम हेतु एक संस्थागत स्थल के रूप में अब विद्यालयों की मान्यता परिणाम में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण एजेंसी के रूप में होने के साथ–साथ शैक्षणिक उद्देश्यों की प्राप्ति के रूप में भी है। अन्तरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों की तरफ शनैः शनैः ध्यान अंतरित किया जा रहा है ताकि वे विद्यालयी प्रक्रियाओं और पद्धति में शामिल हों। अतः उच्च गुणवत्तापरक शिक्षा की माँग को पूरा करने के लिए विद्यालय सुधार पर पहल के मुख्य कार्य के रूप में बृहद और सर्वांगीण विद्यालय मूल्यांकन प्रणाली पर निरंतर बल दिया जा रहा है। विद्यालय मूल्यांकन के प्रयोजन को विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के गुरूत्तर लक्ष्य में इसकी भूमिका और योगदान के संदर्भ में समझे जाने की आवश्यकता है।

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन संबंधी राष्ट्रीय कार्यक्रम (शाला सिद्धि) कार्यक्रम भारत में व्यापक विद्यालय कार्यनिष्पादन मूल्यांकन को संस्थागत स्वरूप देने के लिए एक राष्ट्रीय पहल है। इसमें ''विद्यालय मूल्यांकन' की परिकल्पना एक साधन के रूप में और 'विद्यालय सुधार' की परिकल्पना लक्ष्य के रूप में की गई है। शाला सिद्धि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य एक अनुबंधित मानक और प्रक्रम समुच्य की स्थापना करना है। जिसकी प्राप्ति के लिए सभी विद्यालयों को सतत प्रयत्न करना होगा। इस कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय के लिए स्पष्ट मार्गनिर्देश दिए गए है। जिसमें स्वयं के तथा जवाबदेही के साथ विद्यालय सुधार की दिशा में बाह्य मूल्यांकन का उपबंध किया गया है।

अतएव विद्यालय का मूल्यांकन किसी विद्यालय विशेष और सर्वांगीण रूप से इसके कार्यनिष्पादन से संबंधित है। इसमें उनकी क्षमता को समझना सुधार के अवसर, कार्य की प्राथमिकता, निर्णय लिया जाना और साक्ष्य आधारित सहयोग का निर्माण करने में विद्यालयों को सुविधा प्रदान करना है।

माननीय पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा शाला सिद्धि कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने एक सु–अभिकल्पित कार्यनीतिक योजना का पालन करते हुए इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया है। इसके कार्यान्वयन के चार वर्षों में इस कार्यक्रम को बहुत अधिक गति मिली है जिसके फलस्वरूप विद्यालयों के कार्यनिष्पादन में सुधार होने के साथ–साथ अधिगम परिणाम में भी सुधार हुआ है।

शाला सिद्धि कार्यक्रम बनाने के प्रमुख उद्देश्य हैं:

- विद्यालय मानक और मूल्यांकन प्रक्रियाओं के एक संग्रह को संदर्भित और स्थापित करना;
- भारतीय विद्यालयों की विविधता के अनुरूप तकनीकी रूप से सुदृढ़ वैचारिक ढांचा, कार्यप्रणाली, उपकरण और स्कूल मूल्यांकन की प्रक्रिया विकसित करना;
- स्कूल मूल्यांकन के प्रभावी कार्यान्वयन और संस्थागतकरण के लिए वांछित तैयारी हेतु एक रणनीतिक योजना विकसित करना;
- सतत सुधार के लिए सामूहिक व्यावसायिक निर्णय और कार्रवाई हेतु स्कूल मूल्यांकन की क्षमता का निर्माण करना;
- सही तरीके से स्व और बाह्य मूल्यांकन हेतु स्कूलों और प्रणाली को सशक्त बनाना;
- स्कूल सुधार की दिशा में कार्रवाई हेतु स्व एवं बाह्य मूल्यांकन रिपोर्ट को जोड़ने के लिए स्कूल और प्रणाली स्तर पर सुविधा प्रदान करना;
- उचित नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से स्कूल की विशिष्ट आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायित्व हेतु प्रणाली स्तर पर सुविधा प्रदान करना;
- पारदर्शी और जवाबदेह स्कूल शिक्षा प्रणाली के निर्माण के लिए साक्ष्य आधारित निर्णय लेने और नीति निर्माण को सक्षम बनाना

शाला सिद्धि कार्यक्रम के विकास की प्रक्रिया में बहुत व्यवस्थित उपागम का अनुसरण किया गया है। यह साक्ष्य आधारित राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्री शोध के अवलंब पर आधारित है। यह कार्यक्रम इस दृष्टिकोण पर आधारित है कि ''सभी बच्चे सीख सकते हैं'' और ''सभी विद्यालयों में सुधार किया जा सकता है।'' इसके अलावा इस कार्यक्रम में वैविध्य भारतीय विद्यालयों के 1.53 मिलियन बालक–बालिकाओं के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करने

तथा सुधार के निमित्त उन्हें कार्रवाई करने को सुगम बनाने हेतु पद्धति पर बल दिया गया है। प्रमुख चरणों में जिन कार्यक्रमों को संस्थागत स्वरूप देने का कार्य किया गया, वे इस प्रकार हैः तैयारी, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विद्यालय मूल्यांकन कार्यान्वयन, गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्यालय मूल्यांकन प्रतिवेदनों की प्रभाविता और उनकी उपयोगिता।

चरण–I: सुधार हेतु स्कूल मूल्यांकनः शाला सिद्धि कार्यक्रम की तैयारी

1. स्कूल मूल्यांकन के लिए अवधारणा, उपकरण, कार्यप्रणाली और सामग्री का विकास (शाला सिद्धि)

i. **स्कूल मानक और मूल्यांकन ढांचा (एसएसईएफ)** – स्कूल मानक और मूल्यांकन ढांचा स्कूल मूल्यांकन के लिए एक व्यापक उपकरण के रूप में विकसित किया गया है। यह स्कूलों को एक केंद्रित और रणनीतिक तरीके से परिभाषित मानदंडों के प्रतिकूल अपने महत्वपूर्ण प्रदर्शन क्षेत्रों का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है। फ्रेमवर्क 7 डोमेन को 'प्रमुख प्रदर्शन क्षेत्रों' के रूप में और '46 कोर मानकों' को मूल्यांकन और सुधार के लिए कार्रवाई के संदर्भ बिंदुओं के रूप में पहचानता है।

ii. **स्कूल मूल्यांकन डैशबोर्ड**–स्कूल सुधार के लिए कार्रवाई के साथ–साथ स्कूल की व्यापक मूल्यांकन रिपोर्ट।

iii. **स्कूल स्व–मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश**– दिशानिर्देश का उद्देश्य क्रमिक और निर्देशित तरीके से स्कूल स्व–मूल्यांकन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना है। सटीक व्यावसायिक निर्णय लेने के लिए स्कूलों को दिशानिर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है।

iv. **स्कूल बाह्य–मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश**– दिशानिर्देश क्रमिक और निर्देशित तरीके से प्रभावी बाह्य मूल्यांकन के संचालन के लिए स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है।

v. **साक्ष्य आधारित स्कूल सुधार के लिए दिशानिर्देश**– साक्ष्य आधारित स्कूल मूल्यांकन स्कूल में सुधारात्मक कार्यों से जोड़ने के लिए स्कूलों का सहयोग करते हैं। यह स्कूलों को प्रगतिशील और प्राथमिकता के माध्यम से प्रमुख डोमेन में कार्रवाई उन्मुख गतिविधियों को शुरू करने की सुविधा प्रदान करता है।

इन दस्तावेजों का 16 भाषाओं में अनुवाद किया गया है और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के माध्यम स सभी स्कूलों में वितरित किया गया है। वेब पोर्टल पर सॉफ्ट कॉपी भी उपलब्ध हैं।

2. शाला सिद्धि कार्यक्रम के लिए आईटी समर्थित सहायता (www.shaalasiddhi.niepa.ac.in)

शाला सिद्धि को एक समर्पित और अन्योन्य क्रियात्मक वेब पोर्टल है। वेब पोर्टल में कार्यक्रम संबंधी सभी दस्तावेज हैं जिन्हें सभी उपयोगकर्ता डाउनलोड कर सकते हैं। वेब पोर्टल में प्रत्येक स्कूल अपनी स्व–मूल्यांकन एवं बाह्य–मूल्यांकन डैशबोर्ड को अपलोड करने का प्रावधान है। समेकित स्कूल मूल्यांकन रिपोर्ट ऑनलाइन तैयार की जाती है जिसमें स्व एवं बाह्य स्कूल मूल्यांकन प्रतिवेदन दोनों शामिल हैं। प्रैक्टिसनर, नीति–निर्माता अन्य सभी हितधारक सूचना प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार गुणवत्तापरक विद्यालय शिक्षा की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

3. क्षमता निर्माण कार्यक्रम

शाला सिद्धि कार्यक्रम को सही मायने में लागू करने की तैयारी के लिए राष्ट्रीय, राज्य, जिला ब्लॉक और क्लस्टर स्तर पर क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाती है। पिछले 3 वर्षों में लगभग 10 लाख शिक्षक–प्रशिक्षकों, शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों और शिक्षकों को शाला सिद्धि कार्यक्रम की तैयारी, कार्यनीतिक योजना निर्माण और कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

4. संस्थागत और संरचनापरक प्रबंध

शाला सिद्धि कार्यक्रम का आशय भारत के सभी स्कूलों में जाकर उन्हें विद्यालय स्व–मूल्यांकन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए तैयार करने के साथ–साथ विद्यालय में सुधार लाने के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट का उपयोग करवाना भी है। कार्यान्वयन के लिए कार्यनीतिक योजना निर्माण के आधार पर राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने निर्माण किया हैः

- **हस्त–धारिता उपागमः** राज्य, जिला, प्रखंड और गुच्छ स्तर पर 'कोर समूह' का निर्माण किया जाता

है। ये समूह प्रत्येक विद्यालय में शाला सिद्धि के संलयन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक–दूसरे को हस्त–धारिता देती है। उपागम के तौर पर प्रत्येक राज और संघ राज्य क्षेत्र में अभिहित 'शाला सिद्धि' नोडल अधिकारीगण' हैं जिनके उपर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय घटकों के मध्य संपर्क स्थापित करने का दायित्वच है। ये नोडल अधिकारी प्रभावी कार्यान्वयन और प्रगति की निगरानी के लिए भी समान रूप से उत्तरदायी हैं

- **ब्लॉक श्रृंखला दृष्टिकोणः** व्हाट्सएप ग्रुप, स्थानीय भाषाओं में वीडियो बनाकर और अन्य सॉफ्टवेयर तथा कनेक्टिविटी का उपयोग करके स्कूलों के साथ इंटरकनेक्टिविटी बनाई गई।

चरण–II: विद्यालय मूल्यांकन का कार्यान्वयन

1. शाला सिद्धिः स्व एवं बाह्य मूल्यांकन

विद्यालय का स्व–मूल्यांकन एक वार्षिक गतिविधि है और सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा इनका तीन आनुक्रमिक वर्ष (2016–18, 2018–19, 2019–20) तक निरंतर कार्यान्वयन किया गया है। एक वर्ष की समयावधि में प्रत्येक राज्य तथा संघ क्षेत्रों में 33 प्रतिशत विद्यालयों का बाह्य मूल्यांकन पूरा हो जाएगा।

वर्ष 2019–20 के दौरान 459583 विद्यालयों ने स्व–मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया है जहाँ 420607 स्कूलों ने स्व–मूल्यांकन डैशबोर्ड अपलोड किये हैं। सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों ने वर्ष 2018–19 में बाह्य मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 50618 विद्यालयों का बाह्य मूल्यांकन का कार्य पूरा हो गया है जबकि 49018 विद्यालयों ने स्कूल का बाह्य–मूल्यांकन डैशबोर्ड अपलोड कर दिया है। राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के आग्रह पर स्व–मूल्यांकन (2019–20) तथा बाह्य–मूल्यांकन (2018–19) कराए जाने तथा उन्हें अपलोड करने की समय–सीमा निर्धारित की गई है।

2. क्षमता निर्माण कार्यक्रम

सच्चे अर्थ में शाला सिद्धि कार्यक्रम तैयार करने तथा इसके कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए कई क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए। लगभग 11 लाख शिक्षक–प्रशिक्षक, शिक्षा अधिकारी/कर्मी, प्राचार्य और शिक्षकों को पिछले 4 वर्षों में शाला सिद्धि कार्यक्रम की तैयारी, कार्यनीतिक योजना निर्माण और कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

3. वेब–पोर्टल प्रबंध

शाला सिद्धि को एक समर्पित और अन्योन्य क्रियात्मक वेब पोर्टल (www.shaalasiddhi.niepa.ac.in) का अवलंब है। वेब पोर्टल में कार्यक्रम से संबंधित सभी दस्तावेज़ उपलब्ध हैं जिन्हें सभी प्रयोक्ता डाउनलोड कर सकते हैं। वेब पोर्टल पर स्कूल स्व एवं बाह्य मूल्यांकन डैशबोर्ड को अपलोड करने का प्रावधान है। एक समेकित विद्यालय मूल्यांकन ऑनलाइन उत्पन्न किया जाता है जिसमें स्व एवं बाह्य विद्यालयी मूल्यांकन प्रतिवेदन दोनों शामिल हैं।

प्रैक्टिसनर, नीति–निर्माता अन्य सभी हितधारक सूचना प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार गुणवत्तापरक विद्यालय शिक्षा की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

चरण–III: विद्यालय मूल्यांकन से परे : साक्ष्य आधारित स्कूल सुधार

1. साक्ष्य आधारित स्कूल सुधार

शाला सिद्धि कार्यक्रम में विद्यालय मूल्यांकन की परिकल्पना सतत् रूप से विद्यालय सुधार प्रक्रिया को सुगम बनाने के साधन के रूप में की गई है। निद्यालय मूल्यांकन प्रक्रिया (स्व एवं बाह्य) के फलस्वरूप, विद्यालय 46 प्रमुख मानकों पर अपने कार्यनिष्पादन स्तर के आधार पर सुधार कार्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस बारे में, ''साक्ष्य आधारित विद्यालय सुधार हेतु दिशानिर्देश'' पहले ही विद्यालयों को दिए गए हैं ताकि वे अपने कार्यनिष्पादन स्तर में सुधार ला सकें।

2. सुधार के लिए विद्यालयों को सहयोग करनाः विद्यालय में सुधार के लिए कार्यनीतिक योजना निर्माण

विद्यालय स्वयं मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रणाली तथा बहु–हितधारकों का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं। विद्यालय स्व–मूल्यांकन सुधार के लिए विद्यालय की शक्ति और सुधार के अवसर की पहचान करने के लिए विद्यालय मूल्यांन की प्रक्रिया का अभिकेन्द्रक है। इस प्रक्रिया के फलस्वरूप विद्यालयों को बेहतर निर्णय लेने, सुधार की योजना तैयार करने और उत्तरोत्तर जवाबदेही सुनिश्चित करने की सुविधा मिलती है। स्व एवं बाह्य मूल्यांकन समेत संकलित मूल्यांकन प्रतिवेदन से विद्यालयों, खण्डों, जिले एवं राज्यों को विद्यालय विशिष्ट सहायता व संसाधन प्रबंधन में सहायता मिलती है। इस प्रक्रिया के फलस्वरूप विद्यालयों को स्व–मूल्यांकन के लिए शक्ति प्राप्त होती

है और वह पारदर्शिता के साथ व्यावसायिक निर्णय की संस्कृति का निर्माण कर पाता है।

3. विद्यालय मूल्यांकन डैशबोर्ड के उपयोग

विद्यालय मूल्यांकन डैशबोर्ड में मूलभूत जानकारी जनांकिकीय प्रोफाइल, उपस्थिति की दर, अधिगम परिणाम, महत्वपूर्ण विषयों में कार्य निष्पादन, अध्यापक की प्रोफाइल और उपस्थिति), विद्यालय मूल्यांकन सम्मिश्र आव्यूह (सात प्रमुख डोमेन और 46 करोड़ मानक) तथा सतत विद्यालय सुधार के लिए कार्रवाई से संबंधित विद्यालय की व्यापक जानकारी दी गई है। सर्वप्रथम, दैनंदिक कार्यकलापों तथा विद्यालय की प्रक्रिया में सुधार लाने के लिए स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन का उपयोग करने वाला पहला प्रयोक्ता विद्यालय होता है। इसके अलावा, विद्यालय साक्ष्य–आधारित विद्यालय सुधार का कार्य भी निरंतर और उत्तरोत्तर कर रहा है। बाह्य मूल्यांकनकर्ता विद्यालय स्तर के कार्य–निष्पादन को समग्र कार्यनिष्पादन से संबद्ध करते हैं और उचित ढंग से विद्यालय में सुधार हेतु कार्रवाई के लिए सहयोग प्रदान करते हैं।

4. विद्यालय का कार्यनिष्पादन विश्लेषण कथानक और विद्यालयों की आवाज

विद्यालय स्व–मूल्यांकन डैशबोर्ड के आधार पर तीन स्तरों पर विद्यालय कार्यनिष्पादन विश्लेषण तैयार किया जाता है।

1. विद्यालय के स्व–मूल्यांकन प्रतिवेदन का क्रोड मानक–वार विश्लेषण (लेवल 1–2–3)
2. विद्यालयों का क्षेत्रक विशिष्ट कार्य–निष्पादन (प्रत्येक महत्वपूर्ण क्षेत्रक के तहत समेकित क्रोड मानक)
3. 46 क्रोड मानकों (7 प्रमुख क्षेत्रक) पर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों का समाकलित प्राप्तांक

इसी प्रकार, विद्यालयों के कथानक और उनकी आवाज के आधार पर गुणवत्तापरक विश्लेषण तैयार किया जाता है। 500 से अधिक विद्यालयों ने राज्यों तथा राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान के साथ अपने दृष्टिकोण व सुझाव को साझा किया है। सभी प्रतिवेदन राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किए गए हैं।

5. शाला सिद्धि कार्यक्रम की मापनीयता और संधारणीयता

1.53 मिलियन विद्यालयों तक पहुँचने और शाला सिद्धि को वार्षिक कार्यकलाप बनाने के लिए शाला सिद्धि कार्यक्रम में अभिवृद्धि और प्रोन्नयन की नितांत आवश्यकता है। शाला सिद्धि कार्यक्रम की मापनीयता एवं संधारणीयता के लिए वित्तीय संसाधन, राज्य स्वामित्व, मानव संसाधन की तैयारी और इन सबसे अधिक महत्वपूर्ण ''शाला सिद्धि की आवधारणा–स्कूल कार्यनिष्पादन मूल्यांकन'' की सूझ–बूझ विद्यालय की गुणवत्ता और सुधार के लिए महत्वपूर्ण है।

परियोजना प्रबंधन एकक

संस्थान में परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) की स्थापना गृह स्तर एवं प्रायोजित अनुसंधान के समर्थन और प्रबंधन के उद्देश्य से की गई थी। यह एकक शिक्षा नीति और शैक्षिक योजना एवं प्रशासन (व्यक्तिगत शोध) के क्षेत्र में अध्ययन के लिए नीपा सहायता योजना के कार्यान्वयन हेतु नीपा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अध्ययन सेमिनार, मूल्यांकन आदि के लिये अनुदान सहायता योजना विभाग के सभी बाह्य वित्त–पोषित और आंतरिक अनुसंधान परियोजनाओं के उचित समन्वय के लिये प्रशासन की एक केन्द्रीकृत प्रणाली के रूप में कार्य करता है।

यह एकक सामान्य रूप से, परियोजना अनुमोदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिये परियोजना कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी और संबंधित समर्थन सेवाएँ प्रदान करने सहित नीपा में किए गए विभिन्न परियोजनाओं के प्रबंधन के लिये प्रशासनिक सहायता प्रदान करता है। यह सभी मामलों में धन और घरेलू व्यय के लेखा सहित नीपा – परियोजना भर्ती और नियुक्तियों से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है।

पीएमयू विभिन्न परियोजनाओं के लेखांकन, परियोजना स्टाफ की भर्ती, बजट के अलावा संस्थान में चल रहे और पूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं से संबंधित सभी कार्य की देखभाल करता है।

पीएमयू एकक में अध्यक्ष, कुलपति द्वारा चयनित किया जाता है। इसके अलावा पांच अन्य अकादमिक तथा समर्थन स्टाफ भी चयनित किये जाते हैं। समर्थन स्टाफ में परियोजना परामर्शदाता, परियोजना प्रबंधक तथा कनिष्ठ परामर्शदाता सम्मिलित हैं।

अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक

भारत की व्यापक उच्चतर शिक्षा प्रणाली और लगभग 1,000 विश्वविद्यालयों एवं 40,000 महाविद्यालयों में प्रतिवर्ष 36 मिलियन से भी अधिक विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ नवयुवकों की बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए देश गुणवत्तापरक उच्चतर शिक्षा की आवश्यकता को समझते हुए अपने स्नातक योग्यताधारियों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने की भूमिका को आत्मसात् करता है। वस्तुतः अन्तरराष्ट्रीय स्वरूप दिया जाना अर्थात् अन्तरराष्ट्रीयकरण सदैव भारत में उच्चतर शिक्षा विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है क्योंकि यह देश सबसे अधिक अन्तरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को भेजने वालों की श्रेणी में दूसरे स्थान पर है। तथापि, भारत में मात्र 46,000 विद्यार्थी ही आते है जिनमें से अधिकांश दक्षिण एशियाई क्षेत्र से हैं। उच्चतर शिक्षा की वैश्विक रैंकिंग में भी भारत पीछे चल रहा है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, अन्तरराष्ट्रीयकरण का मुद्दा भारत में उच्चतर शिक्षा पर होने वाले विमर्श में पुनः मुख्य विषय के रूप में उभर रहा है।

भारत की योजना स्वयं को अन्तरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य स्थल बनाना और अंत में इसे अन्तरराष्ट्रीय शिक्षा के निमित्त महत्वपूर्ण शैक्षणिक केन्द्र के रूप में विकसित करने की है। देश अपने शोध पारिस्थितिकी में भी सुधार लाने के लिए प्रयत्नशील है और बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों अर्थात् स्टडी इन इंडिया प्रोग्राम, स्कीम फॉर प्रोमोशन ऑफ एकेडमिक एण्ड रिसर्च कोलाबोरेशन (स्पार्क) तथा ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क (ग्यान) का शुभारम्भ किया है। पुराने कार्यक्रम कोलंबो प्लान और आईटीईसी ने ठोस आधारशिला रखी है जिस पर वर्तमान समय में प्रयास किए जा रहे हैं। भारत में पहले से ही बड़े अन्तरराष्ट्रीय संगठनों, बहुपक्षीय निकायों और द्विपक्षीय एजेंसियों के साथ शैक्षणिक सहयोग संबंधी क्रियाकलाप जारी हैं। उन नेटवर्क विश्वविद्यालयों में भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है जो या तो पहले से स्थापित हैं या जिन्हें स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है।

नीपा में अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक (यूआईसी) का सिंहावलोकन

अन्तरराष्ट्रीय शिक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत मे नेतृत्व की क्षमता को तभी यथार्थ में परिणत किया जा सकता है जब यह वैश्विक पहल की आयोजना के साथ–साथ इसके वित्तपोषण में भी अपने सक्रिय भागीदारी दर्शाए। अन्तरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने

के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विशिष्ट सहयोग प्रबंध व्यवस्था, अनुभव साक्ष्य की उत्पत्ति, दस्तावेज तैयार करने तथा शिक्षा मंत्रालय को नियमित तौर पर प्रतिपुष्टि देने के संदर्भ के विश्लेषण हेतु तंत्र की आवश्यकता पड़ती है। इसे सुलभ बनाने के लिए संस्थानिक व्यवस्था की आवश्यकता पड़ती है और इससे नीपा में अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक बनाने के संदर्भ का निर्माण होता है।

अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक के प्रमुख कार्य

इस एकक का समग्र दायित्व अपने शोध और प्रलेखन, सलाहकारी और निगरानी की भूमिका के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय सहयोग से संबंधित विषयों पर शिक्षा मंत्रालय और निर्णय लेने वाले अन्य निकायों को सहयोग प्रदान करना है। इस एकक के विशिष्ट कार्य निम्नानुसार हैं:

कार्य

1. शिक्षा के क्षेत्र में भारत एवं अन्य देशों तथा द्वि पक्षीय और बहुपक्षीय एजेंसियों के बीच अन्तरराष्ट्रीय सहयोग में रूझान और पद्धतियों का विश्लेषण करना और उनका प्रलेखन।
2. शिक्षा के क्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में बैठकों में शासकीय भागीदारी के लिए पृष्ठाधार दस्तावेज और सार–संक्षेप तैयार करने में सहायता करना।
3. शिक्षा में सहयोग के लिए अन्तःसरकारी, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय एजेंसियों के साथ भारत के नेटवर्क कार्यकलापों का समन्वय और उनका सुदृढ़ीकरण।
4. शिक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार सहयोग के कार्यक्रमों का अभिकल्प तैयार करना, उनका कार्यान्वयन और अनुवीक्षण।
5. प्रत्येक वर्ष शिक्षा मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित अन्तरराष्ट्रीय सहयोग संबंधी गतिविधियों के बारे में प्रतिवेदन तैयार करना:

अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक में एक सलाहकार, पाँच उप–सलाहकार, एक कनिष्ठ परियोजना परामर्शदाता और एक कम्प्यूटर सहायक पद स्थापित हैं। सलाहकार इस एकक का प्रभारी है और इसके कार्यकलाप का समन्वय करता है। प्रो. के. रामचन्द्रन अन्तरराष्ट्रीय सहयोग एकक के वरिष्ठ सलाहकार हैं और राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के कुलपति इस एकक के प्रधान हैं।

शिक्षा मंत्रालय के अन्तरराष्ट्रीय सहयोग प्रकोष्ठ (आईसीसी) के विविध कार्यकलाप के आधार पर सलाहकार और उप–सलाहकारों को निम्नांकित प्रकार्यात्मक दायित्व समनुष्टि किए गए हैं

क्र. सं.	वर्टिकल का नाम	मुख्य दायित्व
1.	द अमेरिकाज (उत्तरी अमेरिका और लैटिन अमरीका और कैरिबियन)	जी–20, ई–9 और अमेरिका के भीतर के देशों के साथ द्विपक्षीय करार/समझौता ज्ञापन से संबंधित अनुषंगी कार्य/मामले
2.	यूरोप	यूरोपीय संघ, ओईसीडी तथा अनुषंगी कार्य/द्विपक्षीय करारों से संबंधित मामले/यूरोपीय देशों के साथ समझौता ज्ञापन
3.	एशिया पैसिफिक (पूर्वी एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत महासागरीय क्षेत्र)	एसीडी, ब्रिक्स, आसियान, आईबीएसए और सहायक कार्य/द्विपक्षीय करारों से संबंधित मामले/एशिया पैसिफिक के भीतर के देशों और एसीडी, ब्रिक्स, आसियान एवं आईबीएसए के सदस्य देशों के साथ समझौता ज्ञापन।
4.	अन्य एशियाई क्षेत्र (दक्षिणी एशिया, कौकेसस, मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया)	राष्ट्रमंडल, एससीओ, बिमस्टेक, सार्क और सहायक कार्य/ द्विपक्षीय करारों से संबंधित मामले/एससीओ, बिमस्टेक और दक्षेस के सदस्य देशों के साथ समझौता ज्ञापन
5.	अफ्रीका (उप–सहारा क्षेत्र अफ्रीका, उत्तरी अफ्रीका	अफ्रीका यूनियन, द्विपक्षीय करारों से संबंधित कार्य/ अफ्रीकी देशों के साथ समझौता ज्ञापन
6.	यूनेस्को	यूनेस्को, एएसईएम

अकादमिक अनुसमर्थन सेवा एकक

पुस्तकालय और प्रलेखन केन्द्र और डिजिटल अभिलेखागार

संस्थान में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय है जिसमें शैक्षिक नीति, शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन और अन्य सहायक विषयों से संबंधित पुस्तकों और अन्य सामग्री का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र अपने पाठकों को विभिन्न सेवाएं जैसे–सीएएस, एसडीआई, संदर्भ सेवाएं वेब ओपैक, प्रसारण और फोटोकापी की सुविधाएं प्रदान करता है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर संसाधनों की साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डेलनेट का सदस्य भी है। वर्तमान में पुस्तकालय में अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, जैसे–यूएनओ, यूएनडीपी, यूनेस्को, आईएलओ, यूनीसेफ, विश्व बैंक, ओईसीडी आदि द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों की रिपोर्टों के अलावा 59,208 से अधिक पुस्तकों/दस्तावेज़ों तथा 7,616 जर्नलों का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय में शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन तथा अन्य सहायक क्षेत्रों से संबंधित 250 जर्नल मंगाए जाते हैं। इसके अलावा पुस्तकालय पाठकों के लिए ऑन लाइन जर्नल डाटाबेस, जैसे–जेएसटीओआर, एलसेवियर और सेज भी मंगाता है। नीपा के प्रलेखन केंद्र में अधिकारिक रिपोर्टों, केंद्र तथा राज्य सरकारों के प्रकाशनों, शैक्षिक सर्वेक्षणों, पंचवर्षीय योजनाओं और जनगणना रिपोर्टों आदि सहित लगभग 17,993 दस्तावेज हैं। प्रलेखन केंद्र के पास महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें और शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट हैं जो शैक्षिक शोध अैर नीति निर्माण के लिए जरूरी हैं। संस्थान में एक डिजीटल अभिलेखागार बनाया गया है। भारत में शिक्षा के सभी क्षेत्रों, स्तरों और पक्षों पर शोध और संदर्भ के स्रोत के रूप में एक स्थान पर सभी दस्तावेजों की साफ्टकापी सुलभ करवाई जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य प्रयोक्ता समुदाय का निर्माण करना है जो कि संस्थान के कार्यों का एक विस्तार है। नवीनतम सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी के रूप में उच्च स्तरीय स्वचालित डिजीटल स्कैन का उपयोग डिजाइन, संग्रह और डिजीटल दस्तावेजों की पुनः प्राप्ति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इस डिजीटल अभिलेखागार में प्रयोक्ता सुलभ बहुखोजी विकल्पों के साथ अंतर्निहित उपयोगों सहित साफ्टवेयर उपलब्ध है।

वर्ष 2013 में शैक्षिक प्रलेखों का एक **डिजीटल अभिलेखागार** स्थापित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सभी शैक्षिक प्रलेखों को एक स्थान पर डिजीटल रूप में संग्रहित करना है। डिजीटल अभिलेखागार में 11,000 से अधिक अभिलेख संग्रहित हैं और सतत् इनकी संख्या में वृद्धि की जा रही है। प्रलेखों को मुख्यतः 18 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है और इसी क्रम में आगे भी केंद्र, राज्य, जिला, ब्लॉक स्तर पर उप वर्ग बनाए गये हैं। डिजीटल अभिलेखागार में आज़ादी के बाद से शिक्षा प्रणाली के सभी स्तरों तथा क्षेत्रों से संबंधित नीतिगत तथा अन्य अभिलेख सुलभ करवाए जाते हैं ताकि नीति विश्लेषकों, योजनाकारों, शोधार्थियों एवं अभिरुचि रखने वाले अन्य विद्वानों को एक स्थान पर आवश्यक सामग्री सुलभ करवाई जा सके और उन्हें संदर्भ सामग्री और आंकड़ों के लिए कहीं और नही जाना पड़े। डिजीटल अभिलेखागार नीपा का विस्तारित कार्य है जो प्रयोक्ता समुदाय को समर्पित है।

कंप्यूटर केंद्र

कंप्यूटर केंद्र संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी जरुरतें पूरा करता है। यह केंद्र संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थियों और स्टाफ सदस्यों

को कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधाएं प्रदान करता है। नेटवर्क संसाधन को पहुंचाने के लिए सभी संकाय और स्टाफ को नेटवर्क प्वांइट सुलभ किए गए हैं। नीपा डोमेन से सभी संकाय और स्टाफ सदस्यों के व्यक्तिगत ई–मेल खाता खोले गए हैं। सभी संकाय सदस्यों को 1 जीबीपीएस की इंटरनेट कनेक्टिविटी दी गई है। सभी स्टाफ सदस्यों को डेस्कटॉप और संकाय सदस्यों को लैपटाप आवंटित किए गए हैं। नीपा में समुचित नेटवर्क सुरक्षा का रखरखाव किया जा रहा है। केंद्र में आधुनिकतम सुविधाएं हैं, जैसे–आईबीएम–ई सिरीज सर्वर जो तीव्र अर्थनेट से जुड़ा है। वर्तमान में निम्नलिखित आधारभूत सुविधाएं हैं–उन्नत कैट–6 केबल, केंद्रीकृत कंप्यूटिंग सुविधा, जिसमें उच्च कार्यनिष्पादन वाले सर्वर्स, क्लाइंट पी सी, इंटरनेट से अपलिंक और अन्य सेवाएं और अति सक्षम बहुकल्पिक यू पी एस के जरिए पर्याप्त रूप में अनवरत पावर आपूर्ति उपलब्ध है।

प्रकाशन एकक

नीपा में शिक्षा के शोध और विकास के प्रसार–प्रचार हेतु प्रकाशन कार्यक्रम है। नीपा प्रकाशन एकक विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा अन्य संबंधित सामग्री रिपोर्टों, पुस्तकों, जर्नलों, न्यूज़लेटर, अनुसंधान आलेखों, तथा अन्य प्रकाशनों के माध्यम से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास की सूचनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। संस्थान द्वारा प्रकाशित कुछ पत्रिकाओं में 'जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन', 'परिप्रेक्ष्य' हिन्दी जर्नल तथा एंट्रीप न्यूज़लेटर इत्यादि हैं। संस्थान का प्रकाशन एकक मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की विशिष्ट आवश्यकताओं को भी पूर्ण करता है।

हिंदी कक्ष

यह कक्ष शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में व्यावसायिक प्रकाशनों के अनुवाद के माध्यम से अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा प्रसार में अकादमिक सहायता प्रदान करता है। यह कक्ष राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में भी सहयोग देता है।

अभिशासन और प्रबंधन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत घोषित एक मानित विश्वविद्यालय है जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है। इस संस्थान के प्राधिकारियों में शामिल हैं : अध्यक्ष, कुलाधिपति, कुलपति, परिषद, प्रबंधन बोर्ड, अकादमिक परिषद, वित्त समिति और अध्ययन बोर्ड तथा संस्थान के प्रबंधन बोर्ड द्वारा घोषित ऐसे अन्य प्राधिकरण। संस्थान के कुलपति प्रधान शैक्षणिक और कार्यकारी अधिकारी हैं।

नीपा परिषदः नीपा परिषद संस्थान का सर्वोच्च निकाय है जिसका प्रमुख अध्यक्ष होता है। परिषद का मुख्य कार्य कार्यालय ज्ञापन में निर्धारित संस्थान के लक्ष्यों को कार्यान्वित करना है। नीपा परिषद संस्थान के सभी मामलों के सामान्य पर्यवेक्षण का उत्तरदायी है। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार नीपा परिषद के अध्यक्ष हैं। संस्थान के कुलपति इसके उपाध्यक्ष हैं। परिषद के पदेन सदस्य हैं : सचिव, भारत सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सचिव, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, और वित्त सलाहकार, मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार। परिषद के अन्य सदस्य हैं– अध्यक्ष द्वारा नामित तीन विख्यात शिक्षाविद्, अध्यक्ष द्वारा नामित राज्य/संघ क्षेत्र प्रतिनिधि (5 प्रभागों में से प्रत्येक प्रभाग से एक–एक प्रतिनिधि) और अध्यक्ष द्वारा नामित नीपा संकाय का एक सदस्य। संस्थान के कुलसचिव परिषद के सचिव हैं। दिनांक 31 मार्च 2020 के अनुसार नीपा परिषद के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–I में प्रस्तुत है।

उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के (पीएन I अनुभाग) ने अपने पत्र संख्या 2–7/2016–पीएन–I दिनांक 16 जनवरी, 2020 के माध्यम से यूजीसी विनियमए 2019 के अनुसार नीपा के संशोधित ज्ञापन और नियमों को भेजा है। जिसमें कहा गया है कि संस्थान का सर्वोच्च शासी निकाय अब प्रबंधन बोर्ड होगा।

प्रबंधन बोर्डः प्रबंधन बोर्ड संस्थान का प्रमुख कार्यकारी निकाय है। संस्थान के कुलपति प्रबंध बोर्ड के पदेन अध्यक्ष हैं। अन्य सदस्य हैं : संस्थान के अध्यक्ष द्वारा नामित तीन सदस्य मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार का एक नामिती, वि.अ.आ. के अध्यक्ष का एक नामिती, संस्थान के संकाय डीन, संस्थान के दो संकाय सदस्य (एक प्रोफेसर और एक सह–प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर), कुलसचिव, नीपा, प्रबंधन बोर्ड का सचिव होता है। 31 मार्च, 2020 के अनुसार प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–II में दी गई है।

संगठनात्मक ढांचा


राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान
कुलाधिपति
(शिक्षा मंत्रालय द्वारा नामित)
प्रबंधन बोर्ड
कुलपति
अकादमिक परिषद
योजना एवं प्रबंधन बोर्ड
अध्ययन बोर्ड
वित्त समिति
डीन(अकादमिक एवं अनुसंधान)
परीक्षा नियंत्रक
कुलसचिव
वित्त अधिकारी
विभाग
केन्द्र
एकक
नीपा राष्ट्रीय अध्येता एवं पीठ
समर्थन सेवाएं
प्रशासन
1. शैक्षिक योजना
2. शैक्षिक प्रशासन
3. शैक्षिक वित्त
4. शैक्षिक निति
5. विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग
6. उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग
7. शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली
8. शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विभाग
• राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र
• उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र
• राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केंद्र
• स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक
• परियोजना प्रबंधन एकक
• अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एकक
• नीपा राष्ट्रीय अध्येता
• मौलाना अबुल कलाम आजाद पीठ
छात्र प्रकोष्ठ और समर्थन सेवाएं पूर्व छात्रों सहित
1. पुस्तकालय
2. प्रलेखन केन्द्र
3. कंप्यूटर केन्द्र
4. प्रकाशन एकक
5. प्रशिक्षण कक्ष
6. हिंदी कक्ष
7. छात्रावास तथा अतिथि गृह
8. सहायता अनुदान
1. अकादमिक प्रशासन अनुभाग
2. कार्मिक प्रशासन अनुभाग
3. सामान्य प्रशासन अनुभाग
वित्त तथा लेखा अनुभाग
आंतरिक लेखा परीक्षा अनुभाग

वित्त समिति : वित्त समिति की मुख्य भूमिका संस्थान की लेखा की जांच करना और व्यय के प्रस्तावों की समीक्षा करना है। संस्थान की वार्षिक लेखा और वित्तीय आकलनों को वित्त समिति के सम्मुख रखा जाता है और समिति की टिप्पणियों के साथ इसे अनुमोदन के लिए प्रबंधन बोर्ड को प्रस्तुत किया जाता है। वित्त समिति संस्थान की आय और संसाधनों के आधार पर वार्षिक आवर्ती और गैर आवर्ती व्यय की सीमाऐं तय करती है। संस्थान के कुलपति वित्त समिति के पदेन अध्यक्ष हैं; इसके अतिरिक्त नीपा परिषद के अध्यक्ष द्वारा नामित दो व्यक्ति, कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति, वित्तीय सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक प्रतिनिधि होता है। वित्त अधिकारी, वित्त समिति के सचिव का कार्य करता है। 31 मार्च 2020 के अनुसार वित्त समिति के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–III में दी गई है।

अकादमिक परिषद : नीपा अकादमिक परिषद संस्थान का शीर्षस्थ अकादमिक निकाय है। अकादमिक परिषद शिक्षा, प्रशिक्षण, शोध और परामर्श के स्तर पर सतत सुधार और अंतर–विभागीय सहयोग, परीक्षा और परीक्षण आदि के प्रति उत्तरदायी होता है। इसका पदेन अध्यक्ष कुलपति होता है। अकादमिक परिषद में शामिल हैं : संस्थान के संकाय डीन, अकादमिक विभागों के अध्यक्ष, और अध्यक्ष द्वारा मनोनीत तीन शिक्षाशास्त्री जो नीपा की गतिविधियों से जुड़े हुए क्षेत्रों से संबंधित हों और संस्थान की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा चक्रानुसार नामित एक सहायक प्रोफेसर और तीन सहयोजित सदस्य जो शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य न हों और अकादमिक परिषद द्वारा विषय विशेषज्ञ के आधार पर सहयोजित किए गए हों। नीपा का कुलसचिव परिषद का सचिव होता है। 31 मार्च 2020 के अनुसार सदस्यों की सूची–IV में दी गई है।

अध्ययन बोर्ड : नीपा के कुलपति अध्ययन बोर्ड के पदेन अध्यक्ष हैं। इसके सदस्य हैं: संकाय–डीन, विभागाध्यक्ष, कुलपति द्वारा नामित एक सह–प्रोफेसर, और एक सहायक प्रोफेसर और कुलपति द्वारा सहयोजित अधिकतम दो विषय विशेषज्ञ। अध्ययन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31 मार्च, 2020 के अनुसार परिशिष्ट–V में दी गई है।

कार्यबल और समितियां : कुलपति द्वारा विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए समय–समय पर विशेष कार्यबलों और समितियों का गठन किया जाता है। विभिन्न परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञों को शामिल करके परियोजना सलाहकार समितियां गठित की जाती हैं। विशेषज्ञों से गठित परियोजना सलाहकार समिति विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के निरीक्षण और सलाह देने के लिए कार्य करती है। कुलपति की अध्यक्षता में शोध अध्ययन सलाहकार बोर्ड गठित किया गया है। इसमें अन्य विशेषज्ञों के साथ–साथ सभी विभागाध्यक्ष इसके सदस्य होते हैं। कुलसिचव इस समिति के सदस्य सचिव हैं जो सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करती है।

प्रशासन और वित्त

संस्थान के प्रशासनिक ढांचे में तीन अनुभाग–अकादमिक प्रशासन, कार्मिक प्रशासन, सामान्य प्रशासन और दो कक्ष–प्रशिक्षण कक्ष और एम.फिल., पीएचडी कक्ष हैं। कुलसचिव सभी अनुभागों के प्रभारी हैं। कुलसचिव नीपा परिषद, प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सचिव भी हैं। कुलसचिव को प्रशासनिक कामकाज में प्रशासनिक अधिकारी, प्रशिक्षण अधिकारी और अनेक अनुभाग अधिकारी अनुसमर्थन प्रदान करते हैं।

कुलसचिव अकादमिक अनुसमर्थन सेवा एककों, जैसे–पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र, कंप्यूटर केंद्र, एवं डिजीटल अभिलेखागार, प्रकाशन एकक और हिंदी कक्ष के कार्यकलापों के प्रति उत्तरदायी हैं। वित्त अधिकारी वित्त और लेखा अनुभाग के प्रभारी है। अनुभाग अधिकारी (लेखा) वित्त अधिकारी का अनुसमर्थन करता है।

स्टाफ की संख्या (2019–20)

31 मार्च, 2020 के अनुसार नीपा की कुल कर्मचारियों संख्या 167 थी।

प्रतिवेदनाधीन वर्ष 2019–20 के दौरान संस्थान को कुल 4559.46 लाख रुपये का अनुदान मिला (आवर्ती और गैर–आवर्ती मद)। वर्ष के आरंभ में संस्थान के पास आवर्ती मद में 0.39 लाख रुपये शेष थे। वर्ष के दौरान आंतरिक कार्यालय और छात्रावास से 39.88 लाख रुपए की राशि प्राप्ति हुई। योजना और गैर–योजना मदों में वर्ष के दौरान व्यय 4314.43 लाख रुपये था।

संस्थान के पास 1054.92 लाख रुपये शेष था और दूसरे संगठनों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों की मद में इस वर्ष 2019–20 के दौरान 952.38 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्ति हुई। प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों पर वर्ष के दौरान कुल 704.41 लाख रुपये खर्च किए गए। (परिशिष्ट–VII)

परिसर और भवन
आधारभूत सुविधा

संस्थान के पास एक चार–मंजिला कार्यालय, सुसज्जित स्नानघरयुक्त 60 कमरों वाला एक सात मंजिला छात्रावास और एक आवास–क्षेत्र है। इस आवास क्षेत्र में टाइप–I के 16, टाइप–II से V तक के 8–8 क्वार्टर और एक कुलपति आवास हैं। संस्थान के पास बिंदापुर, द्वारका में टाइप–III के 25 क्वार्टर हैं।

संस्थान परिसर में सुसज्जित प्रशिक्षण कक्ष, कंप्यूटर केंद्र, अंतरराष्ट्रीय डायनिंग हाल, जिम और क्लास रूम हैं।

संस्थान ने हाल ही में परिसर में अर्जित 2100 वर्ग मीटर के भूखंड में नया अकादमिक भवन के निर्माण के लिये अपेक्षित कदम उठाए हैं। इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने लीज डीड जारी कर दिया है।

2

अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

SONAM TSHERING
KIRAN LUXHI PANDAY

अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

एम.फिल. और पी–एच.डी.

वस्तुतः संस्थान की एम.फिल और पी.एच. डी. उपाधियाँ विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन पर केंद्रित हैं। इसके द्वारा संस्थान विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्ताओं को सशक्त और सक्षम बनाता है।

शैक्षिक प्रशासन के लिए विद्वान तैयार करना

संस्थान एक प्रदायक संस्था है जो प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के स्तरों पर शैक्षिक प्रशासन से संबंधित लघु और व्यापक स्तर की जरुरत के अनुसार शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन में विशेषज्ञता से युक्त मानव संसाधनों का विकास करता है ऐसे विशेषज्ञ जो अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों/एम.फिल. और पी–एच.डी. उपाधियों के पाठ्यक्रमों या प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा तैयार किये जाते हैं। वे व्यापक एवं गतिशील संदर्भों में समुचित योजनाओं और कार्यनीतियों के दिशा–निर्देशों के निर्माण या सांस्थानिक प्रबंधन की सीमित भूमिकाओं से जुड़े मामलों के समाधान करने में पूर्णतः कुशल एवं सक्षम होते हैं।

वस्तुतः संस्थान की एम.फिल. और पी–एच.डी. उपाधियाँ विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन पर केंद्रित हैं। इसके द्वारा संस्थान युवा शोधकर्त्ताओं को सशक्त और सक्षम बनाता है और शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में उनकी आजीविका तैयार करता है। नीपा इसके माध्यम से शैक्षिक नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यान्वयन और अनुश्रवण का अनुसमर्थन करने हेतु विशेषज्ञ और सक्षम मानव संसाधन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रमों का महत्व इसमें अंतर्निहित गतिशील और लचीले उपागम के द्वारा यह शिक्षा और सामाजिक विकास के अन्य सहायक क्षेत्रों से जुड़कर नवाचारी बहुशास्त्रीय पाठ्यक्रमों का विस्तार करता है।

संस्थान द्वारा संचालित पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रम में शामिल हैं: (i) पूर्णकालिक एकीकृत एम.फिल., पी–एच.डी. कार्यक्रम (ii) पूर्णकालिक पी–एच.डी. कार्यक्रम और (iii) अंशकालिक पी–एच.डी. कार्यक्रम। ये कार्यक्रम वर्ष 2007–08 में आरंभ किए गए थे। एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रम विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्मियों की शोध क्षमता के निर्माण के लिए डिजाइन किए गए हैं जो शैक्षिक नीति, योजना प्रशासन तथा वित्त के संबंधित

क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत पूरे किए गए शोध अध्ययनों से अपेक्षा की जाती है कि ये नीति निर्माण, शिक्षा सुधार कार्यक्रमों तथा क्षमता विकास संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ–साथ ज्ञान आधार को समृद्ध करने में भारी योगदान करेंगे। एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत शोध के व्यापक क्षेत्रों में शैक्षिक नीति, शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन, शैक्षिक वित्त, शैक्षिक प्रबंधन, सूचना प्रणाली, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षा में समता और समावेशन, शिक्षा में लैंगिक मुद्दे, अल्पसंख्यक शिक्षा, तुलनात्मक शिक्षा और शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण शामिल हैं।

प्रस्तुत दो वर्षीय एम.फिल. डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष का पाठ्यक्रम कार्य (16 क्रेडिट) होते हैं। इसके बाद एक छह सप्ताह की अवधि के लिए इंटर्नशिप (4 क्रेडिट) और एक वर्ष शोध प्रबंध (16 क्रेडिट) होते हैं। सभी विद्वान जो सफलतापूर्वक पूर्वक एम.फिल. पाठ्यक्रम पूरा और निर्धारित कार्यक्रम के मानदंडों को पूरा करते हैं। (वर्तमान में एफ.जी.पी.ए. 5 या उससे अधिक 10 अंक) का ग्रेड पाने वाले शोधार्थी पी–एच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश और पंजीकरण प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। पी–एच.डी. कार्यक्रम में दाखिला लेने की तिथि के दो वर्ष बाद ही शोधार्थी अपने शोध प्रबंध जमा करा सकते हैं।

पूर्णकालिक पी–एच.डी. कार्यक्रम में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को दाखिला की पुष्टि हेतु एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। इसके बाद वे दो वर्ष के शोध कार्य के उपरांत ही वे उपाधि हेतु अपने शोध प्रबंध जमा कर सकते हैं।

अंशकालिक पी–एच.डी. में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को पी–एच.डी. में दाखिला की पुष्टि से पहले एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। अंशकालिक पी–एच.डी. के शोधार्थी दाखिला की पुष्टि के कम से कम चार वर्ष बाद अपना शोध प्रबंध जमा कर सकते हैं।

	एम.फिल.	पी–एच.डी. पूर्णकालिक	पी–एच.डी. अंशकालिक	योग
वर्ष 2019–20 में नामांकन	21	11	01	33
अकादमिक सत्र 2019–20 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रम कर रहे विद्यार्थियों की कुल संख्या	36 (वर्ष 2019–20 में नामांकित विद्यार्थियों सहित)	49 (वर्ष 2007–08 से 2019–20 तक नामांकित विद्यार्थियों सहित)	16 (वर्ष 2007–08 से 2019–20 तक नामांकित विद्यार्थी)	101
वर्ष 2019–20 के दौरान छात्रवृत्ति स्नातक विद्वानों की कुल संख्या	17	02	01	20

डिप्लोमा कार्यक्रम

पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम के छः घटक हैं: (i) पाठ्यक्रम तैयारी कार्य (ii) आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य (iii) परियोजना कार्य (iv) परियोजना कार्य का मूल्यांकन और अंतरिम प्रमाण पत्र विवरण और (v) उन्नत पाठ्यक्रम कार्य और (vi) अंतिम मूल्यांकन और पीजी डिप्लोमा प्रमाण–पत्र वितरण।

शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा)

संस्थान शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में डिप्लोमा (डेपा) कार्यक्रम आयोजित कर रहा था। वर्ष 1982–83 के आरंभ से ही यह विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए विशेष रूप से संरचित डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। आरम्भ में यह कार्यक्रम पूर्व–प्रवेश पाठ्यक्रम के रूप में संरचित किया गया था। यद्यपि वर्ष 2014–15 से इस कार्यक्रम में पाठ्यक्रम को संवर्धित करके इसमें परिवर्तन किया गया है और इसके डेपा मूलभूत से पीजीडेपा (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एजुकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन)– शैक्षिक योजना और प्रशासन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा) में बदल दिया गया है। प्रतिभागियों के कार्य और भूमिकाओं तथा उनकी संस्थाओं जैसे एससीईआरटी/सीमेट/डाइट/डीईओ/बीईओ और राज्य सरकारों के शिक्षा निदेशालयों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को संबर्धित किया गया है।

एक वर्षीय पीजीडेपा कार्यक्रम को मौजूदा डेपा में व्यापक रूपांतरण के बाद निर्मित किया गया है जो एक सघन दीर्घकालिक कार्यक्रम है जो कि देश में पेशेवर रूप से शैक्षिक प्रशासकों का संवर्ग का विकास सुनिश्चित करेगा। इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

(i) शैक्षिक योजना और प्रबंधन की मूलभूत अवधारणाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराना।

(ii) शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में बेहतर निर्णय कार्य के लिए प्रतिभागियों में योजना और प्रबंधन कौशल के विकास हेतु सक्षम बनाना।

(iii) प्रतिभागियों में शैक्षिक कार्यक्रमों और परियोजनाओं के पर्यवेक्षण और मूल्यांकन योग्यता का विकास करना।

तालिका 2.1:

शैक्षिक योजना और प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) राज्यवार भागीदारी			
राज्य/अन्य क्षेत्र	पाचवां पी.जी.– डेपा	छठा पी. जी.– डेपा	योग
असम	3	3	6
छत्तीसगढ़	3	1	4
हरियाणा	3	3	6
हिमाचल प्रदेश	2	2	4
कर्नाटक	1	2	3
मध्य प्रदेश	1	1	2
महाराष्ट्र	3	2	5
मणिपुर	4	1	5
मिजोरम	2	-	2
नागालैण्ड	1	-	1
त्रिपुरा	1	-	1
तमिलनाडु	-	2	2
उत्तराखंड	3	3	6
उत्तर प्रदेश	-	1	1
पश्चिम बंगाल	1	-	1
भारतीय एयर फोर्स	2	2	4
योग	**30**	**23**	**53**

पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम का निरूपण करते समय मूलतः इस बात का ध्यान दिया गया था कि प्रतिभागी को इस पाठ्यक्रम के लिए नीपा में तीन माह से अधिक अवधि के लिए प्रवास न करना पड़े और वह अपने कार्य स्थल पर पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सके। इसके अनुसार इसे 12 महीने के स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम में रूपातंरित किया गया है। अनेक शिक्षा विभाग इस पाठ्यक्रम हेतु अपने अधिकारियों को लंबी अवधि के लिए प्रतिनियुक्त नहीं कर सकते हैं इसलिए इस तरह से योजना बनाई गई है कि आमने–सामने और आवासीय पाठ्यक्रम कार्य हेतु प्रतिभागियों को एक खंड में 3 महीने से अधिक अवधि के लिए प्रवास न करना पड़े। इसमें प्रतिभगियों के कार्यस्थल पर एक प्रारम्भिक चरण, नीपा में आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य, कार्यस्थल पर परियोजना कार्य, मुक्त और दूरवर्ती अधिगम प्रणाली के माध्यम से उन्नत पाठ्यक्रम का संचालन और संगोष्ठी सहित कार्यशाला शामिल है। नीपा में अंतिम मूल्यांकन और पीजीडेपा प्रमाणपत्र हेतु संगोष्ठी–सह–कार्यशाला कार्य का प्रस्तुतिकरण सम्मिलित है।

पाचवां स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम सितंबर 2018 से जुलाई 2019 के दौरान आयोजित किया गया। जिसमें 14 राज्यों/संघ प्रदेशों/संगठनों के 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस डिप्लोमा कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वय शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग द्वारा किया गया।

शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा)

संस्थान 1985 से विकासशील देशों के पेशेवरों के लिए शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में 6 माह का अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम के विद्यार्थी एशिया, अफ्रीका, मध्य एशियाई गणराज्यों, दक्षिणी अमरीका और कैरिबियाई क्षेत्रों के देशों से आते हैं। इस कार्यक्रम के तीन घटक हैं– (i) सघन पाठ्यचर्चा कार्यक्रम; (ii) अनुप्रयुक्त कार्य और (iii) लघु शोध प्रबंधन। आईडेपा की अवधि छः माह है और यह दो चरणों में पूरा किया जाता है। पहले चरण में तीन माह का सघन पाठ्यचर्या है जो नीपा, नई दिल्ली में आयोजित की जाती है। यह चरण आवासीय है और प्रतिभागियों से

अपेक्षा की जाती है कि वे इस चरण के दौरान परिसर में निवास करें। दूसरे चरण में प्रतिभागी को स्वदेश में ही संस्थान के संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में क्षेत्र आधारित शोध परियोजना अध्ययन करना होता है।

आईडेपा कार्यक्रम में सिद्धान्त और व्यवहार के बीच संतुलन बनाने की कोशिश के साथ गहन पाठ्यचर्या शामिल है। एजेंडा के व्यापक रूप में व्याख्यान और समूह कार्य, व्यावहारिक अभ्यास, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र के दौरे और शैक्षिक विकास नीति, नियोजन, प्रबंधन, प्रशासन, पर्यवेक्षण और नेतृत्व के एक चुने हुए पहलू पर एक शोध परियोजना शामिल है जिसमें क्षेत्र को अपनाना शामिल है। और अंतर–अनुशासनिक दृष्टिकोण सिद्धान्त और व्यवहार को जोड़ने के लिए लागू किए गए काम में (i) देश और विषयगत संगोष्ठी पेपर प्रस्तुतियाँ (ii) क्षेत्रों का दौरा कार्यक्रम शामिल है, जिसमें भारत में विभिन्न शैक्षिक नवाचारों की योजना और उनका प्रबंधन किया जा रहा है और (iii) एक क्षेत्र अनुसंधान परियोजना के लिए अनुसंधान की रूपरेखा तैयार करना।

कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रतिभागियों के स्वदेश में ही आयोजित होता है। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी को प्रथम चरण के दौरान निर्धारित क्षेत्र कार्य आधारित शोध परियोजना पर कार्य करना पड़ता है। शोध परियोजना कार्य (तीन माह की अवधि) में पूरा करने के बाद प्रतिभागी को अपना लघुशोध प्रबंध राष्ट्रीय संस्थान को प्रस्तुत करना पड़ता है। लघु शोध प्रबंध की प्राप्ति और तदुपरांत राष्ट्रीय संस्थान के संकाय द्वारा उसके मूल्यांकन के बाद प्रतिभागी को डिप्लोमा की उपाधि प्रदान की जाती है।

वर्ष 2019–20 के दौरान संस्थान ने 35वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा का दूसरा चरण पूरा किया जिसका प्रथम चरण 1 फरवरी से 30 अप्रैल 2019 को आयोजित किया गया था। उसमें 23 देशों के 31 प्रतिभागी शामिल हुए। 35वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2019 के दौरान आयोजित किया गया।

बाद में 36वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 फरवरी 2020 को शुरु हुआ और कार्यक्रम के प्रथम घटक/चरण में शिक्षण–अधिगम गतिविधियां 30 अप्रैल 2020 तक पूर्ण कर ली गईं। 36वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम में 14 देशों से कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2020 के दौरान प्रतिभागियों के स्वदेश में किया गया जो परियोजना कार्य पर आधारित था।

अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का संयोजन शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विभाग द्वारा आयोजित और समन्वित किया जाता है।

तालिका 2.2:

शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी

35वां आईडेपा 2019		
क्र. सं.	देश का नाम	भागीदारों की संख्या
1.	भूटान	2
2.	बोत्सवाना	4
3.	कम्बोडिया	1
4.	केमेरून	1
5.	चिली	1
6.	इथोपिया	1
7.	आइवरी कोस्ट	1
8.	केन्या	1
9.	लेबनॉन	1
10.	मेडागास्कर	2
11.	मालावी	1
12.	माली	1
13.	मॉरीशस	2
14.	नामीबिया	1
15.	नेपाल	1
16.	नाइजीरिया	1
17.	फिलिस्तीन	1
18.	पेरू	1
19.	फिलीपीन्स	1
20.	दक्षिण सूडान	1
21.	तंजानिया	2
22.	यूगांडा	1
23.	जाम्बिया	2
	योग	**31**

36वां आईडेपा 2020		
क्र. सं.	देश का नाम	भागीदारों की संख्या
1.	अफगानिस्तान	2
2.	भूटान	2
3.	कांगो	1
4.	क्यूबा	1
5.	इथोपिया	1
6.	फिजी	1
7.	किरगिस्तान	1
8.	मालदीव	2
9.	मंगोलिया	1
10.	नाइजीरिया	4
11.	दक्षिण सूडान	1
12.	तंजानिया	5
13.	जाम्बिया	4
14.	जिम्बाम्बवे	1
योग		**27**

तालिका 2.3

सभी कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी 2019–20

क्र. सं.	देश का नाम	भागीदारों की संख्या
1.	अफगानिस्तान	6
2.	भूटान	6
3.	कांगो	1
4.	क्यूबा	1
5.	इथोपिया	2
6.	फ्रांस	1
7.	फिजी	2
8.	जर्मनी	1
9.	किरगिस्तान	1
10.	मालदीव	2
11.	मंगोलिया	1
12.	मॉरीशस	1
13.	म्यांमार	23
14.	नाइजीरिया	8
15.	सेनेगल	1
16.	दक्षिण अफ्रीका	1
17.	दक्षिण सूडान	3
18.	श्रीलंका	3
19.	तंजानिया	5
20.	यूगांडा	2
21.	उजबेकिस्तान	2
22.	यूनाइटेड किंगडम	2
23.	संयुक्त राज्य अमरीका	1
24.	जाम्बिया	4
25.	जिम्बाम्बवे	3
	योग	**83**

तालिका 2.4

व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों में राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार भागीदारी 2019–20

क्र. सं.	राज्य/संघीय क्षेत्र	भागीदारों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	144
2.	अरुणाचल प्रदेश	24
3.	असम	164
4.	बिहार	158
5.	छत्तीसगढ़	67
6.	गोवा	16
7.	गुजरात	165
8.	हरियाणा	246
9.	हिमाचल प्रदेश	98
10.	जम्मू और कश्मीर	52
11.	झारखण्ड	41
12.	कर्नाटक	204
13.	केरल	33
14.	मध्य प्रदेश	259
15.	महाराष्ट्र	308
16.	मणिपुर	48
17.	मेघालय	36
18.	मिजोरम	29
19.	नागालैण्ड	52
20.	ओडिशा	112
21.	पंजाब	121
22.	राजस्थान	276
23.	सिक्किम	76
24.	तेलंगाना	71
25.	तमिलनाडु	119
26.	त्रिपुरा	27
27.	उत्तराखंड	58
28.	उत्तर प्रदेश	279
29.	पश्चिम बंगाल	33
30.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
31.	चंडीगढ़	19
32.	दिल्ली	279
33.	पुडुचेरी	6
	योग	**3621**

व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

शैक्षिक योजना और प्रशासन में सुधार हेतु सांस्थानिक क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों के शिक्षा कर्मियों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम संस्थान (नीपा) के प्रमुख कार्यकलाप के रूप में सतत जारी है। वर्ष 2019–20 के दौरान संस्थान ने शिक्षा के विभिन्न विकास क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों और शिक्षा नीति योजनाओं, प्रशासन के विविध पक्षों से जुड़े 86 अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों और बैठकों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के मुख्य विषय थे : स्कूलों की योजना और प्रबंधन, उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन, माध्यमिक स्तर पर स्कूल प्रावधानों का आकलन, शैक्षिक वित्त की योजना और प्रबंधन, और स्कूल नेतृत्व आदि। इन कार्यक्रमों के प्रतिभागी थे जिला और राज्य स्तर के शिक्षाकर्मी, शिक्षा निदेशक और राज्य स्तर के अन्य अधिकारी, केंद्र, राज्य और जिला स्तर के शैक्षिक संस्थानों के प्रमुख, विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और अन्य प्राधिकारी, कालेज प्राचार्य और कालेजों तथा उच्च शिक्षा के वरिष्ठ प्रशासक, विश्वविद्यालय तथा समाजविज्ञान शोध संस्थानों के नवनियुक्त प्राध्यापक आदि। ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आयोजित की गईं :

शैक्षिक योजना विभाग

- सीमैट की भूमिकाओं और कार्यों पर अध्ययन के लिए सलाहकार बैठक, नीपा, नई दिल्ली, 06–08 जून, 2019

- स्कूल शिक्षा क्षेत्र निदान के विश्लेषणात्मक ढांचे और तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 15–19 जुलाई, 2019
- ओडिशा में समग्र शिक्षा के तहत जिला स्कूल शिक्षा योजना के विकास के लिए स्कूली शिक्षा में परिणाम आधारित योजना पद्धति, भुवनेश्वर, ओडिशा, 29 जुलाई – 02 अगस्त, 2019
- स्कूल शिक्षा क्षेत्र निदान के विश्लेषणात्मक ढांचे और तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, गुवाहाटी, असम, 19–23 अगस्त, 2019
- बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण पर अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रमः आंकड़ा विश्लेषण और उपकरण, नीपा, नई दिल्ली, 26 अगस्त – 06 सितंबर, 2019
- स्कूल शिक्षा में परिणाम आधारित योजना पद्धतिः असम में सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिला स्कूल शिक्षा योजना के विकास के लिए निहितार्थ, गुवाहाटी, असम, 16–20 सितंबर, 2019

शैक्षिक प्रशासन विभाग

- शैक्षिक प्रशासन में नवाचारों और अच्छी प्रथाओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार योजना का कार्यान्वयन (भाग–ए), नीपा, नई दिल्ली, अप्रैल 2019–मार्च 2020
- गैर–शिक्षण गतिविधियों में शिक्षकों की भागीदारी और शिक्षा पर इसका प्रभाव, नीपा, नई दिल्ली, 08–10 मई 2019

- तृतीय अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट की समीक्षा, नीपा, नई दिल्ली, 13–14 मई, 2019
- केंद्र शासित प्रदेशों में शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यप्रणाली पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 22–23 जुलाई, 2019
- विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अकादमिक प्रशासकों के लिए शैक्षिक प्रशासन में नेतृत्व पर कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 24–26 जुलाई, 2019
- उच्च शिक्षा के संस्थागत प्रशासन में नवाचारों और अच्छे व्यवहार पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 19–21 अगस्त, 2019
- उच्च शिक्षा में कौशल विकास प्रबंधन पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 9–13 दिसंबर, 2019

- एम.एड. छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम – आरआईई, भोपाल, मध्य प्रदेश, नीपा, नई दिल्ली, 25–29 नवंबर, 2019
- एम.एड. छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम – जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, नीपा, नई दिल्ली, 01–15 जनवरी, 2020

शैक्षिक वित्त विभाग

- शिक्षा में लैंगिक बजट पर राष्ट्रीय कार्यशाला, हैदराबाद, तेलंगाना, 4–6 मार्च, 2020
- शिक्षा में वित्तीय योजना और प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 19–23 अगस्त, 2019

- महाविद्यालय वित्त योजना और प्रबंधन पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 06–10 जनवरी, 2020

शैक्षिक नीति विभाग

- बचपन में हिंसा पर वैश्विक रिपोर्टः प्रसार कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 04 अप्रैल, 2019
- आरटीई के तहत वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर अभिविन्यास कार्यशालाः नीतिगत मुद्दे और कार्यक्रम हस्तक्षेप, नीपा, नई दिल्ली, 29 अप्रैल–03 मई, 2019
- शिक्षा में राज्य स्तरीय क्षमता निर्माण संस्थानों के महत्वपूर्ण मूल्यांकन पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 24–28 जून, 2019
- शिक्षा में गुणात्मक अनुसंधान विधियों और नीति विश्लेषण पर राष्ट्रीय कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 01–12 जुलाई, 2019

- शिक्षा में सार्वजनिक नीति निर्माण पर अभिविन्यास कार्यक्रमः समावेशी शिक्षा के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना, नीपा, नई दिल्ली, 13–17 अगस्त, 2019
- गांधीवादी शैक्षिक विचारों की शिक्षा प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय चर्चा बैठकः नीतियों और व्यवहारों के लिए निहितार्थ, नीपा, नई दिल्ली, 4–5 अक्टूबर, 2019
- परियोजना के लिए कार्यशाला – शिक्षा में राज्य स्तरीय क्षमता निर्माण संस्थानों का एक महत्वपूर्ण आकलन, नीपा, नई दिल्ली, 2–3 दिसंबर, 2019
- पूर्वोत्तर राज्यों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में संविधान की छठी अनुसूची के तहत स्थानीय प्राधिकरण और स्वायत्त जिला परिषदों के कामकाज पर उन्मुखीकरण कार्यशाला, आइजोल, मिजोरम, 25–29 नवंबर, 2019

विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा विभाग

- भारत में प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की भागीदारी में सुधार पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 27–31 मई, 2019
- भारत में गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के प्रबंधन के लिए प्रणालीगत सुधार पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 06–08 जनवरी, 2019

- शिक्षक शिक्षा में बदलाव पर राष्ट्रीय सलाहकार बैठकः स्कूली शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका, केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईएचसी, नई दिल्ली, 20–21 जनवरी, 2020

उच्चतर एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग

- भारतीय स्नातक महाविद्यालयों में पुस्तकालय सुविधाओं पर अनुसंधान परियोजना के लिए उपकरण विकसित करने और छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन पर इसके प्रभाव पर परामर्शी बैठक, नीपा, नई दिल्ली, 27–28 जून, 2019
- उच्च शिक्षा में अभिशासन और संकाय प्रबंधन और विकास पर मॉड्यूल को अंतिम रूप देने के लिए कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 26–30 अगस्त, 2019

- उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, ओडिशा, के अकादमिक संकाय के लिए संकाय विकास कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली 02–06 मार्च, 2020
- अकादमिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम (लीप के तहत), डेलनेट, नई दिल्ली, 13–22 मार्च, 2020

शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग

- स्कूली शिक्षा की योजना और निगरानी में संकेतकों के उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, पुडुचेरी, 10–14 जून, 2019
- स्कूली शिक्षा की योजना और निगरानी में संकेतकों के उपयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 16–20 दिसंबर, 2019

शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विभाग

- शैक्षिक योजना और प्रशासन में 35वां अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) (प्रथम चरण), नीपा, नई दिल्ली, 2 फरवरी – 30 अप्रैल, 2019

- 5वां पीजीडेपा (चरण–IV और V), नीपा, नई दिल्ली, 22–26 अप्रैल, 2019 और 29 अप्रैल – 3 मई, 2019
- 5वां पीजीडेपा (चरण–VI), नीपा, नई दिल्ली, 08–12 जुलाई, 2019
- शैक्षिक प्रशासकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 15 जुलाई – 09 अगस्त 2019
- शैक्षिक योजना और प्रशासन में छठा स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा–द्वितीय चरण), नीपा, नई दिल्ली, 01 सितंबर – 30 नवंबर, 2019
- म्यांमार से शैक्षिक प्रशासकों के लिए शैक्षिक प्रबंधन में अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (द्वितीय आईपीईएम), नीपा, नई दिल्ली, 01–23 नवंबर, 2019
- शैक्षिक योजना और प्रशासन में 36वां अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) (प्रथम चरण), नीपा, नई दिल्ली, 1 फरवरी – 30 अप्रैल, 2020

राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र

- केंद्रीय विद्यालय संगठन–आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बाल विद्यालय, सीबीएसई उत्कृष्टता स्कूलों, के सहयोग के लिए परामर्श कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 11–13 दिसंबर, 2019

- स्कूल नेतृत्व अकादमियों के लिए कार्यान्वयन योजना (2019–20) और आकलन ढांचे पर अभिविन्यास कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 09–11 सितंबर, 2019
- क्षेत्रीय समीक्षा और योजना कार्यशाला 1, नीपा, नई दिल्ली, 30–31 जुलाई, 2019
- स्कूली शिक्षा में नेतृत्व और प्रबंधनः आईईएस परिवीक्षाधीनों के लिए अनुरोध कार्यक्रम – 2018 बैच, 19–23 अगस्त, 2019, नीपा, नई दिल्ली
- स्कूलों में गुणवत्ता सुधार के लिए नेतृत्व पर राष्ट्रीय सम्मेलन, आईएचसी, नई दिल्ली, 27–28 फरवरी, 2020
- राष्ट्रीय सलाहकार समिति की एक दिवसीय बैठक, नीपा, नई दिल्ली, 04 मार्च, 2020

राज्य के घटक

- नागालैंड में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 06 जून – 06 जुलाई, 2019
- मणिपुर में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 15 जुलाई – 08 अगस्त, 2019
- उत्तराखंड में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 01–30 जून, 2019
- सिक्किम में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 27 जून – 24 जुलाई, 2019

- आंध्र प्रदेश में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 01–30 मई, 2019 और 16 जुलाई – 14 अगस्त, 2019 (2 चरणों में)
- राजस्थान में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स (प्रथम बैच), 28 दिसंबर, 2018 – 11 जनवरी, 2019
- राजस्थान में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स (द्वितीय बैच), 10–24 जुलाई, 2019
- हरियाणा में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 16–21 सितंबर, 2019 और 4–20 नवंबर, 2019 (2 चरणों में)
- चंडीगढ़ में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 16 दिसंबर, 2019 – 31 जनवरी, 2020 (2 चरणों में)
- उत्तराखंड में स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर एक महीने का सर्टिफिकेट कोर्स, 02–31 जनवरी, 2020

संबंधित राज्यों के राज्य एडब्ल्यूपीबी 2019–2020 में समीक्षा और प्रतिक्रिया कार्यशालाएं

- कर्नाटक राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, फरवरी 2019
- छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, 28–29 जून, 2019
- हिमाचल प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, जून 2019
- अरुणाचल प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, 17–18 जून, 2019
- उत्तराखंड राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, 13–14 अगस्त, 2019
- आंध्र प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, (प्रथम बैच), 21–22 अगस्त, 2019
- आंध्र प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, (द्वितीय बैच), 27–28 अगस्त, 2019
- आंध्र प्रदेश राज्य में स्कूल नेतृत्व विकास पर फीडबैक कार्यशाला की समीक्षा, (तृतीय बैच), 29–30 अगस्त, 2019

उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र

- आईएचईआर 2020: रोजगार पर पहली सहकर्मी समीक्षा बैठक, नीपा, नई दिल्ली, 20 जून, 2019
- आईएचईआर 2020: रोजगार पर दूसरी सहकर्मी समीक्षा बैठक, नीपा, नई दिल्ली, 26 सितंबर, 2019

- उच्च शिक्षा में पहुंच, समानता और स्थिरता में सुधार के लिए अंतर्राष्ट्रीयकरण (नॉर्डिक–नीपा सहयोग कार्यक्रम), नीपा, नई दिल्ली, 31 अक्टूबर, 2019
- संस्थागत स्वायत्तता और शासन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, नीपा, नई दिल्ली, फरवरी 20–21, 2020

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन एकक

- शाला सिद्धि, के स्कूल प्रदर्शन विश्लेषण पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 13 अगस्त, 2019
- शाला सिद्धि, के स्कूल प्रदर्शन विश्लेषण पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 27 सितंबर, 2019

- ''गुणवत्ता सुधार के लिए स्कूल आकलन'' पर मॉड्यूल के विकास के लिए कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 25–26 नवंबर, 2019
- शाला सिद्धि पर उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय कार्यशालाएं, नीपा, नई दिल्ली, 4–5 दिसंबर, 2019
- शाला सिद्धि–द्वितीय, पर राष्ट्रीय सलाहकार बैठकें, नीपा, नई दिल्ली, 24–25 फरवरी, 2020
- एसएसए समग्र शिक्षा, दिल्ली, में स्कूल बाह्य मूल्यांकन–शाला सिद्धि पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 21–23 नवंबर, 2019
- राजस्थान में स्कूल बाह्य मूल्यांकन–शाला सिद्धि पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 18 अक्टूबर, 2019
- बिहार में स्कूल बाह्य मूल्यांकन–शाला सिद्धि पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 28–29 नवंबर, 2019
- आन्ध्र प्रदेश में स्कूल बाह्य मूल्यांकन–शाला सिद्धि पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 03–04 फरवरी, 2020

सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

- स्वयम प्लेटफॉर्म, के माध्यम से मूक पाठ्यक्रमों को डिजाइन, विकसित और वितरित करने के लिए संकाय विकास कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 01–06 जुलाई, 2019
- स्वयम प्लेटफॉर्म, के माध्यम से मूक पाठ्यक्रमों को डिजाइन, विकसित और वितरित करने के लिए संकाय विकास कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 05–10 अगस्त, 2019
- शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर संकाय विकास कार्यक्रम, नीपा, नई दिल्ली, 25–30 नवंबर, 2019

राष्ट्रीय शिक्षा संसाधन केंद्र (एनआरसीई)

- उच्च शिक्षा में शिक्षकों के लिए अर्थशास्त्र संसाधनों पर द्वितीय चरण कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 13–14 जनवरी, 2020
- उच्च शिक्षा में विज्ञान और सामाजिक विज्ञान शिक्षकों के लिए शिक्षण अधिगम संसाधनों पर द्वतीय चरण कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 15–16 जनवरी, 2020
- उच्च शिक्षा में जीवन–विज्ञान संसाधन शिक्षकों पर कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 16–17 जनवरी, 2020
- उच्च शिक्षा में शिक्षकों के लिए अनुसंधान पद्धति संसाधनों पर दो दिवसीय कार्यशाला, नीपा, नई दिल्ली, 30–31 जनवरी, 2020

वर्ष 2019–20 के दौरान, डिप्लोमा कार्यक्रमों के अलावा, नीपा ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 86 अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, संगोष्ठी, सम्मेलन और बैठकें आयोजित की।

कुल 3704 प्रतिभागियों में से 3621 (तालिका 2.4) भारतीय प्रतिभागी थे तथा शेष 83 प्रतिभागी अन्य देशों और अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों से थे (तालिका 2.3)।

संस्थान के स्थापना दिवस

संस्थान प्रतिवर्ष 11 अगस्त को अपना स्थापना दिवस मनाता है। प्रथम स्थापना दिवस व्याख्यान 2007 में प्रो. प्रभात पटनायक उपाध्यक्ष, केरल राज्य योजना बोर्ड ने 'आल्टरनेटिव पर्सपेक्टिव्स ऑन हायर एजुकेशन इन द कांटेक्स्ट ऑफ ग्लोबलाइजेशन' पर दिया गया। दूसरा व्याख्यान 2008 में 'डिजाईनिंग आर्किटेक्चर फार ए लर्निंग रिवाल्यूशन बेसड आन ए लाईफ साइकिल अप्रोच' पर प्रो. एम.एस. स्वामीनाथन, संसद सदस्य (राज्य सभा), यूनेस्को इकोटेक्नोलॉजी पीठ, एम.एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउन्डेशन ने दिया, तीसरा व्याख्यान 2009 में प्रो. आंदेबेतिल, राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर तथा प्रोफेसर ऐमिरेटस, समाजशास्त्र, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'यूनिवर्सीटीज़ ने 'एजुकेशन, ऑटोनॉमी एंड अकाउन्टेबिलटी' विषय पर दिया। 2010 में चौथा व्याख्यान प्रो. मृणाल मिरी, अध्यक्ष, सेंटर फार द स्टडी आफ डवलपिंग सोसायटीज़ ने 'एजुकेशन, ऑटोनॉमी एंड अकाउन्टेबिलिटी' विषय पर दिया। सातवां स्थापना दिवस व्याख्यान प्रो. कृष्ण कुमार, प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'एजुकेशन एंड मोर्डनटी इन रूरल इंडिया' विषय पर दिया। आठवां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2014 में इमेजनिंग नॉलेजः ड्रीमिंग डेमोक्रेसी' पर प्रो. शिव विश्वनाथन, प्रोफेसर, स्कूल आफ गवर्नमेन्ट एंड पब्लिक पॉलिसी, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनीवर्सीटी ने दिया। नौवां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2015 में एजुकेशन एज एन इस्ट्रयूमेन्ट आफ सोशन ट्रांसफारमेशनः द रोल आफ मदरटंग विषय पर टी.के. ओमेन प्रो. एमिरेटस, जेएनयू नई दिल्ली ने दिया। दसवां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2016 में टी.एन. मदान, माननीय प्रो. इंस्टीट्यूट ऑफ इकानॉमिक ग्रोथ, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ने ''एम.आई.एन. एजूकेटेड पर्सन? रिफ्लेक्टिंग ऑन बिकमिंग एंड बीईंग'' पर दिया। 11वां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2017 में प्रो. कुलदीप माथुर, भूतपूर्व निदेशक, नीपा तथा प्रोफेसर विधि और अभिशासन, जे.एन.यू., नई दिल्ली द्वारा ''चेंजिंग पर्सपैक्टिव्सः नियो लिबरल पॉलिसी रिफॉर्म्स एंड एजुकेशन इन इंडिया'' विषय पर दिया गया। 2018 में बारहवां स्थापना दिवस व्याख्यान प्रो. मनोरंजन मोहंती, राजनीति विज्ञान, दिल्ली विश्वविद्यालय (सेवानिवृत्त), माननीय प्रोफेसर, सामाजिक विज्ञान परिषद, नई दिल्ली द्वारा ''द पूअर बी.ए. स्टूडेन्टः क्राईसिस ऑफ अन्डरग्रेजुएट एजुकेशन इन इंडिया'' विषय पर दिया गया। अगस्त 2019 में समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत 13वां स्थापना दिवस व्याख्यान प्रो. पंकज चन्द्रा, कुलपति, अहमदाबाद विश्वविद्यालय, अहमदाबाद ने 'गर्वनिंग अकाडेमिकः विद् इन एंड विद्ाऊट विषय पर दिया।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

वर्ष के प्रत्येक 11 नवंबर को मौलना अबुल कलाम आज़ाद की वर्षगांठ पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया जाता है। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद 15 अगस्त 1947 से 2 फरवरी 1958 तक भारत के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रहे थे। इस पावन अवसर पर नीपा प्रत्येक वर्ष मौलाना अबुल कलाम आज़ाद स्मृति व्याख्यान का आयोजन करता है। इस स्मृति श्रृंखला में प्रतिष्ठित शिक्षाविद् जैसे प्रोफेसर के.एन. पाणिकर, मुशीरूल हसन, अमिया बागची, पीटर डीसुजा, जोया हसन, कपिला वात्सायन, अपर्णा बासु, फुरकान कमर और फैज़ान मुस्तफा ने व्याख्यान दिया।

दसवां मौलाना आज़ाद व्याख्यान दिनांक 11 नवंबर 2019 को भारतीय पुनर्वास केन्द्र में प्रो. नीरा चंडोक, भूतपूर्व राजनीति विज्ञान प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली ने दिया। व्याख्यान का विषय था 'एजुकेशन एंड द काम्पलेक्स वर्ल्ड ऑफ कल्चर', व्याख्यान की अध्यक्षता प्रो. टी.के. ओमेन, प्रो. एमिरटस, सेंटर फार द स्टडी ऑफ सोशल सिस्टमस, स्कूल आफ सोशल साईन्स, जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय ने की। इस समारोह में नीपा के छात्र, संकाय सदस्य तथा आमंत्रित अतिथियों के अलावा दिल्ली के अन्य संस्थानों के शिक्षाविद् और छात्रों ने भाग लिया।


भारत
राज्यवार भागीदारी
2019-20
लद्दाख
जम्मू और कश्मीर
52
हिमाचल प्रदेश
98
121
19
चंडीगढ
पंजाब
58
उत्तराखण्ड
हरियाणा
246
दिल्ली
279
राजस्थान
276
उत्तर प्रदेश
279
76
सिक्किम
अरूणाचल प्रदेश
24
164
असम
52
नागालैण्ड
158
बिहार
मेघालय
36
48
मणिपुर
झारखण्ड
त्रिपुरा
27
29
मिजोरम
165
गुजरात
259
मध्य प्रदेश
41
पश्चिम बंगाल
33
67
छत्तीसगढ़
दमन और दीव
दादरा एवं नगर हवेली
308
महाराष्ट्र
उड़ीसा
112
अरब सागर
तेलंगाना
71
16
गोआ
204
कर्नाटक
आंध्र प्रदेश
144
बांगाल की खाड़ी
1
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (भारत)
6
पुडुचेरी
119
तमिलनाडु
लक्षद्वीप (भारत)
33
केरल
(इंदिरा प्वाइंट)
हिन्द महासागर
Map not to scale

3

अनुसंधान

NARESH KUMAR

अनुसंधान

संस्थान, शिक्षा क्षेत्र में विकासात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति को सुनिश्चित करने हेतु साक्ष्य आधारित विकल्पों और रणनीतियों को तैयार के लिए नवीन ज्ञान जुटाने हेतु, शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन को विशेषकर ध्यान में रखते हुए, विभिन्न विषयों में पारस्परिक शोध और अध्ययनों को बढ़ावा और सहायता प्रदान करता आ रहा है। संस्थान भारत के विभिन्न राज्यों और अन्य देशों में भी गुणात्मक तथा गणनात्मक दोनों प्रकार के शोध, वर्तमान नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पुनरीक्षण और मूल्यांकन की तकनीकों तथा प्रशासनिक ढ़ांचों एवं प्रविधियों में तुलनात्मक अध्ययन करता है। अध्ययनों सहित ऐसे कार्य–शोध पर जोर दिया जाता है, जो शैक्षिक नीति,

योजना और प्रबंधन में सुधार के लिए मुख्य क्षेत्रों में नवीन ज्ञान को सृजित कर सकता है।

एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अतिरिक्त, राष्ट्रीय संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा किए जाने वाले शोध अध्ययनों, अन्य ऐजेंसियों द्वारा प्रायोजित शोध अन्तरर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त अध्ययनों कार्यक्रम मूल्यांकन अध्ययनों और आंकड़ा प्रबंधन अध्ययनों जैसे शोध कार्यक्रम को भी सहायता प्रदान करता है। शिक्षा प्रणाली में उठने वाले संभावित प्राथमिकता के मुद्दों अथवा भारतीय शिक्षा प्रणाली वास्तव में जिन मुद्दों से जूझ रही है, उनसे संबंधित शोध अध्ययन होते हैं। समीसाधीन वर्ष के दौरान, 13 शोध अध्ययन पूर्ण किए गए, जबकि 30 अध्य्यन प्रगति पर हैं।

पूर्ण शोध अध्ययन

(31 मार्च, 2020 तक)

1. निजी मानद् विश्वविद्यालयों में फीस का निर्धारण

अन्वेषकः डा. जिणुशा पाणिग्राही

जून, 2019 में परियोजना पूर्ण हुई

2. बिहार में उच्च शिक्षा का अभिशासन

अन्वेषकः प्रो. सुधांशु भूषण

अध्ययन पूरा हुआ और मसौदा रिपोर्ट कुलपति को प्रस्तुत की गई तथा बाद में मसौदे की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक आयोजित की गई और उनके सुझावों को शामिल किया गया है।

3. सार्वजनिक नीतियों और निजी क्षेत्र के विकास के बीच असमानता और उच्च शिक्षा (सीईपीईडी–एएफडी–पेरिस डेसकार्टेस यूनिवर्सिटी के सहयोग से ईएसपीआई अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना)

अन्वेषकः डा. जिणुशा पाणिग्राही और डा. निधि एस. सभरवाल

फरवरी 2020, में परियोजना पूर्ण हुई

4. स्कूलों में 'विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता' वाले बच्चों को शामिल करने के लिए नीति और व्यवहार पर एक अध्ययन

अन्वेषकः डा. वीरा गुप्ता

अध्ययन पूर्ण हुआ।

5. भारत में प्राथमिक स्तर पर बच्चों की स्कूली भागीदारी में सुधार के लिए सहभागी कार्रवाई अनुसंधान

अन्वेषकः डा. मधुमिता बंद्योपाध्याय

अध्ययन पूर्ण हुआ।

6. दिल्ली में प्री–स्कूल शिक्षा प्रदान करने वाली निजी फ्रेंचाइजी का एक अध्ययन

अन्वेषकः डा. सविता कौशल

अध्ययन पूर्ण हुआ।

7. प्राथमिक स्तर पर मुस्लिम बच्चों के बीच गैर–नामांकन और ड्रॉपआउट के कारणः आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश का तुलनात्मक अध्ययन

अन्वेषकः डा. वेटुकुरी पी.एस. राजू

अध्ययन पूर्ण हुआ।

8. भारतीय निजी विश्वविद्यालय अधिनियमों और शुल्क का विनियमन का अध्ययन

अन्वेषकः डा. संगीता अंगोम

अध्ययन पूर्ण हुआ।

अनुसंधान अध्ययन (जारी)

(31 मार्च, 2020 तक)

1. शैक्षिक प्रशासन और विषयगत अध्ययन का तीसरा अखिल भारतीय सर्वेक्षण

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश

शैक्षिक प्रशासन विभाग ने दिसंबर 2014 में शुरू किए गए सर्वेक्षण कार्य का तीसरा अखिल भारतीय सर्वेक्षण का संचालन करने का प्रस्ताव किया। सभी राज्यों से अनुरोध किया गया था कि वे राज्यों में शैक्षिक प्रशासन का कार्य सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों को नामित करें। उन्हें रिपोर्ट तैयार करने के लिए जानकारी और डेटा एकत्र करने के साथ–साथ प्रारूप और सामग्री के लिए उपकरण भी प्रदान किए गए थे। अधिकांश राज्यों ने सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया और अपने–अपने राज्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी।

हालांकि, छह राज्यों (झारखंड, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान, त्रिपुरा, मेघालय) में सर्वेक्षण कार्य बहुत प्रगति नहीं कर सका। इन राज्यों को एक बार फिर सर्वेक्षण कार्य के लिए राजी किया गया।

दिल्ली, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, राजस्थान और त्रिपुरा में शैक्षिक प्रशासन का सर्वेक्षण अप्रैल में नीपा में नोडल अधिकारियों की कार्यशाला के साथ शुरू किया गया था। 12–13 अप्रैल 2018 को नए नोडल अधिकारियों और उनकी टीम के सदस्यों के लिए सर्वेक्षण की प्रक्रिया और विधि के साथ राज्य रिपोर्ट तैयार करने और नोडल अधिकारियों को परिचित करने के लिए अभिविन्यास कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इन राज्यों के 17 अधिकारियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। नोडल अधिकारी और टीम के सदस्य रिपोर्ट की तैयारी के लिए सर्वेक्षण कवरेज, कार्यप्रणाली, सामग्री और प्रारूप के बारे में उन्मुख थे। इस तरह इन छह राज्यों में

9. शिक्षा में राज्य स्तरीय क्षमता निर्माण संस्थानों का समलोचनात्मक मूल्यांकन

अन्वेषकः प्रो. नजमा अख्तर और डा. सविता कौशल

अध्ययन पूर्ण हुआ।

10. शैक्षिक प्रशासन में महिलाएँः भारत के चुनिंदा राज्यों में उनकी स्थिति, मुद्दे और चुनौतियों का अध्ययन

अन्वेषकः डा. मंजू नरूला

अध्ययन पूर्ण हुआ।

11. उच्च शैक्षिक बहि–प्रवास के कारणों और परिणामों पर स्थानिक परिप्रेक्ष्यः हिमाचल प्रदेश का केस अध्ययन

अन्वेषकः डा. सुमन नेगी

अध्ययन पूर्ण हुआ।

12. अकादमिक नेटवर्क की वैश्विक पहल (ज्ञान) योजना का मूल्यांकन

अन्वेषकः डा. सुमन नेगी

परियोजना 'ज्ञान योजना का मूल्यांकन' पूर्ण हो गया है।

13. भारत में चुनिंदा राज्यों में आरएमएसए के तहत जिला माध्यमिक शिक्षा योजना के विकास पर कार्य अनुसंधान परियोजना

अन्वेषकः प्रो. के. बिस्वाल और डा. एन.के. मोहंती

अध्ययन पूर्ण हुआ।

सर्वेक्षण के दूसरे चरण के औपचारिक शुभारंभ का मार्ग प्रशस्त हुआ।

छह राज्यों (दिल्ली, झारखंड, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, राजस्थान और त्रिपुरा) में सर्वेक्षण की दिशा में प्रगति हुई।

सभी छह राज्यों में सर्वेक्षण का काम शुरू हो गया है। राज्यों में सर्वेक्षण करने की पद्धति के एक भाग के रूप में, झारखंड, मेघालय, राजस्थान और त्रिपुरा में राज्य स्तरीय कार्यशालाएं पूरी हो चुकी हैं। सर्वेक्षण कार्य पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधिकारियों की नीपा में बैठक हुई। सर्वेक्षण के अनुसार, शैक्षिक प्रशासन के सचिवालय, निदेशालय, क्षेत्रीय, जिला, ब्लॉक और संस्थागत स्तरों पर शिक्षा विभाग के संगठनात्मक सेट–अप, भूमिकाओं, कार्यों और गतिविधियों को कवर करते हुए राज्य, क्षेत्रीय, जिला ब्लॉक और संस्थागत स्तरों से आंकड़े और जानकारी एकत्र की जानी है। यह माध्यमिक और प्राथमिक डेटा और सूचना दोनों को कवर करता है। प्राथमिक डेटा वर्ष 2017–2018 से संबंधित होगा। सर्वेक्षण के नमूने में तीन जिले शामिल हैं– एक शैक्षिक रूप से उन्नत; एक मध्यम रैंकिंग और एक पिछड़ा; नमूने के प्रत्येक जिले से तीन ब्लॉक; और 24 स्कूल हैं। प्रत्येक जिले से आठ स्कूल जिनमें 2 प्राथमिक, 2 उच्च प्राथमिक, 2 माध्यमिक और 2 वरिष्ठ माध्यमिक शामिल हैं। सर्वेक्षण का काम पांच राज्यों में शुरू हुआ है।

चार राज्यों– झारखंड, मेघालय, राजस्थान और त्रिपुरा में राज्य स्तरीय कार्यशालाओं और बैठकों में सर्वेक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मेघालय, झारखंड, राजस्थान और त्रिपुरा जैसे चार राज्यों ने राज्य रिपोर्टों का पहला मसौदा पूरा कर लिया है। दिल्ली ने विभाग को रिपोर्ट तैयार करने के लिए सभी संबंधित दस्तावेज और सामग्री प्रदान की है। डेटा दर्ज किया गया है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है। शिक्षा विभाग, रा.रा. क्षेत्र दिल्ली के इनपुट के आधार पर दिल्ली रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट पर चर्चा और अंतिम रूप देने के लिए 13–14 मई 2019 को नीपा में आयोजित एक समीक्षा बैठक में नोडल समन्वयकों और सर्वेक्षण दल के कुछ सदस्यों ने भाग लिया। मेघालय और राजस्थान से अंतिम मसौदा प्राप्त हुआ। अन्य राज्यों से रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।

2. शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यों का अध्ययन (शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण के भाग के रूप में विषयगत अध्ययन)

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश, डा. मंजू नरूला और डा. विनीता सिरोही

अध्ययन का उद्देश्य शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्य के पहलू पर संसाधन डाटा अंतराल को पूरा करना है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शैक्षिक प्रशासन की संरचना और कार्यों पर शायद ही जानकारी उपलब्ध है। शिक्षा विभाग की वेबसाइटों में संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शैक्षिक प्रशासन की संरचना की बुनियादी जानकारी शामिल है, लेकिन ये मुख्य रूप से सचिवालय और निदेशालय स्तरों तक सीमित हैं। अधिकांश मामलों में निदेशालय स्तर से नीचे शैक्षिक प्रशासनिक ढांचे की जानकारी बहुत कम है।

यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि जिले में और जिला स्तर के नीचे के अधिकारियों के पदनाम, स्थिति और भूमिका में काफी भिन्नताएं हैं। क्षेत्र स्तर के शैक्षिक प्रशासन की स्थिति, भूमिका और कार्यात्मक जिम्मेदारियों का शैक्षिक सेवाओं के कुशल और प्रभावी वितरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है। जिले और निचले स्तर पर शैक्षिक प्रशासन नीतियों और शैक्षिक विकास के कार्यक्रमों को लागू करना जिम्मेदारियों से भरा हुआ है। इसके अलावा, हाल के वर्षों में शैक्षिक विकास के लिए नीतिगत पहल, क्षेत्र स्तर पर शैक्षिक प्रशासन की स्थिति, भूमिका और कार्यों में मानकीकरण कुछ हद तक आवश्यक है। वास्तव में, संरचनाओं और कार्यों में कोई समानता नहीं है। शैक्षिक प्रशासन से संबंधित कई समस्याएं और मुद्दे हैं। तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण शैक्षिक प्रशासन की राज्य रिपोर्टें इन्हें इंगित करती हैं। शैक्षिक प्रशासन की नई चुनौतियाँ किस हद तक प्रशासनिक संरचना नई मांगों और चुनौतियों के लिए पर्याप्त रूप से जवाबदेह है, इसके अन्वेषण की आवश्यकता है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कई राज्यों ने विभिन्न स्तरों पर, विशेष रूप से जिला और ब्लॉक स्तरों पर अपने प्रशासनिक ढांचे में सुधार किए हैं। बिहार कई अन्य राज्यों के साथ इस संबंध में उदाहरण है। कुछ राज्यों में शुरू किए गए सुधार के उपाय दूसरों के लिए शिक्षाप्रद हो सकते हैं। कई बार प्रशासनिक संरचना में किए गए

सुधार और राज्य में इसकी कार्यात्मक जिम्मेदारियां अन्य राज्यों के लिए सीखने की संभावनाओं को खोलती हैं। सार्वजनिक डोमेन में सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण, पारस्परिक रूप से सीखने की संभावना नहीं है। विभिन्न स्तरों शैक्षिक प्रशासन की संरचना पर जानकारी की अनुपलब्धता के अलावा; राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में शैक्षिक प्रशासन के हर स्तर से जुड़ी कार्यात्मक जिम्मेदारी पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में वर्तमान अध्ययन किया गया है। वर्तमान अध्ययन ने तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण में शेष अंतरालों को भरने और साथ ही साथ सूचना की आलोचनात्मकता शैक्षिक प्रशासन के चार महत्वपूर्ण स्तरों पर किए हैं; संघ स्तर पर शैक्षिक प्रशासन, केंद्र शासित प्रदेशों में शैक्षिक प्रशासन, राज्यों में शैक्षिक प्रशासन; और रा.रा.क्षे. दिल्ली में शैक्षिक प्रशासन।

एकत्रित आंकड़ों के माध्यमिक स्रोतों को शैक्षिक प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर एकत्र किया गया है। सूचना का प्रारंभिक संकलन प्रगति पर है। प्रारंभिक लेखन को तीन स्तरों– संघ, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को नीपा में आयोजित होने वाली तीन कार्यशालाओं में साझा और चर्चा की गई है। 22–23 जुलाई, 2019 को केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्य प्रगति पर है।

3. शैक्षिक प्रशासन में जिला और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की स्थिति, भूमिका और जिम्मेदारियां (तृतीय अखिल भारतीय सर्वेक्षण प्रशासन का हिस्सा के रूप में विषयगत अध्ययन)

अन्वेषकः प्रोफेसर कुमार सुरेश, डा. मंजू नरूला और डा. वी. सुचरिता

जिला और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण शैक्षिक अधिकारी होते हैं। वे स्कूलों के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला और ब्लॉक स्तर पर शैक्षिक प्रशासन उनकी निगरानी और समर्थन के मामले में स्कूलों से निकटता से जुड़े होते है; वे स्कूलों और उच्च स्तर के शैक्षिक प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। स्कूल स्तर पर सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण कार्यकारी जिम्मेदारियों को दर्शाता है। भूमिका और जिम्मेदारियों के विस्तार के संपूर्ण पहुंच को समझना महत्वपूर्ण है कि कैसे ये अधिकारी क्षेत्र स्तर पर उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। इस अध्ययन के आंकड़े प्राथमिक और माध्यमिक दोनों स्रोतों पर आधारित है।

अध्ययन मुख्य रूप से तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण शैक्षिक प्रशासन के साथ जिला शिक्षा अधिकारियों और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलनों के साथ–साथ जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों से संबंधित क्षेत्र–आधारित आंकड़ा संग्रह पर उपलब्ध डेटाबेस पर आधारित होगा। शैक्षिक प्रशासन के तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण की राज्य रिपोर्ट में विवरणात्मक प्रारूप के अनुसार जिला और ब्लॉक स्तर के शैक्षिक प्रशासन के बारे में कुछ बुनियादी जानकारियों के अलावा, जिसमें वर्णनात्मक प्रारूप के अनुसार स्थिति, भूमिका और कार्यकारी जिम्मेदारियां शामिल हैं। हालांकि, विश्लेषणात्मक आयाम शामिल नहीं हैं। वर्णनात्मक आंकड़ों का विश्लेषण एक महत्वपूर्ण परिप्रेक्ष्य से किया जाएगा। वर्तमान अध्ययन मुख्य रूप से क्षेत्र अध्ययन के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों और जानकारी के अलावा आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित होगा। विश्लेषणात्मक दृढ़ता के संदर्भ में वर्णनात्मक आंकड़ों के महत्व को जोड़ने के लिए, गुणात्मक आयामों को भारत के विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले छह जिलों और छह ब्लॉकों को जोड़ा जा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों और क्षेत्र आधारित आंकड़ों की स्थिति, जिला और ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों की भूमिका, जिम्मेदारियों और चुनौतियों दोनों के विश्लेषण के आधार पर अध्ययन किया जाना है।

एकत्रित आंकड़ों के माध्यमिक स्रोत एकत्र कर लिये हैं और प्राथमिक आंकड़ा एकत्र किया जाना बाकी है। दर्ज करने के लिए अनुसंधान उपकरणों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रिपोर्ट आंकड़ों के प्राथमिक और माध्यमिक दोनों स्रोतों को इकट्ठा करने और उनके मिलान के बाद तैयार की जाएगी। अध्ययन पूर्ण होने में कुछ समय लग सकता है।

4. भारत के शैक्षिक शासन में संघवाद और संघ–राज्य संबंध

अन्वेषकः प्रो. कुमार सुरेश

संघीय प्रणालियों में शैक्षिक प्रशासन संवैधानिक रूप से अनिवार्य न्यायिक विनिर्देश और सरकार के गठन के

बाद से दो स्तरों– सरकारी और घटक इकाइयों के बीच जिम्मेदारियों को सौंपने पर आधारित है। कुछ मामलों में शिक्षा के संचालन की जिम्मेदारी विशेष रूप से घटक इकाइयों की होती है। संघीय इकाइयों के लिए नीति और वित्तीय स्वायत्तता स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारियों के वितरण के आधार पर होती हैं। अतः शिक्षा के शासन में संघीय सरकारों और घटक इकाइयों के बीच संबंधों की प्रकृति को निर्धारित करता है।

भारत में शैक्षिक प्रशासन की अपनी गतिशीलता संघीय विविधता के तर्क और संदर्भ में गहराई से निहित है। संघ और राज्यों के संवैधानिक रूप से परिभाषित जिम्मेदारियों और यथोचित सीमांत क्षेत्राधिकार सरकार के दो स्तरों के रूप में भारत में शिक्षा के संघीय शासन का औपचारिक मॉडल है। यह एक स्तर पर संघीय इकाइयों की स्वायत्तता के अंतर्निहित आधार पर आधारित है और दूसरे स्तर पर बड़े संघीय आदेश के साथ जैविक कड़ी है। संघीय सरकार से राज्यों के शैक्षिक प्रयासों में सक्षम भूमिका निभाने और साथ ही संघीय विविधता के साथ राष्ट्रीय (संघीय) प्राथमिकताओं को सामंजस्य बनाने में भी उम्मीद की जाती है।

भारत में शिक्षा का प्रशासन संघ और राज्यों के बीच एक साझा जिम्मेदारी है। साझा जिम्मेदारी का संदर्भ संविधान के 42वें संशोधन द्वारा प्रभावित धाराओं के तर्क का विस्तार है। शासन के इस पहलू को संघ और राज्यों के बीच कुछ हद तक सहयोग की आवश्यकता है। संघ और राज्यों के बीच सहकारी साझेदारी की भाषा अक्सर भारत में शिक्षा के संघीय शासन के मॉडल का वर्णन करने के लिए उपयोग की जाती है। सहकारिता साझेदारी (सहकारी संघवाद) का यह उपयोग प्रशासन की समन्वय संरचना के समरूप संबंधों में कितनी सक्षमता के साथ आ सका है, यह एक ऐसा प्रश्न है जिसके अन्वेषण की आवश्यकता है। निस्संदेह, संवैधानिक व्यवस्था के मूल स्कीमा ने शिक्षा के प्रशासन में राज्यों के लिए एक अपेक्षाकृत स्वायत्त डोमेन की परिकल्पना की थी। हालांकि, शिक्षा में सुधार के लिए संघीय सरकार द्वारा संवैधानिक संशोधनों, अधीनस्थ विधानों और नीतिगत पहलों के रूप में संवैधानिक विकास ने संघ–राज्य संबंधों और शासी शिक्षा में राज्यों की क्षमता को काफी हद तक प्रभावित किया है। विशेष रूप से 1980 के दशक के बाद पिछले कई दशकों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में कई नीतिगत सुधार किए गए हैं। केंद्र सरकार की दिशानिर्देशों में कई केंद्र प्रायोजित योजनाओं और एजेंसियों के प्रसार, इस अवधि के महत्वपूर्ण घटनाक्रम हैं। ये संघीय सरकार के विस्तार की भूमिका और राज्य सरकारों की सिकुड़ती क्षमता के साधन के रूप में हैं। इसी संदर्भ में अध्ययन आयोजित किया जा रहा है।

अध्ययन प्राथमिक और माध्यमिक आंकड़ों के आधार पर डेस्क और क्षेत्र आधारित अनुसंधान दोनों का संयोजन है। इसके तीन घटक हैं। पहले संघ–राज्य संबंधों को प्रभावित करने वाले संवैधानिक और उत्तर संवैधानिक विकास का अध्ययन है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिनियम, अधीनस्थ विधान एवं नीतिगत पहल और केंद्र प्रायोजित योजनाओं में सुधार करना। दूसरा मुख्य रूप से स्कूली शिक्षा पर केंद्रित होगा और तीसरा उच्च शिक्षा पर केंद्रित होगा। अनुभवजन्य अध्ययन के लिए कुछ राज्यों को जानकारी के रूप में लिया जाएगा। परियोजना सलाहकार समिति के विशेषज्ञों और सदस्यों के परामर्श से अध्ययन में शामिल किए जाने वाले आयामों के विवरण पर काम किया जाएगा।

इस अध्ययन की जनवरी 2019 से शुरू हो गया है। माध्यमिक साहित्य और सामग्री एकत्र की गई है। परियोजना की प्रस्तावित अवधि जनवरी 2019 से शुरू होने में दो साल है? इस दौरान परियोजना के विभिन्न चरणों में आंकड़ों और विश्लेषणों का प्रसार किया जाएगा।

5. भारत में तुलनात्मक शैक्षिक लाभ की स्थानिक गतिशीलता

अन्वेषकः प्रो. मोना खरे

परियोजना मुख्य विशेषताएंः भारत में शैक्षिक विकास में अंतर राज्यीय भिन्नता के निर्धारकों की पहचान करने के लिए माध्यमिक आंकड़ा आधारित अनुसंधान अध्ययन; शैक्षिक विकास के संकेतकों की पहचान के बाद शैक्षिक विकास के बहुभिन्नरूपी सूचकांक का विकास करना।

गतिविधियों का प्रदर्शनः स्कूल शिक्षा विकास के लिए सारणीकरण और डाटा विश्लेषण पूर्ण हो चुका है और पहले तीन मसौदा अध्याय तैयार है। उच्च शिक्षा विकास के संकेतक की पहचान की गई है और माध्यमिक

स्रोतों से डाटा संकलन प्रगति पर है। पहचान किए गए स्थानिक विकास और डाटा संकलन के समग्र सूचकांक के निर्माण के लिए संकेतक प्रगति पर हैं। जिला स्तर पर डाटा की उपलब्धता का पता लगाने के लिए, राज्य के चुनिंदा अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। सेमिनार में प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्रकाशित तीन पत्र, प्रकाशन के लिए स्वीकार किए गए हैं, कुछ महीनों में प्रकाशित होने की उम्मीद है।

राज्य स्तरीय विश्लेषण पूरा हो गया है।

जिला स्तर पर आंकड़े एकत्र किये गये हैं; संकलित एवं संपादित तालिकाएँ तैयार कर ली गई हैं। तीन राज्यों के शिक्षा और सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए जिलेवार समग्र सूचकांक पूरे हो चुके हैं। अब जिला स्तरीय बहुभिन्नरूपी सूचकांकों का विश्लेषण किया जा रहा है।

6. मॉड्यूलः उच्च शिक्षा संस्थानों में विविधता और भेदभाव

अन्वेषकः डा. निधि एस. सभरवाल और डा. सी. एम. मलिश

इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना का उद्देश्य छात्र विविधता, भेदभाव और नागरिक शिक्षा पर मॉड्यूल तैयार करना है। मॉड्यूल छात्रों की विविधता और नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक जुड़ाव में उच्च शिक्षा की भूमिका के मुद्दों पर उच्च शिक्षा में संकाय और प्रशासकों को संवेदनशील बनाना होगा।

मॉड्यूल की रूपरेखा के साथ एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया गया। आइसीएसएसआर, मा.सं.वि. मंत्रालय और नीति आयोग के शिक्षाविदों और प्रतिनिधियों के साथ एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया। मॉड्यूलों की मसौदा रूपरेखा तैयार करने के बाद, विशेषज्ञ समूह की पहली बैठक 7 जनवरी 2017 को आयोजित की गई जिसमें प्रत्येक मॉड्यूल को समिति के सामने प्रस्तुत किया गया।

मॉड्यूल के समग्र दृष्टिकोण और सामग्री की सामूहिक समझ विकसित करने में मदद के लिए मॉड्यूल के लेखकों की पहली बैठक 16 मार्च, 2017 को आयोजित की गई थी।

मॉड्यूल के लिए पहचाने गये क्षेत्रों में शामिल हैः

मॉड्यूल 1: उच्च शिक्षा में छात्र विविधता और सामाजिक समावेशः अवधारणा और दृष्टिकोण

मॉड्यूल का प्रमुख उद्देश्य उच्च शिक्षा में छात्र विविधता, समानता और सामाजिक समावेश की अवधारणाओं पर चर्चा; और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृष्टिकोणों पर चर्चा; उच्चतर शिक्षा और कार्रवाई/हस्तक्षेप के क्षेत्रों में छात्र विविधता, समानता और सामाजिक समावेश को व्याख्यित करने के लिए मौजूदा कार्यक्रमों पर चर्चा करना है।

मॉड्यूल 2: उच्च शिक्षा में छात्र विविधता का वर्गीकरण

मॉड्यूल उच्च शिक्षा में छात्र विविधता के चरणों पर चर्चा करेगा और उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र विविधता का आकलन करने की विधियों के बारे में परिचय देगा

मॉड्यूल 3: परिसरों में अकादमिक एकीकरण प्राप्त करने के लिए दृष्टिकोण

मॉड्यूल का उद्देश्य छात्र सामाजिक विशेषताओं और पूर्व–महाविद्यालय शैक्षणिक पृष्ठभूमि में विविधता पर विकास और समझ; सामाजिक और पूर्व–महाविद्यालय की शैक्षणिक पृष्ठभूमि, उच्च शिक्षा के लिए अनुशासन और पारगमन के विकल्प के बीच संपर्क पर एक स्पष्ट समझ विकसित करना; और उच्च शिक्षा के लिए शैक्षिक एकीकरण और सफल पारगमन के प्रति दृष्टिकोण पर चर्चा करना है।

मॉड्यूल 4: उच्च शिक्षा में भेदभाव के रूप

मॉड्यूल का उद्देश्य परिसर में भेदभाव और प्रतीकात्मक हिंसा की अवधारणा पर एक समझ विकसित करना है; उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव के रूपों तथा शैक्षणिक और सामाजिक एकीकरण पर भेदभाव के परिणामों को समझना है।

मॉड्यूल 5: परिसर में सामाजिक समावेश

इसका प्रमुख उद्देश्य उच्च शिक्षा परिसरों में सामाजिक समावेश की व्यापक समझ विकसित करना; छात्रों को विविध पृष्ठभूमि द्वारा सामना किए गए सामाजिक समावेश की चुनौतियों पर चर्चा तथा सामाजिक समावेशी परिसर की विशेषताओं को जानना है।

मॉड्यूल 6: छात्र विविधता के प्रबंधन के लिए संस्थागत तंत्र

इस मॉड्यूल का उद्देश्य यह समझना है कि एक सामूहिक प्रणाली में छात्र विविधता को संस्थागत रूप से प्रबंधित करना महत्वपूर्ण क्यों है; छात्र विविधता के प्रबंधन के लिए मौजूदा संस्थागत तंत्र और संरचनाओं को जानना; छात्र विविधता के प्रबंधन के लिए सामाजिक समावेश और रणनीतियों के लिए विकसित और संस्थागत संस्कृति के दृष्टिकोण का परिचय देना।

मॉड्यूल 7: छात्र विविधता, नागरिक शिक्षा और लोकतांत्रिक भागीदारी

इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में नागरिक शिक्षा की अवधारणा को पेश करना है; नागरिक विविधता के बीच नागरिक शिक्षा के लिए एक संसाधन के रूप में स्पष्ट समझ विकसित करना; नागरिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विविध प्रकार की पहलों के लिए दृष्टिकोणों और प्रकारों को जानना।

इन मॉड्यूलों के मसौदा संस्करण को पूरा किया जा रहा है।

7. भारत में उच्चतर शिक्षा का शासन और प्रबंधन

अन्वेषक: डा. गरिमा मलिक

अनुसंधान परियोजना का उद्देश्य सर्वप्रथम राष्ट्रीय, राज्य और संस्थागत स्तरों पर शासन संरचना और प्रक्रियाओं के विकास का पता लगाना और विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शासी निकायों की भूमिका और कार्यप्रणाली की जांच करना है। अध्ययन उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान और महाराष्ट्र में स्थित संस्थानों में कार्यान्वित किया जा रहा है।

वर्तमान शोध अध्ययन में केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों और उनके संबद्ध महाविद्यालयों में शासन संरचनाओं और प्रक्रियाओं की जांच की है। अध्ययन द्वारा ढांचे का विकास और रूपरेखा का विश्लेषण करना था: (अ) सरकार–विश्वविद्यालय संबंध; (ब) विश्वविद्यालय–विश्वविद्यालय संबंध और (स) विश्वविद्यालय–महाविद्यालय संबंध। अध्ययन शिक्षकों और छात्रों, संस्थागत प्रमुखों, प्रशासकों और प्रश्नावली आधारित जानकारी से साक्षात्कार पर निर्भर करता है।

अध्ययन से पता चलता है कि संस्थानों के प्राधिकारों के हस्तांतरण और दूरस्थ संचालन की निगरानी और प्रत्यक्ष नियंत्रण से सरकार और विश्वविद्यालय के संबंध समय के साथ–साथ विकसित हुए हैं। जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालय अपेक्षाकृत अधिक स्वायत्तत हैं और उन्हें दी जाने वाली धनराशि उच्च स्तर पर है। राज्य विश्वविद्यालय अधिक नियंत्रण के अधीन होने के साथ ही कम स्वायत्त हैं क्योंकि राज्य सरकार से राज्य विश्वविद्यालयों के लिए वित्त पोषण की हिस्सेदारी है। इसलिए राज्य विश्वविद्यालयों को केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तुलना में अधिक संसाधन संकट का सामना करना पड़ता है।

आगे अध्ययन में पाया गया है कि विश्वविद्यालय, सामान्य रूप से– केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालय – अकादमिक मामलों में अधिक स्वायत्तत हैं जबकि प्रशासनिक और वित्तीय स्वायत्तता कम है। इस प्रकार अकादमिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की रूपरेखा विश्वविद्यालयों द्वारा किया जाता है और उनके अध्ययन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त राज्य विश्वविद्यालयों के शासी निकाय में सरकारी अधिकारी और विधान सभा और विधान परिषद के प्रतिनिधि होते हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान विश्वविद्यालय, भारथिअर विश्वविद्यालय और सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में इन प्रवृत्तियों का पता चलता है। हालांकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि नहीं हैं। जिस तरह विश्वविद्यालय पर इन कार्यकारियों द्वारा नियंत्रण किया जाता है प्रतिनिधित्व के इस प्रतिरूप के महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं।

विकेंद्रीकरण के लिए विश्वविद्यालय में निर्णय लेने का संस्थागत स्वायत्तता एक आवश्यक शर्त है लेकिन पर्याप्त स्थिति नहीं। यह देखा गया है कि केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के कार्यालयों के स्तर पर शक्ति और निर्णय लेने का केंद्रीयकरण होता है। यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त स्वायत्तता को आवश्यक रूप से विकेंद्रीकृत और भागीदारीपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रिया में अनुवादित आवश्यक नहीं है।

यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि प्रोफेसरों की सौदेबाजी में गिरावट है। नई शासन व्यवस्था ने संस्थानों में निर्णय लेने पर शिक्षाविदों के सामूहिक प्रभाव को स्पष्ट रूप से कम कर दिया है।

यह देखा गया है कि विशुद्ध रूप से इनपुट–आधारित उपायों से परिणाम आधारित उपायों को मजबूत करने की आवश्यकता है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठों को प्रभावी ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है। इस प्रकार शैक्षणिक प्रदर्शन सूचकांक (एपीआई) जैसे मात्रात्मक मीट्रिक का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है, हालांकि कई शिक्षकों ने मीट्रिक के प्रति असंतोष व्यक्त किया। शासन संरचनाओं में सुधार की आवश्यकता है और एक भावना है कि प्रबंधतंत्र का एक रूप अध्ययन के तहत संस्थानों को जकड़ रहा है। कुछ मामलों में कई वर्षों से शिक्षकों की भर्ती लंबित हैं, इसलिए तदर्थ और अतिथि शिक्षकों पर अत्यधिक निर्भरता है।

अध्ययन से यह भी पता चलता है कि राज्य विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में संबद्ध महाविद्यालयों के कारण विश्वविद्यालय महाविद्यालयों को अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में नहीं हैं।

क्षेत्र आधारित आंकड़ा संग्रह और आंकड़ा विश्लेषण पूरा हो गया है और मसौदा रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया गया है। तीसरी अनुसंधान पद्धति कार्यशाला 11–12 सितंबर, 2017 को आयोजित की गई थी जहां टिप्पणियों के लिए मसौदा राज्य रिपोर्ट और संश्लेषण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

संश्लेषण रिपोर्ट और राज्य रिपोर्ट विशेषज्ञ समिति को सौंपी गई और रिपोर्ट पर परिचर्चा के लिए तीसरी विशेषज्ञ समिति की बैठक जुलाई 2018 में आयोजित की गई। नीतिगत संक्षिप्ति और संवाद तैयार करके संश्लेषण रिपोर्ट को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने के लिए संशोधित किया जा रहा है। और राज्य रिपोर्ट को अपलोड करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

''भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों का शासन और प्रबंधन'' शीर्षक से शोध पत्र, फरवरी 2017 में सीपीआरएचई रिसर्च पेपर सीरीज 5 के रूप में प्रकाशित हुई है।

परियोना आउटपुटः (अ) 4 स्टेट रिपोर्ट, (ब) 1 सिंथेसिस रिपोर्ट, (स) सीपीआरएचई शोध पत्र

मलिक, गरिमा ''भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों का शासन और प्रबंधन'', सीपीआरएचई शोध पत्र श्रृंखला 5, फरवरी 2017।

8 भारत में उच्चतर शिक्षा स्नातकों का रोजगार और रोजगार–परकता

अन्वेषकः प्रोफेसर मोना खरे

भारत की गणना विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में सक एक के रूप में की जाती है, शिक्षित स्नातकों की रोजगार क्षमता को अक्सर देश के समक्ष आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक के रूप में बताया जाता है। भारत विकास की गाथा इस अर्थ में अनुपम है कि यहाँ आर्थिक विकास के व्यापक स्वीकृत मॉडल अर्थात् कृषि से उद्योग और फिर सेवा के क्षेत्र में अंतरण को झूठला दिया है। स्वतंत्रता के आरंभिक वर्षों में विनिर्माण जगत से कोने वाली वृद्धि शीघ्र ही तृतीयक क्षेत्र की प्राधान्यता से प्रतिस्थापित हो गया। साथ ही , 1960 के दशक से 1980 के दशक तक की कम रोजगार वृद्धि और इस अवधि में शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती हुई संख्या की उदारीकरण युग अर्थात् 1990 के दशक में पुनरावृत्ति हुई। वस्तुतः 1990 के दशक में रोजगार विहीन विकास हुआ। जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था ने औद्योगिक क्षेत्र में अग्रेसित हुआ जिसका भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3/4 हिस्सा योगदान है। रोजगार के मामले में यह बात सही नहीं बैठती। जहाँ एक बड़ी आवादी कृषि और कृषि से सम्बद्ध कार्यकलाप में रत है। जिसमें से एक बड़ा हिस्सा जीवन निर्वाह का स्तर पारंपरिक कृषि ही है। तथापि, भावी अनुमान से पता चलता है कि रोजगार के मामले में 60 प्रतिशत नौकरियों की बढ़ोतरी सेवा क्षेत्र में होगी। स्नातकों की रोजगारपरकता की समस्या में पूर्ति और मांग दोों पक्ष सम्मिलित हैं। इतना ही नहीं रोजगार परकता और कौशल ह्रास को भी रोजगार, बेरोजगारी और श्रम बाजार की परिस्थितियों से पूर्णतः अलग नहीं किया जा सकता है। वर्तमान अध्ययन में बाह्य और आन्तरिक कारकों के साथ–साथ मांग और पूर्ति संबंधी कारक जिनका स्नातक रोजगार परकता पर प्रभाव पड़ता है, के प्रभाव को संयुक्त रूप से दर्शाने का प्रयत्न किया गया है। इस अध्ययन में तीन अन्तःसंबद्ध जगत अर्थात् सूक्ष्म, संस्थानिक और व्यक्तिगत स्तरों पर भारत में स्नातक रोजगार परकता और उच्चतर शिक्षा के विषय को समझने का प्रस्ताव है जो इस प्रकार हैंः– शिक्षित रोजगार/बेरोजगारी के रूझान के सूक्ष्म आर्थिक आयाम; उद्योग की बढ़ती हुई

माँग और विश्वविद्यालय/उच्चतर शिक्षा के आयाम; व्यष्टिक हितधारकों का उच्चतर शिक्षा में भागीदारी के बारे में बदलते हुए अवबोध और प्रत्याशा तथा रोजगार की तैयारी के सन्दर्भ में प्रावधान। इस अध्ययन का उद्देश्य शोध संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देना है: (क) उच्चतर शिक्षा स्नातकों की रोजगारपरक कौशल क्या है; (ख) उनके कार्य स्थल अपेक्षाओं की तुलना में विश्वविद्यालय की शिक्षा के दौरान रोजगार की तैयारी के बारे में नए कर्मचारियों के क्या अनुभव हैं; (ग) रोजगार परकता के लिए कौशल विकसित करने के बारे में विद्यार्थियों की उच्चतर शिक्षा संस्थानों से क्या उम्मीदें हैं; (घ) उद्योग के लिए तैयार स्नातकों को तैयार करने में उच्चतर शिक्षा क्षेत्र की भूमिका में विश्वविद्यालय के शिक्षक और प्रशासकों की क्या अनुक्रिया है? (ङ) क्या स्नातक रोजगार परकता कौशल नीति समय की माँग है? प्रमुख हितधारकों के संदर्श यथा नियोक्ता और नए कर्मचारी, विद्यार्थी और शिक्षकगण का पता लगाया जाता है जो शोध संबंधी प्रश्नों के उत्तर दे सकें। यह देश में बहु–स्तरीय, बहु–राज्यीय अध्ययन है जिसमें देश के कई शहरों को शामिल किया गया है। चिन्हित छह शहरों में स्तर–I के चार शहर– मुम्बई, दिल्ली, बेंगलुरू, हैदराबाद हैं। स्तर–II के शहरों में लखनऊ प्रमुख रोजगार प्रदाता है; स्तर–III श्रेणी के शहरों में उदयपुर रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्रथम तीन शहरों में से एक है।

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य स्नातक रोजगार परकता को सभी हितधारकों के अवबोध का विश्लेषण करना; नियोक्ता–कर्मचारी समुदाय और शैक्षणिक समुदाय (विद्यार्थी और शिक्षकों) में स्नातमक रोजगार परकता कौशल के बारे में प्रसरण व विभिन्नता को समझना, महिला और पुरुष, सामाजिक समूहों और क्षेत्रों के बीच कौशल अंतरक विभेद की रोजगार परकता का परिमाप, भारतीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यमान ऑन–कैम्पस/ऑफ कैम्पस रोजगार परकता सहयोग का अध्ययन करना और उच्चतर शिक्षा स्नातकों को लाभप्रद रोजगार प्राप्त करने में आनेवाली संस्थानिक अड़चनों को चिन्हित करना है।

विश्लेषण फ्रेमवर्क कार्यशाला 18 और 19 जनवरी, 2018 को आयोजित की गयी। 5 राज्यों (महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना की उच्चतर शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगार परकता के संबंध में सीपीआरएचई अध्ययन की समीक्षा की जा रही है। (चार की समीक्षा की गई, दो अंतिम संस्करण प्राप्त हुए हैं)। उच्चतर शिक्षा स्नातकों के रोजगार और रोजगार परकता के संबंध में सीपीआरएचई का संलिष्ट प्रतिवेदन तैयार किया जाना है (शीघ्र ही पूरी होने वाली है)।

9. भारत में उच्चतर शिक्षा की गुणवत्ता: संस्थागत स्तर पर बाह्य और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन का एक अध्ययन

अन्वेषक: डा. अनुपम पचौरी

राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन (IQAs) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों की गुणवत्ता में कोई बदलाव आया या नहीं, ऐसे बहुत कम अनुभवजन्य साक्ष्य हैं। इस शोध अध्ययन का व्यापक उद्देश्य यह समझना है कि संस्थागत स्तर पर बाहरी गुणवत्ता आश्वासन (EQA) और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन (IQA) गुणवत्ता को कैसे बढ़ाये जाए; और कैसे EQA एजेंसियां उच्च शिक्षा संस्थानों और कार्यक्रमों को प्रभावित करे और कैसे संस्थागत स्तर पर IQA की संरचना और कार्य का विश्लेषण करती हैं। एनएएसी मान्यता के दूसरे या आगामी चक्र में पांच विश्वविद्यालयों और प्रत्येक चयनित विश्वविद्यालयों में से संबद्ध एक–एक मान्यता प्राप्त महाविद्यालय को कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मेघालय, राजस्थान और तेलंगाना के पांच राज्यों से चुना गया है।

प्रमुख अन्वेषक ने परियोजना की प्रगति कार्यान्वयन का बारीकी से पालन किया और राज्य टीमों को मसौदा रिपोर्ट तैयार करने में मदद की। जिसमें मात्रात्मक और गुणात्मक आंकड़ों के कोडिंग और विश्लेषण में मदद करना और राज्य रिपोर्ट का पहला मसौदा लिखना शामिल था। अध्ययन के लिए चयनित संस्थानों से पांच संस्थागत टीमों द्वारा राज्य स्तर की रिपोर्ट का पहला मसौदा तैयार किया गया। प्रत्येक टीम को प्रत्येक अध्याय के मसौदा पर विस्तृत प्रतिक्रिया लिखने की रिपोर्ट की प्रक्रिया के दौरान प्रदान किया गया था। इसके बाद रिपोर्ट के अंतिम प्रस्तुतिकरण से पहले संशोधन के लिए टीमों को भेजे गए प्रत्येक रिपोर्ट का संपादन और समीक्षा की गई। अनुसंधान पद्धति कार्यशाला सामग्री दस संस्थानों (चार राज्य विश्वविद्यालयों और इनमें से प्रत्येक के साथ संबद्ध एक महाविद्यालय और एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध एक महाविद्यालय) को अनुसंधान परियोजना के लिए शामिल किया गया था।

सामग्री में पांच संस्थागत टीमों द्वारा प्रस्तुत मसौदा रिपोर्टों पर टिप्पणियों सहित विस्तृत समीक्षा पुस्तिकाएं शामिल थीं। पुस्तिका में संबंधित टीमों के लिए शोध रिपोर्ट में सुधार करने के लिए सुझाव भी थे ताकि बाहरी गुणवत्ता आश्वासन और आंतरिक सुरक्षा आश्वासन के कारण संस्थानों में परिवर्तन को उजागर और विश्लेषण कर सकें। तृतीय अनुसंधान पद्धति कार्यशाला में टिप्पणियों के लिए मसौदा राज्य रिपोर्ट और संश्लेषण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रत्येक प्रस्तुति के उपरान्त समीक्षा और टिप्पणियों को सहकर्मी दल के प्रमुख ने अनुसंधान रिपोर्ट की समीक्षा के लिए कार्य सौंपा। इसके बाद टीम के अन्य सभी सदस्यों की टिप्पणियों का पालन किया गया। अंत में, परियोजना समन्वयक और अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डा. अनुपम पचौरी द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। शोध पद्धति कार्यशाला में टिप्पणियों और चर्चाओं के मद्देनजर समीक्षा टिप्पणी पुस्तिका को और संशोधित करके सभी टीमों के साथ साझा किया गया ताकि दल की राज्य रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा सके। संस्थागत टीमों की प्रतिक्रियाओं को प्राप्त करने के लिए परियोजना अनुसंधान पद्धति की प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की गई।

वर्तमान में, वेब अपलोड के लिए प्रधान अन्वेषक/परियोजना समन्वयक द्वारा राज्य टीम की रिपोर्ट संपादित और संश्लेषण कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। आईक्यूए और ईक्यूए विषय पर एक शोध पत्र और नीति संक्षिप्त विकसित की जाएगी।

प्रोजेक्ट आउटपुटः (अ) 5 राज्य रिपोर्ट, (ब) 1 संश्लेषण रिपोर्ट (स) 1 अनुसंधान पत्र (द) 2 नीति संक्षेप

10. उच्च शिक्षा की सफलता और सामाजिक गतिशीलताः विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. और अल्पसंख्यकों के कोचिंग योजनाओं पर अध्ययन

अन्वेषकः डा. सी.एम. मलिश और डा. निधि एस. सभरवाल

यू.जी.सी. के अनुरोध पर सीपीआरएचई/नीपा ने यू.जी.सी. द्वारा प्रायोजित कोचिंग योजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया। ये योजनाएँ निम्नलिखित हैंः 1. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. और अल्पसंख्यकों के लिए सुधारात्मक कोचिंग; 2. एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. और अल्पसंख्यकों के लिए नेट/सेट की कोचिंग; और 3. एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. और अल्पसंख्यकों के लिए सेवाओं में प्रवेश के लिए कोचिंग। योजना के प्रमुख उद्देश्य वंचित समूहों के लिए विशेष कोचिंग कक्षाओं के रूप में अतिरिक्त शिक्षण इनपुट प्रदान करना ताकि शैक्षणिक पाठ्यक्रमों और व्यवसाय की गतिशीलता को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके और आजीविका की गतिशीलता को सुगम बनाया जा सके। सीपीएचआरई दल द्वारा यूजीसी कोचिंग योजनाओं के समन्वयकों और दिल्ली के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में वंचित समूहों के अकादमिक सशक्तिकरण से जुड़े संकाय सदस्यों के परामर्श से अनुसंधान उपकरण विकसित किए थे। इस योजना के लिए अनुदान प्राप्त करने वाले चयनित उच्च शिक्षा संस्थानों का अध्ययन किया और आंकड़ों/सूचनाओं के संग्रहण और विश्लेषण के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों तरीकों को अपनाया गया। जिसमें माध्यममिक आंकड़ा भी शामिल है, वर्तमान में कोचिंग कक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों के बीच प्रश्नावली प्रबंधन और छात्रों के साथ समूह चर्चा, संकाय समन्वयक संकाय सदस्यों/कोचिंग कक्षाओं के प्रशिक्षकों और संस्थागत प्रमुखों के साथ साक्षात्कार आदि शामिल हैं।

अनुसंधान उपकरण और कार्यान्वयन प्रक्रिया पर एक साझा समझ विकसित करने के लिए 02–03 मई, 2017 को शोध अध्ययन संस्थानों के अनुसंधान समन्वयकों के साथ पहली अनुसंधान कार्यप्रणाली कार्यशाला आयोजित की गई। सीपीआरएचई अनुसंधान समन्वयकों द्वारा क्षेत्र का दौरा पूरा किया गया है। अर्थात् पुणे विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र, गवर्नमेंट कॉलेज त्रिपुरा, नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनवर्सिटी, मेघालय, एसबीएमपीजी कॉलेज, फाजिलनगर, कुशीनगर, यूपी, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा, गुजरात, गया कॉलेज, गया, बिहार, दोआब कॉलेज, जालंधर, पंजाब और चौधरी देवी लाल सिरसा विश्वविद्यालय, हरियाणा शामिल हैं। अनुसंधान समन्वयकों ने आंकड़ा संग्रह की निगरानी की तथा प्रधान जांचकर्ताओं और परियोजना कर्मचारियों के साथ आंकड़ा संग्रह में भाग लिया।

आंकड़ा विश्लेषण पूर्ण हो गया है और दो मुख्य प्रायोगिक अध्यायों के प्रारूप को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साहित्य की समीक्षा समेत तीन आरंभिक अध्याय जुलाई

2020 के अंत तक तैयार हो जाऐंगे। प्रारूप प्रतिवेदन के बारे में टिप्पणी और सुझाव प्राप्त करने के लिए केस अध्ययन समन्वयकों के लिए शोध पद्धति कार्यशाला (वर्च्युअल) आयोजित की जाएगी। रिपोर्ट कार्यशाला के तुरन्त बाद संशोधित की जाएगी और इसे अंतिम रूप दिया जाएगा तथा इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रस्तुत किया जाएगा।

11. भारत में माध्यमिक शिक्षा में सार्वजनिक–निजी मिश्रणः आकार और स्कूल सुविधाएं तथा प्रवेश रूपरेखा

अन्वेषकः डा. एन.के. मोहंती और प्रो. एस.एम. आई.ए. जैदी

सामान्य रूप से शिक्षा में निजी क्षेत्र की भूमिका और विशेष रूप से शिक्षा सेवा के वितरण में सार्वजनिक–निजी मिश्रण को ध्यान में रखते हुए, इस अध्ययन का उद्देश्य भारत के प्रबंधन और क्षेत्र द्वारा माध्यमिक विद्यालय नेटवर्क की संरचना और आकार, सुविधाओं के संदर्भ में उनकी विशेषताओं कर्मचारियों तथा सामाजिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में छात्र प्रोफाइल को देखना है। पहले चरण में, अध्ययन ने सेमिस/यूडाईस, एनएएसओ, 8वीं एआईएसईएस योजना दस्तावेजों और प्रमुख राज्यों के अन्य आधिकारिक रिकॉर्डों से एकत्र किए गए माध्यमिक आंकड़ों का उपयोग किया। आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि माध्यमिक स्तर पर स्कूलों में शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं जोकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में प्रमुख बाधक है। अध्ययन में यह बात सामने आई कि स्कूल भवन, चाहरदीवारी, खेल का मैदान, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कंप्यूटर और संबंधित सुविधाएं जैसे बिजली सुविधा, जेनरेटर सेट, इंटरनेट और कंप्यूटर प्रयोगशाला, सैनिटरी सुविधाएं विशेष रूप से लड़कों और लड़कियों के लिए अलग–अलग पेशाबघर और शौचालय की सुविधा, जिनमें महिला शिक्षक भी शामिल हैं, जो सीधे शिक्षाशास्त्र में शामिल महिला शिक्षकों सहित शिक्षकों की योग्यता और प्रशिक्षण की स्थिति, राज्यों और राज्यों के भीतर प्रबंधन प्रकार के बीच व्यापक रूप से भिन्न हैं। यह भी पता चला कि भारत में क्षेत्रों और राज्यों में माध्यमिक स्तर पर शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता और छात्रों की शैक्षणिक प्राप्ति के बीच बहुत घनिष्ठ संबंध है। इसलिए, आरएमएसए और अन्य केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे सुधार कार्यक्रमों के अन्तर्गत मौजूदा माध्यमिक विद्यालयों/वर्गों में कर्मचारियों को बुनियादी सुविधाओं प्रदान करने में अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि उन्हें मानदंडों और मानकों की पुष्टि हो सके। यह प्रयास निश्चित रूप से माध्यमिक शिक्षा को बेहतर बनाने और सुदृढ़ीकरण के साथ–साथ भारत में माध्यमिक विद्यालय स्तर पर छात्रों और संस्थानों के समग्र प्रदर्शन में सुधार करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

यह अध्ययन दो चरणों में लागू की जा रही है। पहले चरण में; इसमें बड़े राज्यों में माध्यमिक विद्यालयों के नेटवर्क की रूपरेखा (प्रोफाइल) तैयार कर राज्यों में माध्यमिक शिक्षा प्रदान किए जाने के विभिन्न मॉडल में योगदान देने वाले संस्थान एवं अन्य कारकों का पता लगाने का प्रयास यिका गया। दूसरे चरण में, अध्ययन में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर–अनुदानित निजी क्षेत्र के माध्यमिक स्तर के संस्थानां में विद्यार्थियों की संख्या, विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाएं, भागीदारी की दरें और क्लाइंटेल ग्रुप की सामाजिक, आर्थिक विशेषताओं के संदर्भ में उनका प्रोफाइल तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। इससे राज्यों में माध्यमिक शिक्षा प्रदान किए जाने की प्रणाली और साम्यता एवं गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अनके प्रभाव के बारे में अन्तःदृष्टि और सूझबूझ प्राप्त होगी।

अध्ययन का चरण–I पूरा हो गया है और शोध परियोजना के पहले चरण की रिपोर्ट आवश्यक कार्यवाही हेतु इसके साथ प्रस्तुत की गई है। नीति–निर्माण के लिए चरण–I के अध्ययन के नतीजे और इसके प्रभाव संबंधी तथ्यों को उजागर करते हुए प्रतिवेदन में उन क्षेत्रों की भी पहचान की गई है जिन पर अध्ययन के चरण–II में आगे अन्वेषण किये जाने की आवश्यकता है।

चूँकि अध्ययन का चरण–II मुख्यतः प्राथमिक आंकड़े और जानकारी पर आधारित होगा और चूंकि प्रो. एस.एम. आई.ए. जैदी सेवानिवृत्त हो गए हैं और अब दिल्ली से बाहर रह रहे हैं, मैं कोविड–19 की स्थिति नियंत्रण मे होने और वहाँ जाने में सक्षम होने के बाद प्रतिदर्श राज्य (जिनका चयन किया जाना है) से आंकड़ा संकलन का कार्य आरम्भ करूंगा।

12. लैंगिक पर शैक्षिक एटलस : एक जिला–स्तरीय प्रस्तुति

अन्वेषक : डा. सुमन नेगी और प्रो. मोना खरे

अनुसंधान परियोजना– लिंग पर शिक्षा एटलस मार्च 2015 में एक जिला स्तरीय प्रतिनिधित्व शुरू किया गया था। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक आंकड़ों के प्रसार का समर्थन करना है जो नीपा स्कूलों के लिए एकत्र करता है। इसलिए एटलस के रूप में मानचित्र आधारित सूचना प्रसार, एक पृष्ठभूमि के रूप में लैंगिक शिक्षा के मानचित्रण के प्रयास के साथ एक प्रभावी माध्यम के रूप में सोचा गया। जानकारी को डेटा सेट के माध्यम से दर्शाया जाएगा, जिसका उद्देश्य लैंगिक रेखाओं के भीतर शैक्षिक असमानता और विकास की बारीकियों को पकड़ना है। यह पहल शैक्षिक योजना से संबंधित लोगों के लिए भी है, वे लैंगिक परिप्रेक्ष्य से सुविधा प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि उपलब्ध संसाधनों की कमी के कारण यह दस्तावेज मौजूदा क्षेत्रीय विविधताओं और विषमताओं को दूर करने में मदद करेगा। अध्ययन का विशिष्ट उद्देश्य इस प्रकार हैंः (i) लैंगिक संबंधित संकेतों का प्रस्तुतीकरण करने के लिए डाईस और यूडाईस आंकड़ों का प्रयोग करना; (ii) राष्ट्रीय स्तर पर कुछ लौकिक प्रवृत्तियाँ को निरूपित करना; (iii) मौजूद क्षेत्रीय असमानताओं का तुलनात्मक चित्रण।

आंकड़े एकत्र और व्यवस्थित किये गये और मानचित्र भी बनाए गए हैं। अध्याय तैयार किए जा रहे हैं और परियोजना प्रस्तुत मार्च, 2020 तक करने की उम्मीद है।

13. ओडिशा में माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों की छात्रवृत्ति योजना और शैक्षिक गतिशीलता का अध्ययन

अन्वेषकः डा. एस.के. मलिक

अध्ययन के उद्देश्यः

1. माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रकृति और सीमा का पता लगाना;
2. स्कूल पूर्ण होने पर अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना की प्रभावशीलता और शिक्षा के उच्च स्तर पर उनकी गतिशीलता की जांच करना;
3. छात्रों को उनके अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति का लाभ उठाने और उपयोग करने में आने वाली समस्याओं और बाधाओं का पता लगाना;
4. योजनाओं के कार्यान्वयन में सरकार और स्कूल प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समस्याओं और बाधाओं का पता लगाना और
5. छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त उपायों का पता लगाना।

वर्तमान में उड़ीसा राज्य का अध्ययन किया जा रहा है। वहाँ तीस जिले हैं। अध्ययन के प्रयोजनार्थ, जिले का चयन साक्षरता दर के आधार पर किया जाएगा। तीस जिलों में से अध्ययन के प्रयोजनार्थ सर्वाधिक साक्षरता दर वाले अनुसूचित जाति के आवादी वाले दो जिले का चयन किया गया। (जगतसिंहपुर और खोर्दा) दो चयनित जिलों में से प्रत्येक जिले के दो प्रखण्डों का चयन माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के अधिक प्रयास के आधार पर किया गया। प्रत्येक प्रखंड से माध्यमिक स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों के सर्वाधिक नामांकन वाले 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया। अध्ययन के प्रत्यर्थियों में प्रधानाध्यापक, विद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थीगण, प्रशासकगण और माता–पिता थे। लिखित सामग्री की समीक्षा का कार्य पूरा किया गया। रिपोर्ट लेखन का कार्य जारी है और अंतिम रिपोर्ट सितम्बर, 2020 तक प्रस्तुत की जाएगी।

14. चयनित राज्यों में निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के तहत निजी स्कूलों में कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटों के प्रावधान के कार्यान्वयन का अध्ययनः नीति और व्यवहार

अन्वेषकः प्रो. अविनाश कुमार सिंह

निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा (आरटीई) अधिनियम के कार्यान्वयन के साथ, अधिनियम की धारा 12(1)(सी) के तहत राज्यों ने कमजोर वर्गों और वंचित समूहों (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित बच्चों के लिए निजी और गैर प्राथमिक स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें निःशुल्क प्रदान करना शुरू कर दिया है। हालांकि, अधिनियम कार्यान्वयन के अपने चौथे वर्ष में है,संबंधित प्राधिकारियों

के बीच बहुत स्पष्टता नहीं है कि प्रावधान से संबंधित नियमों और विनियमों को कैसे लागू किये जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, बच्चों की पहचान और चयन के लिए पात्रता मानदंडों का पालन कैसे किया जा रहा है? निजी स्कूल विभिन्न राज्यों में संवैधानिक प्रतिबद्धताओं और प्रावधानों को पूरा करने में नियमों और विनियमों का पालन कैसे कर रहे हैं? इन अधिकारों को हासिल करने में माता–पिता और बच्चों को किन समस्याओं और बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है? आरटीई प्रावधान के कार्यान्वयन में अंतर और अंतर–राज्यीय दोनों प्रकार के बदलाव बताए गए हैं। इस संदर्भ में, देश के 5 अलग–अलग क्षेत्रों में फैले चयनित 10 राज्यों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम –2009 के तहत वंचित बच्चों की शिक्षा की नीति और प्रथाओं की समझ विकसित करने के लिए एक खोजपूर्ण अध्ययन किया जा रहा है।

अध्ययन के मुख्य उद्देश्य हैं: क. नीति और प्रथाओं के संदर्भ में विभिन्न राज्यों में आरटीई अधिनियम के तहत आरक्षण प्रावधान के कार्यान्वयन की प्रकृति और सीमा का आकलन करना; ख. वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की श्रेणियों से संबंधित बच्चों और अभिभावकों के बीच आरक्षण के प्रावधानों के बारे में जागरूकता स्तर का पता लगाना; ग. स्कूल और कक्षा में विभिन्न सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से बच्चों के समायोजन से संबंधित मुद्दों की जांच करना; घ. विभिन्न राज्यों के स्कूलों में आरक्षण प्रावधानों के कार्यान्वयन के बारे में नवीन प्रथाओं की पहचान करना; ङ. विभिन्न हितधारकों, अभिभावकों, बच्चों, शिक्षकों और शिक्षा अधिकारियों द्वारा आरटीई प्रावधानों के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं और बाधाओं की पहचान करनसा; तथा च. निजी स्कूलों में आरक्षण के आरटीई प्रावधान की योजना और कार्यान्वयन को प्रभावी बनाने के लिए उपयुक्त उपाय सुझाना।

उपरोक्त अनुसंधान परियोजना कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में है, जिसमें विषय के अनुसंधान और विकास से संबंधित साहित्य की समीक्षा और अनुसंधान उपकरणों का विकास शामिल है। साहित्य समीक्षा के तहत, चयनित राज्यों के प्रोफाइल और राज्यों में आरटीई मानदंडों का अनुपालन, माध्यमिक आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर तैयार किया जा रहा है। अध्ययन के तहत निर्धारित मानदंडों पर चुने गए 10 राज्य शामिल हैं: केरल, कर्नाटक, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात महाराष्ट्र, झारखंड, विहार और असम। इसके अलावा, आंकड़ा संग्रह के उपकरण के प्रारूप तैयारी के तहत हैं। निम्नलिखित उपकरणों की रूपरेखा तैयार किये हैं:–

- घरेलू सूचना अनुसूचियां
- स्कूल सूचना अनुसूची
- माता–पिता साक्षात्कार अनुसूचियां
- मुख्य अध्यापक और अन्य अध्यापकों के लिए अनुसूचियां
- वंचित समूह और कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए अनुसूचीसूची
- उन बच्चों के माता–पिता और अन्य सामुदायिक सदस्यों के लिए अनुसूचियां
- स्कूल संचालन समितियों के सदस्यों के लिए अनुसूची
- विभिन्न स्तरों (क्लस्टर, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर) पर शिक्षा कर्मियों के लिए जांच सूची

दिल्ली और झारखंड स्थित विद्यालयों में प्रायोगिक क्षेत्रीय दौरे किए गए हैं जिसके दौरान, प्रारूप युक्तियों के अभ्यास के अलावा आरंभिक आंकड़ा संकलन के कार्य भी किए गए हैं। चयनित राज्यों के परामर्श से राज्य विशिष्ट क्षेत्रकार्य की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। शोध परियोजना ऐसे चरण में है जब आगामी माह में शोध परियोजना स्टाफ की तैनाती कर गहन आंकड़ा संकलन का कार्य आरम्भ किया जाएगा।

15. भारत में उच्च शिक्षा सुधार की राजनीतिक अर्थव्यवस्थाः सुधार के सिद्धान्तों, नीतियों और संस्थानों पर तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य (1991–2012)

अन्वेषकः डा. मनीषा प्रियम

रिपोर्टः कनिष्ठ परियोजना सलाहकार की नियुक्ति के बाद, इस परियोजना को औपचारिक रूप से 20 जून, 2018 को शुरू किया गया। प्रस्तुत शोध में मैसूर विश्वविद्यालय और पटना विश्वविद्यालय का उपयोग उच्च शिक्षा की राजनीतिक अर्थव्यवस्था का अध्ययन हेतु तुलनात्मक पद्धति का उपयोग किया गया है। मैसूर विश्वविद्यालय और पटना विश्वविद्यालय, संदर्भ से परिचित होने के लिए, व्यक्तियों की एक सूची तैयार करना, प्रमुख साक्षात्कार कार्यक्रम तैयार करना, और प्रासंगिक माध्यमिक साहित्य और नीति दस्तावेजों की एक ग्रंथ सूची तैयार करने के

लिए मेरे (पी.आई.) द्वारा दोनों क्षेत्रों का दौरा किया गया।

मैंने निम्नलिखित के साथ साक्षात्कार पूरा कर लिया हैः

मैसूर विश्वविद्यालय :

मैसूर विश्वविद्यालय और महाराजा कॉलेज के प्रमुख पदाधिकारी जो विश्वविद्यालय की संस्थापना के लिए केन्द्रक संस्थान थे।

मैसूर विश्वविद्यालय और महाराजा कालेज के पूर्व शिक्षक और पूर्व छात्र।

मैंने मैसूर विश्वविद्यालय के आधिकारिक दस्तावेजों और मैसूर विश्वविद्यालय के इतिहास और कार्यप्रणाली पर कुछ प्रकाशन भी एकत्र किए हैं।

मैंने महाराजा कॉलेज में सामाजिक जाति श्रेणी नामांकन पर आंकड़े एकत्र किये हैं। इन आंकड़ों का विश्लेषण नामांकन की प्रकृति, यदि कोई हो, राज्य नीतिगत योजनाएं जो छात्र के अभिगम में समानता के मुद्दों का समर्थन करती हैं, को देखने के लिए किया जा रहा है।

साक्षात्कारों ने मुझे ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ जोड़ने में मदद की है जिसमें विश्वविद्यालय को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में मैसूर राज्य के प्रयासों के एक हिस्से के रूप में स्थापित किया था, और एक ही समय में उपनिवेशवाद का मुकाबला किया। इसने मुझे कॉलेज में नींव, संकाय विशेषताओं, पूर्व छात्रों की विविधता और गतिविधियों के क्षण में प्रदान किए गए ज्ञान की प्रकृति को समझने में मदद की है।

प्रारंभिक क्षेत्र के काम से निम्नलिखित महत्वपूर्ण प्रतिबिंब सामने आएः

मैसूर विश्वविद्यालय पारंपरिक रूप से उदार कला और मानविकी का केंद्र रहा है, जबकि बैंगलोर विश्वविद्यालय विज्ञान में प्रवीण है।

विश्वविद्यालय की स्थापना में मैसूर के महाराजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह महाराजा मुक्त विद्यालय के रूप में शुरू हुआ था, फिर महाराजा कॉलेज बन गया, और अब मैसूर विश्वविद्यालय का मानसा गंगोत्री परिसर है।

दर्शन, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, कन्नड़ साहित्य और ओरिएंटल लर्निंग (संस्कृत) केंद्र के विश्वविद्यालय संकायों को राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण ख्याति मिली है।

विश्वविद्यालय आज कन्नड़ माध्यम में विद्वानों के सीखने का केंद्र है।

विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों में पद्म पुरस्कार विजेता और ज्ञान पीठ पुरस्कार विजेता शामिल हैं।

मैंने प्रोफेसर शेख अली द्वारा लिखित और प्रसारंगा–विश्वविद्यालय प्रेस द्वारा प्रकाशित हिस्ट्री ऑफ द युनिवर्सिटी ऑफ मैसूर तथा प्रो. जानकी नायर द्वारा लिखित मैसूर मॉडर्न का अध्ययन किया है। इन पठनों के आधार पर और मैसूर के इतिहासकार पत्रकार इचनूर कुमार के साथ सूचनापरक साक्षात्कार के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर मैंने पुरातन सामग्री की संदर्भ ग्रंथ सूची का संकलन किया है।

मैसूर और बेंगलुरू मे ंक्या किया जाता है शेष है?

मैसूर विश्वविद्यालय में शासन और नीतिगत सुधार के बारे में नीति–निर्माताओं के साथ साक्षात्कार।

लैंकिग और सामाजिक जाति विविधता के आधार पर नामांकन, शिक्षक की नियुक्तियाँ और पदरिक्तियों के आंकड़े विश्वविद्यालय की वित्त व्यवस्था और मैसूर विश्वविद्यालय का संस्थानिक विविधीकरण संबंधी आंकड़ों का संकलन।

राजकीय पुरातत्व विभाग, बैंगलुरू से पुरातात्विक सामग्री का संकलन।

बैंगलुरू में मैसूर/कर्नाटक सरकार की पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रतिवेदनों का अवलोकन।

विद्यार्थियों के साथ फोकस ग्रुप विमर्श, हॉस्टल सुविधाओं का निरीक्षण।

विश्वविद्यालय के नेतृत्व, कुलपति की भूमिका के साथ–साथ विश्वविद्यालय की मुख्य चुनौतियां तथा राज्यपाल की भूमिका के बारे में मुख्य सूचनादाता के साक्षात्कार।

पटना विश्वविद्यालय :

पटना के दो दौरे किए गए हैं। निर्वाचनों ने शिक्षकों की अन्तर्ग्रस्तता और उनके प्रशिक्षण और निर्वाचन के कारण कैम्पस बन्द होने के कारण 'संकाय स्टाफ' और सरकारी अधिकारियों के उपलब्ध नहीं रहने के कारण यहाँ पर्याप्त प्रगति करना कठिन हो गया। शहर में बाढ़ के कारण क्षेत्रकार्य में और अधिक देरी हो गई है। नवंबर, 2019 के आरम्भ में दीपावली और छठ पूजा के समापन के पश्चात दौरे किए जाएंगे।

फोकस ग्रुप चर्चा पटना कॉलेज और पटना विश्वविद्यालय के छात्रों/छात्राओं के साथ की गई है। इन्हें लिपिबद्ध किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सूचनादाताओं आदि के साथ आगे की सभी साक्षात्कार के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम की सूची तैयार कर ली गई है।

कार्य की रूपरेखाः– उच्चतर शिक्षा सुधार की राजनैतिक अर्थव्यवस्था संबंधी शोध परियोजना के लिए अनुसंधान सहायक।

अनुसंधान सहायक के लिए प्रस्तावित सहायता की प्रकृति निम्नवत है।

ग्रंथ सूची और पुरातात्विक/अभिलेखागार अनुसंधान सहायता– अनुसंधान सहायक नवंबर में क्षेत्र में भेजा जाएगा।

प्रमुख अधिकारियों के साक्षात्कार को लिपिबद्ध किया जाना प्रक्रियाधीन है।

फोकस ग्रुप चर्चा, लिपिबद्ध करना और आंकड़ों को कूटबद्ध करना है।

16. आर.टी.ई. के अंतर्गत समता का पुनर्मूल्यांकन : नीतिगत दृष्टिकाण और लोकप्रिय धारणाएं

अन्वेषकः डा. नरेश कुमार

यह अध्ययन दौरा किए गए स्कूलों/क्षेत्रों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करता है। अध्ययन में समुदाय के साथ मिलकर स्कूलों की कार्य प्रणाली के बारे में भी विस्तार से बताया गया है। अध्ययन बताता है कि सरकारी स्कूलों की विफलता का प्रमुख कारण 'सामाजिक भरोसे की कमी' है। निजी स्कूल प्रणाली, मुख्य रूप से एलबीएस ने यह महसूस किया है – और इसलिए वे इसका लाभ उठाने के लिए उपयोग कर रहे हैं। अध्ययन में निजी स्कूल प्रणाली को देखने का आग्रह किया गया है। अब तक, हम निजी स्कूल प्रणाली (विशेष रूप से एलबीएस) के खिलाफ बहस करते रहे हैं लेकिन हमने कभी इस प्रणाली को समझने की कोशिश नहीं की। यदि क्षेत्र में 10 एलबीएस हैं, तो क्षेत्र की अंतर्दृष्टि सूचित करती है – प्रत्येक स्कूल अलग–अलग गुणवत्ता का प्रदर्शन करने की कोशिश करता है। प्रतियोगिता के कारण, प्रत्येक स्कूल बने रहने के मोड में चलता है, इसलिए, कुछ क्षेत्रों में विशेषज्ञता की कोशिश से माता–पिता को प्रभावित किया जाता है। अध्ययन से पता चलता है कि, बहुत हद तक, निजी स्कूल सरकारी स्कूलों की तुलना में माता–पिता के साथ एक करीबी संबंध स्थापित करने में सक्षम हैं। इस तरह, एलबीएस भारतीय इतिहास में अधिलक्षण के रूप में सामने आया है, जो एक जीवंत 'सार्वजनिक क्षेत्र' बना सकता है जहां विविध पृष्ठभूमि के बच्चे भाग लेते हैं। परियोजना की कार्यप्रणाली को कई क्षेत्रों की यात्राओं की आवश्यकता थी जो मैंने कठोर कार्यव्यस्तता के बाद पूरी की है। आंकड़ों में अंतराल को भरने के लिए हाल ही में अंतिम क्षेत्र का दौरा किया गया था। परियोजना का मसौदा रिपोर्ट तैयार है। रिपोर्ट मार्च के महीने में सौंपी जाएगी।

17. भारतीय उच्च शिक्षा संस्थाओं में स्वायत्तता

अन्वेषकः डा. नीरू स्नेही

- भारत में उच्चतर शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता एजेंडा का महत्वपूर्ण भाग बन गया है। स्वायत्तता देने का तात्पर्य ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि स्वायत्तता हमारे समक्ष उत्पन्न होने वाली बहुत सी समस्याओं के लिए रामबाण हो। इस अध्ययन का उद्देश्य इसका पता लगाना था कि सामान्यतया भारत के उच्चतर शिक्षा संस्थानों में और विशेष रूप से अधि–स्नातक महाविद्यालयों में किस हद तक स्वायत्तता है; अधि–स्नातक स्तर की संस्थाओं को स्वायत्तता प्रदान करने में हितधारको की क्या भूमिका है और साथ ही संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की तुलना स्वायत्तता प्राप्त संबद्ध महाविद्यालयों के कार्यकरण से करना भी इसका उद्देश्य है।
- इन उद्देश्यों के संदर्भ में पांच क्षेत्रों के दो विश्वविद्यालयों से संबद्ध चार/पांच महाविद्यालयों का सैम्पल चुना गया और वहाँ का दौरा किया गया। साक्षात्कार फोकस समूह चर्चा और राज्य के निश्वविद्यालयों से संबद्ध नमूना महाविद्यालयों से आंकड़ा संकलन का कार्य पूरा हो गया है। आंकड़ों की प्रविष्टि की जा रही है। शोध प्रश्नों और आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट को पाँच अध्ययनों में विभक्त किया गया है। इन अध्ययनों में सैद्धान्तिक ढ़ांच, विश्वविद्यालय अधिनियमों के

माध्यम से महाविद्यालयों को स्वायत्तता दिए जाने, स्वायत्तता और स्वायत्त महाविद्यालयों पर इसका प्रभाव और अन्य सांविधिक निकायों द्वारा स्वायत्तता विनियम और नियंत्रण का तुलनात्मक अध्ययन और एक अंतिम अध्याय। वर्तमान में, प्रारूप रिपोर्ट लेखन ओर प्रारूप प्रतिवेदन विश्लेषण को अंतिम रूप दिए जाने का कार्य जारी है। इस प्रतिवेदन को मार्च, 2020 तक अंतिम रूप दिए जाने की प्रत्याशा है।

18. स्कूल शिक्षा के भू–स्थानिक सूचना प्रणाली का प्रायोगिक अध्ययन

अन्वेषकः श्री एनुगुला एन. रेड्डी

स्कूली शिक्षा के लिए भू–स्थानिक सूचना प्रणाली विकसित करने के प्रायोगिक परियोजना के दो उद्देश्य हैं। पहला– भू–स्थानिक सूचना प्रणाली स्कूल शिक्षा के विकास में विभिन्न राज्य सरकारों के अनुभवों की समीक्षा करना, स्कूलों के भू–स्थानिक आंकड़ों के संग्रह में और शैक्षिक योजना और निगरानी में उनका उपयोग करना। दूसरा उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर स्कूली शिक्षा के लिए भू–स्थानिक सूचना प्रणाली का एक प्रोटोटाइप विकसित करना और स्थानीय स्तर पर शैक्षिक योजना में भू–स्थानिक आंकड़ों की पद्धति और अनुप्रयोगों का प्रदर्शन करना है। भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) वेबसाइटों पर जाकर और वेबसाइटों की सामग्री की जांच, और वेबसाइट पर विभिन्न उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा करके राज्य के अनुभवों की समीक्षा की जा रही है, जिनका उपयोग स्कूल स्थान और निगरानी के नियोजन में किया जा सकता है। इसके बाद शिक्षा के लिए जीआईएस विकसित करने और योजना और निगरानी के लिए उसी का उपयोग करने के लिए अपनाई जाने वाली परिपाटियों पर गहन चर्चा के लिए राज्यों का दौरा किया जाएगा। एक प्रोटोटाइप भौगोलिक सूचना प्रणाली विकसित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

- भू–स्थानिक सूचना प्रणाली वेबसाइटें और वेबसाइटों की सामग्री की जांच, और वेबसाइट पर उपलब्धता और कार्यक्षमता के लिए विभिन्न उपकरण जो स्कूल स्थान की योजना बनाने और निगरानी में उपयोग किए जा सकते हैं। मसौदा समीक्षा रिपोर्ट तैयार की जाती है।
- भू–स्थानिक सूचना प्रणाली डेटा का उपयोग करके शिक्षक स्थानांतरण (हरियाणा) पर एल्गोरिथ्म पर एक पेपर तैयार किया गया है और यह विश्व विकास (एल्सेवियर) के सक्रिय विचार के तहत है।
- स्कूल और स्कूल स्थानों में अलगाव पर दो अध्याय प्रगति पर हैं।
- वर्ष 2019–20 की कोई प्रगति रिपोर्ट अन्वेषक द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई है।

19. प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए शैक्षिक प्रशासकों के वर्तमान की तुलना में भविष्यपरक कार्यों एवं भूमिकाओं की समलोचनात्मक जाँच करने हेतु गहन अध्ययन

अन्वेषकः प्रोफेसर बी.के. पांडा और डा. मोना सेदवाल

पृष्ठभूमि और समीक्षा

सभी स्तरों पर मानक संसाधन प्रबंध में सार्थक परिवर्तन आया है। संगठन अपने लोगों को प्रबंध और विकास को बहुत अधिक महत्व दे रहे हैं। ऐसा भी महसूस किया गया है कि न केवल शिक्षकों को तैयार करने की आवश्यकता है प्रत्युत निरंतर उन शैक्षणिक प्रशासकों का भी क्षमता निर्माण किए जाने की आवश्यकता है जिन पर शैक्षणिक संस्थानां को कुशल और सफल प्रबंधन का दायित्व है। देश के विभिन्न राज्यों में अनेक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं। तथापि, उनमें से अधिकांश संस्थाओं में या तो सेवा–पूर्व या सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण पर बल दिया जाता है। इसके अलावा, व्यावसायिक विकास के लिए कोई ऐसे विशिष्ट कार्यक्रम नहीं हैं जिसे उन शैक्षणिक प्रशासकों के लाभार्थ बनाया गया हो जो कि जिला और अनुमंडल स्तर पर कार्य कर रहे हैं या सेवारत हैं। शैक्षणिक प्रशासकों के ये संवर्ग ज्यादातर मामलों में उपेक्षित रहते हैं और उन्हें चुनौतीपूर्ण नई नीति, सरकारी कार्यक्रम और परियोजनाओं की सम्हलाई के लिए अपने सर्वांगीण व्यावसायिक कौशल और अभिक्षमताओं के कोटि उन्नयन का अवसर नहीं प्राप्त हो पाता है। समुचित व्यावसायिक विकास कार्यक्रम उपलब्ध नहीं होने के परिणामस्वरूप शैक्षणिक प्रशासकों के व्यावसायिक विकास के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का कार्यान्वयन प्रभावित हुआ है।

शैक्षणिक प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण मॉडल पर बल

प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक प्रशासकों को प्रशिक्षित करने की गुंजाइश नगण्य होने की वर्तमान स्थिति को देखते हुए राज्य, जिला और प्रखंड स्तर पर कार्यरत शैक्षणिक प्रशासकों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण फ्रेमवर्क बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि उन्हें शिक्षा संबंधी विद्यमान नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में समय–समय पर जानकारी दी जा सके। यह फ्रेमवर्क सतत रूप से शैक्षणिक प्रशासकों क आवश्यकता को पूरा करने में समर्थ हो सकता है जिसमें संबंधित राज्यों में स्थापित मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से सम्यक् प्रभावी व्यावसायिक विकास कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। इनमें सेवा मे प्रवेश के समय और सेवावधि के मध्य में गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने के साथ साथ इसे व्यापक बनाने के लिए कतिपय मार्गदर्शी सिद्धान्तों को अपनाया जा सकता है।

इस संदर्भ में, शैक्षणिक प्रशासकों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण फ्रेमवर्क बनाकर शैक्षणिक प्रशासकों की क्षमता विकसित करने का प्रस्ताव है। इस फ्रेमवर्क का अभिकल्प कतिपय मुद्दों को शामिल करने के लिए तैयार किया गया है। यथाः (अ) इन शैक्षणिक प्रशासकों के लिए किस प्रकार के प्रशिक्षण संस्थान बनाए जाने की आवश्यकता है। (ख) जिन शैक्षणिक प्रशासकों के संवर्ग को प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता है उनकी पहचान करना। (ग) इन शैक्षणिक प्रशासकों के मध्य किस प्राकर की व्यावसायिक क्षमता और कौशल निर्माण किए जाने की आवश्यकता है, उनका अभिनिश्चय करना। (घ) विद्यमान प्रशिक्षण संस्थाओं की राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर तक कोटि उन्नयन करना और उनके विकास हेतु योजना निर्माण।

अध्ययन का उद्देश्य

- शैक्षिक प्रशासकों को प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण के भविष्य के आयामों की पहचान करना;
- शैक्षिक प्रशासकों की क्षमता के निर्माण के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना;
- मौजूदा प्रशिक्षण सुविधाओं और ऐसे संस्थानों की क्षमताओं को समझना जो शैक्षिक प्रशासकों को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं;
- शैक्षिक और प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों के संदर्भ में शैक्षिक प्रशासकों के व्यावसायिक विकास के लिए एक मॉडल प्रशिक्षण ढांचा विकसित करना; तथा
- एक मॉडल कार्यक्रम विकसित करना जो संसाधनों की दृष्टि से प्रशिक्षण के कार्यान्वयन में स्थायी हो और लागत प्रभावी को बनाने और ई–लर्निंग विधियों के उपयोग की पहुँच व्यवहार्य हो।

प्रारंभिक भूमिका का निर्वाह करते हुए हमने शैक्षणिक प्रशासकों के तीन स्तर (व्यष्टि, मध्य और कनिष्ठ स्तर) पर भारत के राज्यों से प्रदत्त सूचना के आधार पर कार्य किया है ताकि यह समझा जा सके कि प्रत्येक श्रेणी से क्या प्रत्याशित है और इसके साथ–साथ शैक्षणिक प्रशासन की अभिप्राय और अर्थ संदर्भ के अधिगम के संदर्भ में एक दूसरी कोटि को समझना। इसके अलावा, साहित्य की समीक्षा भी की गई और पुनर्विलोकन से प्राप्त परिणाम पर विचार किया गया है। विमर्श को संयोजित कर और समीक्षा को आधार मानकर रिपोर्ट का प्रारंभिक प्रथम भाग तैयार किया गया है। इससे मुख्य रिपोर्ट की नींव बनेगी जिसे शीघ्र ही ऑन–लाइन साक्षात्कार और विमर्श में शामिल किया जाएगा। शैक्षणिक प्रशासकों के पसंद के क्षेत्र को भी समझने का प्रयास किया जाएगा। प्रशिक्षण की प्रकारता, प्रशिक्षण की प्रक्रिया, प्रशिक्षण प्रदाता और संधारणीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी समुपयुक्त रूप से विचार–विमर्श किया जाएगा। प्राथमिक प्रतिवेदन अगस्त, 2020 से पूर्व प्रस्तुति के लिए तैयार है।

20. राजस्थान के शैक्षिक रूप से और गैर–शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक में सामाजिक गतिशीलता और स्कूल प्रबंधन का तुलनात्मक अध्ययन

अन्वेषकः डा. मोना सेदवाल

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 ने राष्ट्र भर के स्कूलों में बच्चों को लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजस्थान में भी, आरटीई ने स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) और जमीनी स्तर पर काम कर रहे अन्य शैक्षणिक संस्थानों पर प्रमुख जिम्मेदारियों को बढ़ावा देकर इसे एक वास्तविकता बना दिया है। इसी तर्ज पर, भारत सरकार ने शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक (ईबीबी) की पहचान की है जहाँ सभी के लिए शिक्षा को वास्तविकता बनाने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं।

उपर्युक्त चर्चा से को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान अध्ययन में स्कूल प्रबंधन में जाति की गतिशीलता के प्रकाश में एसएमसी की संरचना के प्रभाव की जांच करने का प्रस्ताव

है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 के अनुसार, राजस्थान में राज्य में अनुसूचित जाति की 59 श्रेणियां हैं। राजस्थान राज्य में 17 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 13 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति शामिल हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, साक्षरता 53 प्रतिशत है।

अध्ययन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैंः–

- शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक और गैर–शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक के गांवों में स्कूल प्रबंधन पर इसके सामाजिक संरचना, इसके संबंध और प्रभाव का आकलन करने के लिए।
- स्कूल प्रबंधन के कामकाज और स्कूल प्रबंधन के सदस्यों के रवैये और ईबीबी और गैर–ईबीबी में अनुसूचित जातियों के समुदायों से आने वाले बच्चों के प्रति मुख्याध्यापक के दृष्टिकोण का अध्ययन करना।
- ईबीबी और गैर ईबीबी में बीईओ, डीईओ, डायट और एसआईईआरटी द्वारा प्रदान किए गए शैक्षिक इनपुटों की मदद से एसडीपी को विकसित करने और इसे लागू करने में स्कूल प्रबंधन की भागीदारी का अध्ययन करना।
- यह अध्ययन करने के लिए कि ईबीबी और गैर–ईबीबी में एससी जनसंख्या के लिए गाँव स्तर पर स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली कितनी समावेशी है।
- सामग्री और कार्यप्रणाली के साथ–साथ एसएमसी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभाव का मूल्यांकन करने और ईबीबी और गैर–ईबीबी गांवों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अ.जा. सदस्यों की भागीदारी दर का आकलन करना।
- वार्षिक आईडेपा कार्यक्रम और कोविड महामारी के कारण अनुसंधान के लिए क्षेत्र का दौरा न होने से विलंबित है।
- अध्ययन की वर्तमान स्थितिः परिचय अध्याय के साथ–साथ अध्ययन के प्रारूप की रूपरेखा तैयार की गई है। शोध कार्य के लिए द्वितीयक आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है।
- आंकड़ा संग्रहः क्षेत्र निष्पादन हेतु प्रश्नावली के रूप में अनुसंधान के लिए उपकरण विकसित किए गए हैं। एफजीडी और व्यक्तिगत साक्षात्कारों के आधार पर विशिष्ट प्रारूप में आंकड़े अभी तक एकत्र नहीं किये गये हैं।

21. भारत के शहरी मलिन बस्तियों के बच्चों की शैक्षिक भागीदारी का समालोचनात्मक मूल्यांकन

अन्वेषकः डा. सुनीता चुघ

- दस नमूना शहरों (दिल्ली, भुवनेश्वर, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, लुधियाना, रायपुर, लखनऊ, कानपुर और लुधियाना) की सभी छियालीस मलिन बस्तियों से आंकड़े एकत्र किये गये हैं।
- तीन प्रकार की प्रश्नावली के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी के आंकड़ों की प्रविष्टि– झुग्गी बस्तियों की रूपरेखा से संबंधित प्रश्नावली–1 (10 शहरों से 50 मलीन बास्तिया), एकत्र की गई; बुनियादी जानकारी से संबंधित प्रश्नावली–2 (15 संकेतकों के साथ 26,630 प्रश्नावली), विस्तृत सामाजिक से संबंधित प्रश्नावली–3 जिसमें 6–14 वर्ष की आयु के बच्चों वाले परिवारों की आर्थिक, शैक्षिक विशेषताएं (232 संकेतकों के साथ 8849 प्रश्नावली); जिसमें स्कूल जाने वाले बच्चों की प्रोफाइल और ड्रॉप आउट बच्चों की प्रोफाइल शामिल है।
- घरों से एकत्रित सभी आंकड़ों की प्रविष्टि और डेटा क्लीनिंग फरवरी 2020 तक पूरी कर ली गई थी।
- माध्यमिक स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित रिपोर्ट जिसमें शहरों की जनसांख्यिकीय रूपरेखा, धार्मिक और सामाजिक संकेतकों पर जनसंख्या की संरचना शामिल है, 2001 और 2011 की जनगणना के आधार पर बच्चों की भागीदारी सम्मिलित की गई। मार्च 2020 तक तीन शहरों (कानपुर, लखनऊ और कोलकाता) के घरों से एकत्रित प्राथमिक आंकड़ों विश्लेषण पूरा किया गया है।
- सात शहरों (भोपाल, दिल्ली, लुधियाना, हैदराबाद, भुवनेश्वर, रायपुर, मुंबई) की अप्रैल से जून की रिपोर्ट के माध्यमिक और प्राथमिक आंकड़ों का विश्लेषण करके अंतिम रूप दिया गया और पूरा किया गया। प्रस्तुत करने के लिए रिपोर्ट की प्रतिलिपि संपादन प्रगति पर है।

22. भारतीय स्नातक महाविद्यालयों में पुस्तकालय सुविधाएं और छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर इसका प्रभाव

अन्वेषकः डा. संगीता अंगोम

पुस्तकालय शिक्षकों, शोधकर्ताओं, छात्रों के साथ–साथ जनता के लिए सीखने का बहुत महत्वपूर्ण स्रोत है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अधिकांश पुस्तकालय छात्रों और शिक्षकों के लिए हैं, लेकिन कुछ विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय जनता के लिए भी खुले हैं। दुनिया के उन्नत देशों की तुलना में भारत में महाविद्यालयों, कॉलेज पुस्तकालयों और कॉलेज पुस्तकालयाध्यक्षों की स्थिति खराब है। अधिकांश कॉलेजों में पुस्तकालय की उचित सुविधाएँ नहीं हैं और जहाँ भी पुस्तकालय उपलब्ध हैं, वहाँ ठीक से प्रशिक्षित जनशक्ति द्वारा प्रबंधित पुस्तकालय नहीं है। इस समस्या के कई कारण हैं जिनमें बजट, स्थान, संसाधन, जनशक्ति, राष्ट्रीय नीतियों की कमी और मानक शामिल हैं। कॉलेज के पुस्तकालय छात्रों के समग्र विकास में उन्हें सुविज्ञ व्यक्ति में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉलेज पुस्तकालय उनके पढ़ने के कौशल, जानकारियां प्राप्त करना और संसाधनों के बारे में ज्ञान में सुधार में मददगार है। हालांकि, कॉलेज पुस्तकालयों की स्थितियों के बारे में थोड़ा अनुभवजन्य आंकड़ा है कि इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल संसाधनों को अंडरग्रेजुएट्स द्वारा ध्यान में रखते हुए उपयोग किया जा रहा है और भारत के अधिकांश कॉलेजों ने अपने पुस्तकालय संसाधनों का पूर्ण रूप से डिजिटलीकरण नहीं किया है।

साहित्य समीक्षा से स्पष्ट होता है कि महाविद्यालयों के पुस्तकालय में अकादमिक पुस्तकालयों या इनके सुविधाओं के उपयोग पर काफी अध्ययन किए गए हैं। लेकिन अधिकांश अध्ययन एक विशेष राज्य तक ही सीमित थे और उच्च शिक्षा संस्थानों विशेषकर स्नातक महाविद्यालयों के पुस्तकालय सुविधाओं पर राष्ट्रीय स्तर पर शायद ही कोई अध्ययन किया गया हो। वर्तमान अध्ययन दो विशिष्ट उद्देश्यों के साथ प्रस्तावित हैः i) पुस्तकालय सुविधाओं से संबंधित एनएएसी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए भारतीय महाविद्यालयों में पुस्तकालय सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना; पप) उपयोगकर्ता (छात्र) के शैक्षणिक प्रदर्शन पर कॉलेज पुस्तकालय के प्रभाव का आकलन करना।

अध्ययन के उद्देश्य

- पुस्तकालय निर्माण, कुल संग्रह और अन्य सुविधाओं के संदर्भ में महाविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तककालय सुविधाओं की जांच करना।
- कॉलेज पुस्तकालय पर वित्त आवंटन का पता लगाना
- पुस्तकालयाध्यक्ष की योग्यता और काम करने की स्थिति (जैसे शिक्षा और प्रशिक्षण, काम करने का माहौल, अधिकार, अवकाश, वेतन आदि) का पता लगाना
- महाविद्यालयों में पुस्तकालय संसाधनों के उपयोग की सीमा की जांच करना
- यह पता लगाना कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एनएएसी मापदंडों के अनुसार कॉलेज पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं के लिए अपनी सेवाओं का प्रबंधन या विस्तार कर रहे हैं या नहीं
- पुस्तकालयों की स्थिति और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर उनके प्रभाव का पता लगाना
- पुस्तकालय में उनकी व्यस्तताओं के संबंध में छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का पता लगाना
- महाविद्यालयों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों का पता लगाना, उपयोगकर्ताओं की सुविधाओं, वित्त आपूर्ति और सेवाओं के प्रबंधन और सुधार के उपायों की पेशकश करना।

शोध पद्धतिः

यह अध्ययन एक सर्वेक्षण शोध होगा। जिसका उपागम विश्लेषणात्मक होगा। अध्ययन में भारत के सभी अधि–स्नातक जनरल डिग्री कॉलेज शामिल होंगे। वर्तमान अध्ययन में देश के पाँच प्रदेश– पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और उत्तर–पूर्व क्षेत्र के 20 राज्यों को शामिल किया जाएगा। प्रत्येक नमूना राज्यों से 10 कॉलेज का चयन नमूना राज्यों से यादृच्छिक रूप से किया जाएगा। सरकारी और निजी दोनों महाविद्यालयों का चयन किया जाएगा। इस अध्ययन के लिए द्वितीयक और प्राथमिक दोनों आंकड़ों का उपयोग किया जाएगाः (1) निर्मित साधन यथा प्रश्नावली और महाविद्यालय प्रशासकों, पुस्तकालयाध्यक्षों/पुस्तकालय प्रभारी, अध्यापकों और विद्यार्थियों से साक्षात्कार कार्यक्रम आदि के माध्यम से प्राथमिक आंकड़े संकलित किए जाएंगे। और (2) द्वितीयक आंकड़े महाविद्यालय के दस्तावेजों से संकलित किए जाएंगे।

अब तक फरवरी और मार्च, 2020 के दौरान प्रायोगिक अध्ययन किया गया। प्रायोगिक अध्ययन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध चार महाविद्यालयों का चयन

नमूना महाविद्यालय के रूप में किया गया। केवल तीन महाविद्यालयों के कुछेक विद्यार्थियों और शिक्षकों से ही चर्चा और बैठक संभव हो पाया था। प्रायोगिक अध्ययन के दौरान निर्मित साधन (विद्यार्थी, शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष और प्राचार्य) का परीक्षण किया गया और तदनुसार मौलिक साधनों की समीक्षा की जा रही है। नमूना महाविद्यालयों से आंकड़े संकलित करने के लिए फील्ड सर्वे (क्षेत्र–सर्वेक्षण) मार्च के अंत से मई, 2020 तक किया जाना निर्धारित था। तथापि, वर्तमान महामारी के कारण स्थिति में सुधार होने तक इसे स्थगित कर दिया गया है।

वर्तमान में, प्रायोगिक अध्ययन के दौरान संकलित आंकड़े का एसपीएसएस का प्रयोग कर विश्लेषण किया जा रहा है। सर्वाधिक महाविद्यालय के प्राचार्यों और पुस्तकालयाध्यक्षों से प्रश्नावली प्राप्त करने के लिए नमूना महाविद्यालयों को ईमेल भेजने की भी योजना है।

23. भारत में शिक्षक शिक्षा का अभिशासन, अधिनियम और गुणवत्ता आश्वासन

अन्वेषकः प्रो. प्रणति पांडा

गुणवत्तापूर्ण अध्यापकों और गुणवत्तापरक शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों को सुनिश्चित करना दशकों से मूलभूत राष्ट्रीय चिंताओं के रूप में जारी है। सामान्य रूप से शिक्षक शिक्षा क्षेत्र में कार्यक्रम/पाठ्यक्रमों की अवधि, पाठ्यक्रम संरचना, निजी प्रदाताओं के प्रभुत्व, आदि के संदर्भ में परिवर्तन देखा जा रहा है, जबकि उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षक शिक्षा को प्रभावी और सक्षम शिक्षक तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, यह शिक्षक को एक पेशेवर के रूप में विकसित करने के लिए नींव है।

उच्च–गुणवत्ता वाले शिक्षकों की मांग को उच्च–गुणवत्ता वाले शिक्षक शिक्षा के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। पढ़ाने के लिए अपर्याप्त तैयारी, शिक्षण प्रभावशीलता, शिक्षक की उपस्थिति दर और स्कूल कॉलेजिएट का छात्र की उपलब्धि के परिणामों पर प्रभाव पड़ता है।

शिक्षक शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन की आवश्यकता भारतीय शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में सबसे कमजोर क्षेत्र के रूप में बनी हुई है। प्रमुख चुनौती यह है कि 'शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता को कैसे सुनिश्चित किया जा सके। जिससे गुणवत्तापूर्ण संस्कृति और प्रत्येक संस्थान के बेहतर प्रदर्शन को बढ़ावा मिले?' वर्ष 2019–20 के दौरान कोई प्रगति रिपोर्ट अन्वेषक द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई है।

24. हरियाणा राज्य के गुड़गांव जिले में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में निर्णय लेने की प्रक्रियाः एक प्रायोगिक अध्ययन

अन्वेषकः प्रो. विनीता सिरोही

परियोजना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद 31 अप्रैल, 2019 से 31 जुलाई, 2020 की अवधि के लिए अस्थायी रूप से निलंबित रही। परियोजना को दिनांक 01 अगस्त, 2020 से पुनः आरंभ कर दिया गया है।

25. भारत की उच्चतर शिक्षा में अनियत अधिगम मार्ग की योजना

प्रधान अन्वेषकः डा. गरिमा मलिक

यूनेस्को के इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एजुकेशनल प्लानिंग (आईआईईपी) में उच्चतर शिक्षा में लचीला अधिगम मार्ग (एफएलपी) के बारे में एक शोध परियोजना आरम्भ किया है। यह विषय वर्ष 2030 के शिक्षा एजेंडा में संधारणीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) 4 का आवश्यक संघटक है। यह परियोजना आईआईईपी, पेरिस द्वारा शुरू की गई है।

चूँकि उच्चतर शिक्षा प्रणालियाँ तेजी से पल्लवित हो रही है और संस्थाओं, प्रदायगी के प्रकार और विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि के मामले में इनका और अधिक विविधीकरण हो रहा है। संधारणीय विकास लक्ष्य–4 में लचीला अधिगम मार्ग पर अधिक बल दिया गया है जिसमें विद्यार्थियों को वैकल्पिक प्रवेश प्रणालियों के माध्यम से प्रवेश पाने की अनुमति के साथ–साथ उपबंध के प्रकारों को अंतरित करने तथा क्रेडिट संकलित करने का भी प्रावधान है।

इस नए आईआईईपी शोध परियोजना का सर्वोत्तम लक्ष्य भावी सुधार के रूप में लचीला अधिगम मार्ग को सुदृढ़ करना था। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु इस शोध परियोजना में मुख्यतः दो कार्य किए गएः– (1) विद्यमान नीतिगत फ्रेमवर्क और साधनों के बारे में साक्ष्य संकलन के लिए यूनेस्को के सभी सदस्य देशों में उच्चतर शिक्षा मंत्रियों को संबोधित अन्तरराष्ट्रीय सर्वेक्षण किया गया और (2) उच्चर शिक्षा के क्षेत्र में लचीला अधिगम मार्ग विकसित करने की प्रक्रिया अपनाने वाले देशों से गहन केस अध्ययन किया गया। लचीला अधिगम मार्ग के सहायक साधन होंगेः राष्ट्रीय अर्हता फ्रेमवर्क, गुणवत्ता आश्वासन, प्रायिक अधिगम की मान्यता/विधिमान्यकरण,

क्रेडिट संग्रहण और अंतरण प्रणालियाँ तथा सूचना और मार्गदर्शन सेवा/देश के केस अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य इस बात का विश्लेषण करना था कि नीतियों और संसाधनों, व युक्तियों का उच्चतर शिक्षा संस्थानों के यथार्थस्वरूप पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है:

पहला शोध पद्धति सेमिनार 17–19 जून, 2019 को आईआईईपी पेरिस में आयोजित किया गया और 7 देशों (भारत सहित) के 13 प्रतिनिधियों ने सेमिनार में भाग लिया। इस परियोजना के लिए दूसरा शोध पद्धति सेमिनार प्रारूप प्रतिवेदनों पर विमर्श करने के लिए समकक्षीय–समीक्षा बैठक के लिए 4–5 जून 2020 को होना निर्धारित था किन्तु कोविड.–19 महामारी के कारण इसे तब जून, 2020 में ऑन–लाइन आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय स्तर के लिए आंकड़ा संकलन का कार्य पूरा हो गया है और केस अध्ययन वाली संस्थाएँ– आईआईटी दिल्ली और भरथियार यूनिवर्सिटी के भी आंकड़ संकलित हो चुके हैं। आईआईईपी द्वारा सभी 8 देशों के दल सहित 8 वेबिनार की सीरीज जून 2020 में आयोजित की गई और सभी शोध दल कर्मियों ने इसमें हिस्सा लिया। 19 जून को इंडिया केस स्टडी की प्रस्तुति हुई जिसके बाद यू.के. की रिसर्च टीम ने समकक्षीय समीक्षात्मक टिप्पणियां की। भारत के यू.के. की रिपोर्ट की समकक्षीय समीक्षा की और 23 जून के वेबिनार में टिप्पणियाँ प्रस्तुत की गई। अंतिम रिपोर्ट 31 जुलाई को आईआईईपीको सौपा जाना है।

26. छोटे विद्यालयों के लिए नेतृत्व संरचना, पद्धति और मॉडलः चुनौतियां और क्रमिक विकास

अन्वेषकः डा. कश्यपी अवस्थी

इस परियोजना को आई.यू.सी.टी.ई. शिक्षा विभाग, महाराजा सायाजीराव गायकवाड यूनिवर्सिटी, बड़ौदा द्वारा निधि पोषित किया गया है।

शोध प्रश्न हैं:

- छोटे विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों की क्या संदर्भगत आवश्यकताएं हैं और उनके समक्ष किस प्रकार की चुनौतियां हैं?
- छोटे विद्यालयों के लिए नेतृत्व संरचना, सहभागिता की प्रक्रिया और पद्धति क्या है?
- क्षेत्र से नेतृत्व के कौन से नए सिद्धांत या मॉडल उभरकर सामने आते हैं।

परियोजना में प्रत्यक्षवादी और निर्वचनात्मक उपागम अपनाया जाता है जिनमें छोटे विद्यालयों में नेतृत्व की आवश्यकता और चुनौतियों को समझने तथा नेतृत्व संरचनाओं, प्रक्रिया और पद्धति, यदि कोई हो के अध्ययन हेतु चरण–1 में सर्वेक्षण अभिकल्प का प्रयोग किया जाता है। चरण–2 का डिजाइन नेतृत्व प्रक्रियाओं और भागीदारी की पद्धति तथा स्कूल–रूप परिवर्तन में इनकी प्रभाविता के बारे में बेहतर सूझबूझ प्राप्त करने के लिए मामला अध्ययन विधि का प्रयोग किया गया। गुजरात को प्रतिदर्श राज्य के रूप में चुना गया और यू–डाईस से आंकड़ों का प्रयोग करते हुए दो जिले अर्थात् छोटा–उदयपुर और कच्छ को प्रतिदर्श जिले के रूप में चुना गया और आगे जिला प्राधिकारियों के परामर्श से प्रत्येक जिले के दो प्रखंडों छाटा उदयपुर से सनखेड़ा और नसवाड़ी तथा कच्छ से भुज और लखपत प्रखंडों को चुना गया। चूँकि, तीसरा शोध प्रश्न छोटे विद्यालयों के लिए शोध मॉडल के उद्र विकास से संबंधित है, छोटे विद्यालयों के चयन में वांछित संकेतक था। गुणोत्सव में शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक कार्य निष्पादन पर भी विचार करते हुए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयों का चयन किया गया और माध्यमिक तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के चयन में बोर्ड में उत्तीर्ण होने के प्रतिशत पर विचार किया गया।

दोनों जिले से आंकड़े संकलन का कार्य पूरा हो गया है और विश्लेषण हेतु परिमाणात्मक सूचना एक्सेल में संकलित की जाती है जबकि विद्यालय के प्रमुखों के साथ साक्षात्कार के रिकार्ड विषयवस्तु विश्लेषण के लिए लिपिबद्ध किए जाते हैं। शोध की समस्या, संबंधित साहित्य और शोध पद्धति की समीक्षा की संकल्पना संबंधी अध्याय का पहला प्रारूप तैयार कर लिया गया है। आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है और रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में और दो महीने का समय लगेगा। रिपोर्ट सितम्बर, 2020 तक प्रस्तुत हो जाएगी।

27. स्कूल प्रबंध समितियांः भारत में शिक्षा के क्षेत्र में मुक्त सरकार की दिशा में बढ़ने का प्रयास

प्रधान अन्वेषकः डा. सुनीता चुघ

निम्नांकित खण्ड पूरे हो गए हैंः

- वर्तमान अध्ययन के लिए फ्रेमवर्क
- वर्तमान अध्ययन के लिए अपनाई गई विधि
- शिक्षा के शोध में सामुदायिक भागीदारीः मुक्त शिक्षा की दिशा में प्रक्षेपण पथ

भारतीय शिक्षा में मुक्त सरकार की पहल में समुदाय और इसकी सहभागिता का आरम्भ शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का विकेन्द्रीकरण और स्कूल प्रबंध समितियाँः भारत में मुक्त शिक्षा।

28. गैर–शैक्षणिक कार्यकलाप में अध्यापकों की अंतर्ग्रस्तता और शिक्षा पर इसका प्रभावः निर्वाचन और निर्वाचन से संबद्ध–कर्त्तव्य के निर्वहन में अध्यापकों द्वारा व्यतीत किए गए समय का एक अखिल भारतीय अध्ययन

अन्वेषकः डा. संगीता अंगोम

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने नीपा से आग्रह किया कि सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से अध्यापकों द्वारा निर्वाचन और निर्वाचन से संबद्ध ड्यूटी के निर्वहन मे व्यतीत समय के यथार्थ आंकड़े प्राप्त करने के लिए एक अध्ययन कराया जाए। इसलिए मा.सं.वि. मंत्रालय को प्रारूप प्रस्ताव भेजा गया और परवर्तीकाल में मा.सं.वि. मंत्रालय से प्राप्त टिप्पणियों के अनुसार इसमें संशोधन किया गया। 12 अप्रैल, 2019 को नीपा के बजट सहित संशोधित प्रस्ताव के अनुमोदन संबंधी मा.सं.वि. मंत्रालय से एक पत्र प्राप्त हुआ।

नीपा ने प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से 2 जिलों का चयन कर यह अध्ययन आरंभ किया। इस प्रकार नमूना 69 जिलों में चयनित सरकारी विद्यालयों में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर शिक्षण कार्य कर रहे सभी शिक्षक शामिल हैं। यू–डाईस आंकड़ों का प्रयोग करते हुए प्रत्येक जिले से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर से 10 विद्यालयों का चयन किया गया। शिक्षणेतर कार्यकलाप/गतिविधियों पर अध्यापकों द्वारा व्यतीत समय से संबंधित जानकारी एकत्र करने के लिए विशेषज्ञों के परामर्श से अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों और जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए एक पृथक प्रश्नावली तैयार की गई। क्षेत्रीय दौरों के क्रम शिक्षकों और प्रशासकों से बातचीत व संवाद के लिए भी प्रश्न तैयार किए गए।

राज्यों से अनुरोध किया गया है कि अध्ययन और परिबोधन कार्यशाला में भाग लेने के लिए वे चयनित जिले से जिला शिक्षा अधिकारियों को मनोनीत करें। परिबोधान कार्यशालाओं का आयोजन वर्ष 2019 में 08 और 10 मई को किया गया जिसमें 30 जिला शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। उन्हें संबंधित गतिविधियों के बारे में बताया गया। प्रश्नावली पर भी विस्तार से चर्चा हुई और कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को प्रश्नावली का एक सेट सौंपा गया।

संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक शोध सलाहकार समिति बनाई गई और शोध सलाहकार समिति की बैठक 23 मई, 2019 को हुई। बैठक का कार्यवाही सारांश मा.सं.वि. मंत्रालय को भेजा गया।

शिक्षणेत्तर गतिविधियों में अध्यापकों की अंतग्रस्तता के बारे में शिक्षकों और प्रशासकों के अवबोध का अध्ययन करने के लिए उनसे संवाद हेतु उत्तराखण्ड और तमिलनाडु राज्यों के क्षेत्रीय दौरे भी किए गए। इस अध्ययन का एक अधिदेश अध्यापकों के शिक्षणेतर कार्यकलाप/गतिविधियों में शामिल होने के परिणामस्वरूप विद्यालयों में शिक्षण अधिगम पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में भी जानकारी प्राप्त करना था। संस्थागतय स्तर और जिला स्तर पर शिक्षकों और शैक्षणिक प्रशासकों से बातचीत व संवाद से पता चला कि शिक्षणेतर कार्यकलाप विशेषरूप से मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की ड्यूटी में अध्यापकों को शामिल किए जाने का शिक्षण अधिगम पर दुष्प्रभाव पड़ता है। विभिन्न प्रकार की ड्यूटी समस्याओं ओर चुनौतियों का सामना करने के बाद विद्यालय के शिक्षक इस प्रकार की ड्यूटी करने के पक्ष में नहीं हैं क्योंकि इससे बहुत अधिक शिक्षण समय नष्ट होता है और वे अपने मुख्य कार्य जिसके लिए उनकी नियुक्ति हुई है, उस पर ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाते हैं। इसप्रकार की ड्यूटी में उनके शामिल किए जाने के परिणामस्वरूप उन्हें अपने पाठ की योजना बनाने और इसे तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है क्योंकि विद्यालय के कार्यघंटों के बाद कार्य करने से उन्हें थकान महसूस होता है और वे शिक्षणकार्य पर ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाते हैं

जिसके परिणामस्वरूप शिक्षण अधिगम अनुभव की गुणवत्ता अच्छी नहीं हो पी है। इस तरह की परिस्थिति में विद्यार्थियों के शैक्षणिक कार्य निष्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

29. हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा का तुलनात्मक अध्ययन

अन्वेषकः डा. मधुमिता बंध्योपाध्याय

परियोजना का शुभारम्भ हो गया है और प्राथमिक आंकड़े संकलन के लिए तैयार किए जा रहे हैं। इस समय परियोजना से संबंधित लिखित साहित्य की समीक्षा का कार्य चल रहा है। साथ ही, विभिन्न रिपोर्टों से द्वितीयक आंकड़े भी संकलित किए जा रहे हैं।

द्वितीयक आंकड़ों के आधार पर ''महिलाओं की शिक्षा और विकास'' के बारे में संयुक्त रूप से एक पत्र तैयार किया गया है और इसे पुस्तक के अध्याय के रूप में प्रकाशनार्थ भेजा जा रहा है। 28 जून, 2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया ताकि क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों, चयनित विद्यालय के प्रधानाध्यापकगण और अध्यापकों से परामर्श कर इस बात को समझा जाए कि वे विभिन्न राज्यों में बालिओं समेत बच्चों की अधिगम संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं। इस वेबिनार में सभी परियोजना कर्मचारीगण के साथ–साथ परियोजना प्रभारी शामिल थे। इस वेबिनार से संचालित परियोजना से संबंद्ध जानकारी प्राप्त करने में भी सहायता मिली। वेबिनार में हुई चर्चा के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

30. भारत में उच्चतर शिक्षा का अनुदेशात्मक अभिकल्पः प्रस्थिति, समीक्षा, चुनौतियाँ और सिफारिश

अन्वेषकः प्रो. के. श्रीनिवास

किसी भी रूप में (सरल से जटिल) आईसीटी के अनुप्रयोग का प्रभाव शिक्षा प्रदायगी के तीनों प्रकारों– औपचारिक अथवा अति संरचनाबद्ध पारम्परिक विधि, अनौपचारिक अथवा मुक्त संरचनाबद्ध और लचीली पद्धति एवं अनौपचारिक जो पूर्णतः बिना किसी संरचना के हैं, पर पड़ता है। नए युग का अधिगमकर्त्ता जिसके पास इंटरनेट प्रौद्योगिकी और कम्प्यूटर जैसी युक्तियां व संसाधन उपलब्ध हैं, वह शिक्षण के किसी एक माध्यम पर निर्भर नहीं रहता है। फ्लिप्ड कक्षाएँ और अधिगम के अन्य प्लेटफॉर्म यथा खान एकेडमी, मूक, ओईआर इत्यादि की उपलब्धता होने के कारण अधिगमकर्त्ता एक पद्धथ्त से दूसरी पद्धति में अन्तरित हो जाते हैं या पद्धति से परे चले जाते हैं। औद्योगिक समाज से डिजीटल समाज का रूपान्तरण और शिक्षा का बढ़ता हुआ अंतरराष्ट्रीयकरण, अधिगमकर्त्ताओं का वैश्वीकरण और उनका संचालन कही भी किसी भी समय अधिगम और कार्यकरण की आवश्यकता को जन्म दिया है। डिजीटल सोसायटी का शिक्षा शास्त्र सहयोगात्मक और रचनात्मक स्वरूप का है जिसमें मूलतः अधिगमकत्ताओं को ज्ञान के सृजन के रूप में रूपांतरित करने पर बल दिया गया है।

किसी प्रभावी अधिगम अभिकल्प में संज्ञानात्मक और भावात्मक दोनों अधिगम परिणामों पर विचार करने के साथ–साथ अधिगम में शामिल होने पर अधिगमकर्त्ता के भावात्मक अवस्था पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। कोर्स डिजाइन करने के निर्णय में सहयोगी व व्यष्टिगत अधिगम परिवेश बनाकर सामाजिक अधिगम अभिकल्प के विभिन्न उपागमों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

यह मुख्यतः एक सर्वेक्षण अभिकल्प उपागम अध्ययन होगा। सर्वेक्षण शोध एक परिणामात्मक और गुणात्मक पद्धति है जिसकी दो प्रमुख विशेषताएं हैं पहला स्व–प्रतिवेदन के माध्यम से अभिरूचि के परिवर्त्य का मापन होता है। सार रूप में, सर्वेक्षण शोध में अपने प्रतिभागियों से अपने विचार, भावनाएँ और व्यवहार को प्रत्यक्षरूप से प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है। (सर्वेक्षण शोध में प्रतिभागियों को प्रायः प्रत्यर्थी कहा जाता है। दूसरा प्रतिदर्श निर्माण के मुद्दे पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है। विशेषरूप से सर्वेक्षण शोध कर्त्ता गुरूतर यादृच्छिक प्रतिदर्श को अधिक प्राथमिकता देते हैं क्योंकि इनसे जनसंख की यथार्थ स्थिति के संबंध में सर्वाधिक सटीक आकलन हो पाता है।

उच्चतर शिक्षा प्रणाली और अनुदेशनात्मक अभिकल्प के बारे में साहित्य सामग्री की समीक्षा का कार्य पूरा हो गया है और सर्वेक्षण के साधन और इसकी विश्वसनीयता/ विधिमान्यता का अभिकल्प तैयार करने का भी कार्य सम्पन्न हो चुका है।

कोविड–19 की समस्या के कारण, ऑनलाइन सर्वेक्षण मंच बनाया गया है और आंकड़ा संकलन के निमित्त इसे उच्चतर शिक्षा संस्थानों के साथ साझा किया गया है।

4

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

VOCATIONAL EDUCATION
VOCATIONAL EDUCATION
VOCATIONAL EDUCATION
MORAL EDUCATION

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

ज्ञान और सूचना की साझेदारी

संस्थान ने शैक्षिक नीतियों, योजना और प्रबंधन से संबंधित मौजूदा और नवीनतम ज्ञान को सुलभ बनाने के लिए श्रृंखलाबद्ध कार्य आरंभ किए हैं। संस्थान का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन के क्षेत्र में ज्ञान और सूचना प्रलेखन और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता रहा है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र द्वारा वर्ष 2019–20 में की गई प्रमुख गतिविधियां निम्नलिखित हैं :

पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं

संस्थान का पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र संस्थान के संकाय और स्टाफ सदस्यों, देश–विदेश के शोधकर्ताओं, विश्वविद्यालय के एम.फिल. तथा पी.एच.डी. के विद्यार्थियों, नीपा द्वारा आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों और अतिथि संकाय सदस्यों तथा पाठकों की सूचना संबंधी जरुरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन एवं अधिगम केंद्र के रूप में कार्य करता रहा है। पुस्तकालय, संस्थान के अध्यापन, अधिगम और शोध में सहयोग के लिए आधुनिक अध्यापन– अधिगम सामग्री, कंप्यूटर तथा इलेक्ट्रानिक सुविधाएं जैसे– वाई–फाई से सुसज्जित है।

पिछले छह–सात वर्षों के अन्तर्गत पुस्तकालय ने अपनी संग्रह नीति में व्यापक परिवर्तन किया है। पुस्तकालय लगभग 80 प्रतिशत जर्नल मुद्रित और ऑनलाईन स्वरूप में मंगाता है। हालांकि, पुस्तकों को मुद्रित रूप में ही प्राथमिकता दी जाती है।

पाठकों की सुविधा के लिए पुस्तकों तथा अन्य सामग्री के संपूर्ण संग्रह को चार प्रमुख अनुभागों– सामान्य, संदर्भ, श्रृंखला, और क्षेत्र अध्ययन संग्रह में वर्गीकृत किया गया है। समीक्षित काल में पुस्तकालय में 205 नई पुस्तकों/दस्तावेजों का संग्रह किया गया। वर्तमान वर्ष में पुस्तकालय/प्रलेखन केंद्र के पास संयुक्त राष्ट्र, युनेस्को, ओ.ई.सी.डी, आई.एल.ओ., यूनिसेफ, विश्व बैक आदि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों और सम्मेलनों की रिपोर्टों इत्यादि के अलावा 62,890 पुस्तकों और दस्तावेजों का संग्रह है। समीक्षाधीन वर्ष 2019–20 में पुस्तकालय ने शैक्षिक योजना, प्रशासन, प्रबंधन तथा इससे संबंधित विषयों पर 216 राष्ट्रीय तथा अतंर्राष्ट्रीय जर्नल एवम् 16 पत्रिकाएं मंगाईं। इन पत्र–पत्रिकाओं से 2,792 प्रमुख आलेखों का सूचीकरण किया गया। नीपा ने चार आनलाईन जर्नल डाटाबेस एलसेवियर सेज, एमेराल्ड, डाटाबेस तथा जे.स्टोर खरीदे। इसके अतिरिक्त ई.पी.डब्ल्यू.आर.एफ. से एक सांख्यिकी आंकड़ा आधार ई.पी.डब्ल्यू.आर.एफ. भारत समय श्रृंखला खरीदी। पुस्तकालय के पास 523 सेज शिक्षा सामग्री ई–बुक का संग्रह है। नीपा पुस्तकालय में मल्टीमीडिया केंद्र है। वीडियो कैसेट, ऑडियो कैसेट, फिल्म, माइक्रोफिल्म, माइक्रोचिप्स और सी.डी. के रूप में गैर–मुद्रित सामग्री उपलब्ध है।

नीपा पुस्तकालय ने नई आनलाइन सूचना सेवाएँ जैसे कि– ''न्यूज फ्लैश'', 'नीपा इन द प्रेस', एस.डी.आई. (नीपा संकाय के अकादमिक कार्य का प्रसार) तथा 'न्यू अराईवल' प्रारम्भ किया है। पुस्तकालय ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम की ग्रन्थ सूची तैयार की है। उपभोक्ताओं को संदर्भ सामग्री, आलेखों, रिपोर्टों इत्यादि के लिये फोटोग्राफी सेवाएँ प्रदान की गई हैं।

नीपा पुस्तकालय में सभी गतिविधियाँ, जैसे सूची बनाना, प्राप्तियाँ, प्रसार तथा श्रेणी नियंत्रण पूर्णरूप से कम्प्यूटरीकृत है। इसके लिये लिबसिस 7 साफ्टवेयर पैकेज का नवीनतम वर्ज़न का प्रयोग किया जा रहा है। नीपा में लैन से इंटरनेट या फिर इंटरानेट के माध्यम से सीधे या यू.आर.एल. के माध्यम से नीपा की वेबसाईट पर वेब ओपेक का प्रयोग करके ओपेक का उपयोग किया जा सकता है। इसके माध्यम से नीपा पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, जर्नलों और लेखों का डाटाबेस देख सकते हैं।

राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संसाधनों की साझेदारी को बढ़ावा देने हेतु नीपा पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र डेलनेट का सदस्य हैं, इससे नीपा पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र में उपलब्ध शैक्षिक योजना और प्रशासन पर वृहद रूप से उपलब्ध अमूल्य अधिकारिक दस्तावेज़ों के पहचान की सुविधा उपलब्ध हुई है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुये सभी दस्तावेज़ों तथा रिकार्ड का डिजीटलीकरण हेतु परियोजना चलाई जा रही है। यह अपेक्षा की जा रही है कि इससे देश में शिक्षा पर वृहद ऑनलाईन अभिलेखीय सूचना उपलब्ध हो पायेगी।

नीपा प्रलेखन केंद्र

नीपा प्रलेखन केन्द्र में शैक्षिक योजना, प्रबंधन और प्रशासन पर 20,000 से अधिक का वृहद और समृद्ध संग्रह है। इसके संग्रह में केन्द्र –राज्य सरकारों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रकाशन जैसे राज्य तथा जिला गणना, राज्य तथा जिला गैजेटियर केन्द्र तथा राज्य विश्वविद्यालय के नियम और संविधि, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी. पी.ई.पी.) तथा सर्व शिक्षा अभियान, राज्यों की सांख्यिकी पुस्तकें, अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण, आर्थिक सर्वेक्षण आयोग तथा समिति की रिपोर्ट, राज्य आर्थिक सर्वेक्षण, राज्य शैक्षिक योजनाएं, राज्य मानव संसाधन विकास रिपोर्टें तथा पंचवर्षीय योजनाएं सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त संस्थान के विभिन्न प्रकाशनों जैसे अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, संस्थान की वार्षिक रिपोर्टें (1962–2019), प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्टें, विभिन्न मंत्रालयों की रिपोर्टें, अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना संस्थान (आईआईईपी), पेरिस के प्रकाशन की शामिल हैं। केन्द्र में नीपा एम.फिल. और पीएच.डी. कार्यक्रम और अन्य विश्वविद्यालय के थीसिस का एक वृहद संग्रह है तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन पर क्रमशः स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडेपा) और अन्तरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) पर शोध संग्रह उपलब्ध है। केन्द्र अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, (आई.आई.ई.पी.) पेरिस के प्रकाशनों का संग्रह–केन्द्र है। इसके पास गैर–पुस्तक पाठ्य सामग्री जैसे इंडैक्सिंग डाटाबेस, भारत की जनगणना, राज्य मानव संसाधन विकास रिपोर्ट तथा शिक्षा और इससे संबंधित क्षेत्रों पर अन्य प्रकाशनों पर संग्रह है।

गतिविधियाँ एवं प्रमुख क्षेत्र

प्रलेखन केंद्र प्रो. आईसीटी के सहयोग से प्रतिवर्ष सभी विषयों के संकाय के लिए अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर एक संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित करता है। 2019–20 के दौरान, इसने 25 नवंबर से 30 नवंबर 2019 तक शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 6 दिनों की संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित की। प्रलेखन केन्द्र ने अपने सभी कार्यकलापों का कंप्यूटरीकरण कर लिबसेस 7.0 (रिलीज 1.0) सॉफ्टवेयर के प्रयोग द्वारा कर दिया है। इसके अतिरिक्त उपयोगकर्त्ता को डेस्कटॉप पर ऑनलाईन पब्लिक एक्सेस कैटालॉग (ओपेक) तथा सूचना संसाधन तथा सेवाओं की विस्तृत जानकारी के साथ इलैक्ट्रानिक डाटाबेस की पहुंच, प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, इसके समृद्ध संग्रह, विस्तृत सरणी और विविध सेवाएं तथा सुविधाएं भारत तथा विदेशों से उपयोगकर्ताओं को इसकी सूचना संसाधन और सेवाओं का प्रयोग करने के लिये आकर्षित करती है। उपयोगकर्त्ताओं को पठन हेतु प्रलेखन केन्द्र में सुविधाजनक शान्तिपूर्ण और अनुकूल परिवेश उपलब्ध है तथा उपयोगकर्त्ताओं के लिए वातानुकूलन, पर्याप्त रोशनी और जनरेटर बैक–अप की सुविधा उपलब्ध है। प्रलेखन केन्द्र की पठन सुविधाओं का लाभ संकाय, संस्थान के अनुसंधानविद् परियोजना स्टाफ, भारत तथा विदेश के अनुसंधानविद्, पीजीडेपा एवं आईडेपा के भागीदार तथा आगन्तुक संकाय द्वारा उठाया जाता है। डेलनेट (विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क) के सदस्य के रूप में, केंद्र ने अंतःपुस्तकालय संसाधनों को साझा करने की गतिविधियाँ सुदृढ़ की है। प्रलेखन केन्द्र पूरे वर्ष सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः नौ बजे से सायं 5.30 बजे तक खुला रहता है।

डिज़ीटल संसाधनों और सेवाओं तक पहुंच

इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय संकाय तथा अनुसंधानविद्ों के बीच विभिन्न प्रकार की सूचना की साझेदारी, संपर्कता, सहभाजन के लिए इंटरनेट गतिविधियों को सुदृढ़ तथा विकसित किया गया है। यह सूचना तथा ज्ञान का संग्रह, सृजन, हस्तांतरण तथा एकीकरण करता है। इसके डिज़ीटल संसाधन जैसे पुस्तकें, आलेख, अनुसंधान अध्ययन, समसामयिक आलेख श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट, सम्मेलन संगोष्ठी के कार्यकलाप, विख्यात शिक्षाविद् व्याख्यान श्रृंखला, दृश्य–श्रव्य व्याख्यान, समिति तथा समिति रिपोर्टें, इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। डिजीटल अभिलेखागार शिक्षा तथा इससे संबंधित क्षेत्रों के 11,500 नीतिगत दस्तावेज़ों के डिजीटल अभिलेख उपलब्ध कराता है। यह दस्तावेज़ इंटरनेट या इंटरानेट के माध्यम से [http://www.niepa.ac.in/darch.aspx or http://14.139.60.153/]. पर देखा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त नई प्राप्तियों की सूची, नए जर्नलों की सूची, पाक्षिकों के वर्तमान घटक; जे.स्टोर तथा ऑनलाईन जर्नल डाटाबेस का सम्पूर्ण टेक्स्ट एक्सेस; संदर्भ ग्रंथ सूची – मांग पर साहित्य की खोज तथा इलैक्ट्रानिक दस्तावेज़ वितरण प्रणाली (ई.डी.डी.एस.) के लिये इंटरनेट के माध्यम से चौबीस घंटे ऑनलाईन सूचना संसाधन तथा प्रलेखन सेवाएं पाठकों को प्रदान की गई है। यह 300 मुद्रित जर्नलों (राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय) और ऑनलाईन डाटा बेस जैसे सेज ज्ञान, सेज शिक्षा संग्रह ऑनलाईन, एलसेवियर तथा जे. स्टोर की पहुंच प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त पाठकों को भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (56,053,815 संसाधन), मुक्त शैक्षिक संसाधन हेतु पहुंच (डीओएजे) जैसे 15,633 पूर्ण लिखित जर्नल के संदर्भ में मुक्त पहुंच जर्नल डायरेक्टरी, 123 देशों से 54,72,114 आलेख, 408 प्रकाशकों से 33843 अकादमिक सहकर्मी समीक्षा पुस्तकों की डायरेक्टरी, 16 दिसंबर, 2020 तक इलैक्ट्रानिक शोध और अनुसंधान हेतु 5 मिलियन ई.टी.डी. (59,78,731 ई.टी.डी.) तथा शोधगंगा (2,80,000 ई.टी.डी.) एवं अन्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पूर्ण–पठन डाटाबेस, इंडेक्सिंग डाटाबेस, पाक्षिकों की वर्तमान सामग्री और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पूर्ण पठन–सामग्री उपलब्ध कराया है। इससे अंतः पुस्तकालय ऋण तथा डेलनेट के माध्यम से पुस्तकों, दस्तावेजों, आलेखों इत्यादि के लिए प्रयोगकर्त्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ण करने में सुदृढ़ीकरण हुआ है। प्रलेखन केन्द्र की सेवाओं का लाभ संकाय, नीपा के अनुसंधानकर्त्ताओं, परियोजना स्टाफ, पीजीडेपा तथा आईडेपा, आई.पी.ई.ए., प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा भारत और अन्य देशों के विश्वविद्यालयों अनुसंधानकर्त्ताओं द्वारा उठाया जाता है।

व्यक्तिगत योगदान (डा. डी.एस. ठाकुर का अकादमिक योगदान – 2019–20)

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत शोध पत्र/आलेख

i). ठाकुर, डी.एस. (2019). इंटेग्रेटिंग मूक्स इन ब्लैंडेड लर्निंग फॉर न्यू जनरेशन ऑफ लर्नर्स, पी. के. भटनागर (संपा.) डिजिटल लैंडस्केप 2019 (आईसीडीएल 2019): डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन फॉर एन एजायल एनवायरमेंट पर 6–8 नवंबर, 2019 के दौरान द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टीईआरआई), नई दिल्ली में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन। टेरी, पीपी. 759–767. आईएसबीएनः 978–81–7993–698–6,

https://www-teriin-org/events/icdl/pdf/ICDL_Confrence_Paper_Full-pdf पर उपलब्ध है

ii). ठाकुर, डी.एस. (2019), 'वर्चुअल लर्निंग एनवायरनमेंट इन एकेडमिक एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशंस' दिसंबर 9–11, 2019 के दौरान जाकिर हुसैन सेंटर फॉर एजुकेशनल स्टडीज, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा

आयोजित शिक्षा में बहिष्करण, समावेश और समानता पर तुलनात्मक शिक्षा सोसायटी ऑफ इंडिया (सीईएसआई) का 10वां वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली। पीपी. 277–279।

iii). श्रीनिवास, के. और ठाकुर, डी.एस. (2020)। अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर संकाय विकास कार्यक्रमः एक रिपोर्ट (25 नवंबर – 30 नवंबर 2019), राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली, 47पी. (अप्रकाशित)

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों / सम्मेलनों / कार्यशालाओं / प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी

i). दिसंबर 9–11, 2019 के दौरान जाकिर हुसैन सेंटर फॉर एजुकेशनल स्टडीज, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज द्वारा आयोजित शिक्षा में बहिष्करण, समावेश और समानता पर कम्परेटिव एजुकेशन सोसायटी ऑफ इंडिया (सेसी) के 10वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''वर्चुअल लर्निंग एनवायरनमेंट इन एकेडमिक एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशंस'' पर एक आलेख प्रस्तुत किया। सामाजिक विज्ञान स्कूल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, पीपी. 277–279।

कार्यशालाओं / सम्मेलनों / संकाय विकास कार्यक्रम / प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

i). 19–21 अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए स्कूल पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर मिश्रित मोड में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के दिल्ली पब्लिक स्कूलों के छत्तीस (36) पुस्तकालयाध्यक्षों ने भाग लिया। इस आईसीटी आधारित कार्यक्रम में मूडल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम डा. डी.एस. ठाकुर लर्निंग पोर्टल के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा लेख, वीडियो, चर्चा मंच, कार्य योजना सहित सीखने के संसाधन एक्सेस किए गए।

ii). 25–30 नवम्बर, 2019 के दौरान प्रो. आईसीटी के सहयोग से प्रलेखन केंद्र ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए नीपा, नई दिल्ली में मिश्रित मोड में अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 6 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय संस्थानों और अन्य शोध संगठनों के सभी विषयों के चौंतीस (34) संकाय सदस्यों ने भाग लिया। यह एक आईसीटी आधारित कार्यक्रम था इस आईसीटी आधारित कार्यक्रम में मूडल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम डा. डी.एस. ठाकुर लर्निंग पोर्टल के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा लेख, वीडियो, चर्चा मंच, कार्य योजना सहित सीखने के संसाधन एक्सेस किए गए।

प्रशिक्षण सामग्री और पाठ्यक्रम विकसित / संचालित

i). 25–30 नवंबर 2019 के दौरान नीपा नई दिल्ली में अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर संकाय विकास कार्यक्रम की एक सूचना गाइड तैयार की। 34पी.।

i1). 25–30 नवंबर, 2019 तक अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 6 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, विकसित, वितरण और संपादन किया गया – मूडल अधिगम प्रबंधन व्यवस्था पर आधारित और प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान और बाद में विभिन्न प्रश्नों और मुद्दों को हल करने के लिए चर्चा मंच का उपयोग किया गया।

iii). प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों के व्हाट्सएप ग्रुप (नीपा एआरएल वर्कशॉप) का गठन किया गया और दो, तीन और चौथे सप्ताह के ऑनलाइन कार्यक्रम को डिजाइन और विकसित करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप (नीपा एआरएल वर्कशॉप), के माध्यम से प्रतिभागियों को 90 दिनों (3 महीने) की तकनीकी सहायता और सूचना एवं ऑनलाइन संसाधनों की जानकारी और लिंक प्रदान की गई थी। सभी संसाधन (पूर्ण–पाठ लेख, पीपीटी, वीडियो और अन्य ओईआर) डा. डी.एस. ठाकुर लर्निंग पोर्टल [https://dsthakur-

moodlecloud-com/] के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा एक्सेस किए गए।

iv). 19–21 अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए 19 अगस्त, 2019 को स्कूल पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 'डिजिटल युग में स्कूल लाइब्रेरियन की भूमिका' पर व्याख्यान दिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली।

v). 19–21 अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में दिल्ली पब्लिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए 19 अगस्त, 2019 को स्कूल पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

vi). 19–21 अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में आयोजित दिल्ली पब्लिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए 19 अगस्त, 2019 को स्कूल पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 'संसाधनों के प्रबंधन में इंट्रानेट की भूमिका' पर व्याख्यान दिया।

vii). 19–21 अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में आयोजित दिल्ली पब्लिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए 19 अगस्त, 2019 को स्कूल पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ''शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थानों के लिए आभासी अधिगम के माहौल'' पर व्याख्यान दिया।

viii). 19–21 अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में आयोजित दिल्ली पब्लिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए 21 अगस्त, 2019 को स्कूल पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ''सूचना साक्षरता और मुक्त शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच'' पर व्याख्यान दिया।

ix). 19–21 अगस्त, 2019 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में आयोजित दिल्ली पब्लिक स्कूलों के पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए 21 अगस्त, 2019 को स्कूल पुस्तकालयों में आईसीटी के अनुप्रयोगों पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर भाषण दिया।

x). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली में आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 25 नवंबर, 2019 को ''वर्चुअल लर्निंग एनवायरनमेंट फॉर टीचिंग, ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशन इन इंडियाः फोकस ऑन स्वयम क्वाड्रन्ट–1' पर व्याख्यान दिया।

xi). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली में आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 25 नवंबर, 2019 को ''शिक्षार्थियों की नई पीढ़ी के लिए शिक्षा और अनुसंधान में मूक्स, स्वयम एक अभिनव शिक्षण अधिगम उपकरण'' पर एक व्याख्यान दिया।

xii). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में एमओओसी और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 25 नवंबर, 2019 को ''सूचना साक्षरताः सतत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनिवार्य उपकरण'' विषय पर व्याख्यान दिया।

xiii). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 26 नवंबर, 2019 को ''डिजिटल युग में अकादमिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों की

भूमिकाः स्वयम चतुर्थांश–2 पर ध्यान केन्द्रित'' पर व्याख्यान दिया।

xiv). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 27 नवंबर, 2019 को ''संसाधनों के प्रबंधन के लिए इंट्रानेट की भूमिका'' पर व्याख्यान दिया।

xv). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 27 नवंबर, 2019 को ''संसाधनों के प्रबंधन के लिए इंट्रानेट की भूमिकाः एचटीएमएल 5 (अभ्यास पर)'' पर व्याख्यान दिया।

xvi). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 28 नवंबर, 2019 को ''साहित्यिक चोरीः गुणवत्तापूर्ण मूक्स सामग्री विकसित करने के लिए वास्तविक अधिगम में बाधा'' पर एक व्याख्यान दिया।

xvii). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 29 नवंबर, 2019 को ''मूक्स के डिजाइन, विकास, वितरण, निष्पादन, प्रेरणा और जुड़ाव'' पर व्यावहारिक अभ्यास।

xviii). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 30 नवंबर, 2019 को ''वीडियो सामग्री विकास और यूट्यूब पर रचनात्मक सामान्य वीडियो और गूगल पर मुक्त शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच'' पर समूह कार्य/अभ्यास

xix). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 30 नवंबर, 2019 को ''समूह कार्य प्रस्तुति और व्यक्तिगत प्रस्तुति''।

xx). 25–30 नवंबर, 2019 के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा), नई दिल्ली द्वारा आयोजित शैक्षणिक और अनुसंधान पुस्तकालयों में मूक्स और आईसीटी के अनुप्रयोगों पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में 30 नवंबर, 2019 को ''समूह कार्य प्रस्तुति और अवलोकन और प्रतिक्रिया''।

सार्वजनिक निकायों को परामर्श और अकादमिक सहायता

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी के लिए सूचना एकत्र की।

i). नीपा की गतिविधियों के बारे में सभी विभागाध्यक्षों और प्रशासन के प्रमुखों, छात्र एकक, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, परियोजना प्रबंधन एकक से एकत्रित जानकारी जैसे– पूर्ण/जारी अनुसंधान अध्ययन, एम.फिल. और पीएच.डी. कार्यक्रमों में नामांकन, सम्मानित की गई पीएच.डी. डिग्री और प्रशिक्षण कार्यक्रम और सम्मेलन/सेमिनार/कार्यशालाएँ, वर्ष 2019–20 के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट हेतु सूचना एकत्र की।

अन्य अकादमिक और व्यावसायिक योगदान

विभिन्न प्रशासनिक और अकादमिक समितियों में सदस्य

i). नीपा में डिजिटल पहल के कार्यान्वयन के लिए नीपा डिजिटल अधिगम अनुश्रवण कक्ष के सदस्य।

ii). संस्थान/विश्वविद्यालय में सभी शैक्षणिक पुरस्कारों के लिए सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक भण्डार गृह बनाने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यूजीसी द्वारा अनिवार्य राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के कार्यान्वयन के लिए मैसर्स सीडीएसएल वेंचर्स लिमिटेड (सीवीएल) के साथ समन्वय करने के लिए अधिकृत शैक्षणिक संस्थान अधिकारी।

iii). विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क के इनफ्लिबनेट (सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क) के साथ शोधगंगा से संबंधित गतिविधियों के लिए संस्थान समन्वयक।

iv). नीपा की शासन प्रक्रिया को मजबूत करने और नॉक मूल्यांकन को औपचारिक बनाने के लिए साहित्यिक चोरी और दुर्व्यवहार की जांच करने के लिए आचार संहिता विकास समिति के सदस्य

v). नीपा की शासन प्रक्रिया को मजबूत करने और नॉक मूल्यांकन को औपचारिक बनाने के लिए कर्मचारियों के लिए आईसीटी, ई–गवर्नेंस, वित्त प्रबंध आदि के क्षेत्रों में व्यावसायिक विकास कार्यक्रम समिति के सदस्य

vi). नीपा की शासन प्रक्रिया को मजबूत करने और नॉक मूल्यांकन को औपचारिक के लिए ई–गवनेंस और विभिन्न गतिविधियों में आईसीटी उपयोग हेतु समिति के सदस्य।

vii). सदस्य सचिव, नीपा एम.फिल. और पीएच.डी डिग्री के प्रारूप को अंतिम रूप देने और राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (एनएडी) पर अपलोड के लिए समिति।

आईसीटी और अधिगम प्रबंधन व्यवस्था (एलएमएस) कौशलः

अधिगम प्रबंधन : मूडल (मॉड्यूलर ऑब्जेक्ट–ओरिएंटेड डायनामिक लर्निंग सिस्टम एनवायरनमेंट) (एलएमएस) लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम

साहित्यिक चोरी का पता लगाने : यूआरकेयूएनडी पीडीएस

वाला सॉफ्टवेयर (पीडीएस)

वीडियो निर्माण एवं संपादन : स्क्रीनकॉस्टिफाइ, ओबीएस स्टूडिओ, शाटकट एडिटिंग, यूट्यूब सॉफ्टवेयर प्रजेंटेशन स्क्रीन–कॉस्ट–ओ–मेटिक साफ्टवेयर इत्यादि

कम्प्यूटर प्रवीणता : विंडोज 2000, हाइपरटैक्स्ट मार्कअप लैग्वेज़ (एचटीएमएल), फ्रंटपेज 2002

काम का ज्ञान : लिबसिस–4, टैक्लीबप्लस, ज्ञानोदया, विद्या

लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर/पैकेज सीडीएस/आईएसआईएस 3.0

विकसित और अद्यतन इंट्रानेट

नीपा के पुस्तकालय और दस्तावेजीकरण केंद्र की वेबसाइट बनाई और अद्यतन किया गया और पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के डिजीटल और ऑनलाइन संसाधनों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए नीपा में एक इंट्रानेट विकसित किया, जैसे कि भारतीय और विदेशी पत्रिकाओं की सदस्यता, गैर–पुस्तक सामग्री मद, समय–समय पर विविध सामग्री, डिजिटल संसाधनों, मुक्त शैक्षिक संसाधन, इलैक्ट्रोनिक थीसिस और शोध प्रबंध (ईटीडी) ऑनलाइन डेटाबेस की सूचना, बड़े पैमोन पर मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (मूक्स)। इसके अलावा, प्रलेखन केंद्र द्वारा दी जाने वाली प्रलेखन सेवाएं जैसे अनुसंधान अध्ययन की सूची, सामयिक पेपर श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट, पीजीडेपा और आईडेपा के शोध प्रबंध, ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (ओपीएसी) और शोध अध्ययन के अन्य पूर्ण पाठ दस्तावेज, सामयिक पेपर श्रृंखला, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट और नीपा वृत्तचित्र, प्रख्यात विद्वान व्याख्यान श्रृंखला इंट्रानेट पर भी उपलब्ध हैं।

नीपा के बाहर प्रख्यात निकायों की सदस्यता

1. भारतीय पुस्तकालय संघ, दिल्ली (आईएलए),। (आजीवन सदस्य)
2. भारत सरकार पुस्तकाध्यक्ष संघ (जी.आई.एल.ए.), नई दिल्ली। (आजीवन सदस्य)

3. भारत तुलनात्मक शिक्षा समिति (सीईएसआई), नई दिल्ली (आजीवन सदस्य)

वर्ष 2019–20 के दौरान विभाग की गतिविधियों से संबंधित कोई अन्य जानकारी जो विभागाध्यक्ष जोड़ना चाहते हैं

i). संस्थान समन्वयक, उरकुंड साहित्यिक चोरी डिटेक्शन सॉफ्टवेयर पर शोधार्थियों, संकायों और कर्मचारियों द्वारा तैयार किए गए शोध–प्रबंधों, और अन्य अकादमिक और शोध प्रकाशनों की समानता की जांच करने और थीसिस को शोधगंगा पर अपलोड करने के लिए भेजा।

ii). मा.सं.वि. मंत्रालय और यूजीसी द्वारा अनिवार्य राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के कार्यान्वयन के लिए मैसर्स सीडीएसएल वेंचर्स लिमिटेड (सीवीएल) के साथ समन्वय करने के लिए अधिकृत शैक्षणिक संस्थान अधिकारी, संस्थान/विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक पुरस्कारों को एनएडी को अपलोड करना।

iii). नीपा द्वारा प्रदान की जाने वाली एम.फिल. और पीएच.डी. डिग्री का प्रारूप तैयार करने हेतु सदस्य सचिव। कार्य को पूरा करने के लिए, विभिन्न बैठकों का आयोजन/व्यवस्थता, समितियों का गठन, 3 केंद्रीय विश्वविद्यालयों का दौरा, पेपर के चयन के लिए 2 फर्मों का दौरा किया, सुरक्षा सुविधाओं की जांच की और कोटेशन प्राप्त किए और अंतिम कार्यवृत्त/रिपोर्ट प्रस्तुत की।

5

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं

कंप्यूटर केंद्र संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। नेटवर्क संस्थान की रीढ की हड्डी है तथा इसके सक्रिय संघटकों को कंप्यूटर केंद्र द्वारा संचालित, अनुरक्षित तथा नियंत्रित किया जाता है। कंप्यूटर केंद्र एन.एम. ई.आई.सी.टी परियोजना के अंतर्गत एन.के.एन. /एम.टी.एन.एल. द्वारा प्रदान की गई 1 जी.बी.पी.एस ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट संपर्कता से सुसज्जित है। संस्थान में सतत रूप से हर समय इंटरनेट की संपर्कता 24X7X365 सुनिश्चित करने के लिए कंप्यूटर केंद्र सभी स्टाफ सदस्यों, प्रशिक्षुओं, परियोजना स्टाफ, कार्यक्रम भागीदारों, अनुसंधानविदों को कंप्यूटर सुविधा तथा इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराता है।

नेटवर्क संसाधनों का प्रयोग करने हेतु सभी स्टाफ सदस्यों तथा संकाय सदस्यों को उच्च गति वाली इंटरनेट संपर्कता तथा नेटवर्क प्वाइंट प्रदान किये गये हैं। नीपा डोमेन पर सभी स्टाफ तथा संकाय सदस्यों को व्यक्तिगत ई–मेल खाता की सुविधा दी गई है। सभी संकाय सदस्यों को डैस्कटाप/लैपटाप कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं तथा सभी स्टाफ सदस्यों को उनके डेस्क पर डैस्कटाप कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया है। कंप्यूटर केंद्र की सुविधाएं बिना किसी व्यावधान के लगातार 12 घंटे उपलब्ध रहती हैं। कंप्यूटर केन्द्र पर तृतीय पक्ष कम्पनी के सहयोग से संस्थान के अपने कंप्यूटरों तथा संबंधित उपकरणों के रखरखाव की जिम्मेदारी है।

कंप्यूटर केन्द्र संस्थान की दैनिक अकादमिक तथा गैर अकादमिक गतिविधियों में सूचना प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने हेतु सुविधाएं प्रदान करता है। कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रकार के नवीनतम डेस्कटॉप कंप्यूटर और लैपटॉप तथा मल्टी–फंक्शन प्रिंटरों से सुसज्जित है।

नीपा भवन से नीपा हास्टल को उच्च गति इंटरनेट संपर्कता उपलब्ध कराई गई है। नीपा छात्रावास के सभी मंजिलों के सभी कमरों में अतिथियों के लिये प्रमाणित तथा सुरक्षित वाई–फाई संपर्कता उपलब्ध–कराई गई है। यह केंद्र अकादमिक विभागों को प्रशिक्षण, अनुसंधान, मात्रात्मक आंकड़ा विश्लेषण और प्रणाली स्तर के प्रबंधन

संबंधी मुद्दे तथा दूसरे कार्यकलापों में सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त गैर–अकादमिक एककों जैसे– पुस्तकालय, प्रशासन तथा वित्त विभागों को भी सहायता प्रदान की जाती है। संस्थान की डाटा प्रोसेसिंग तथा वर्ड प्रोसेसिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा कंप्यूटर केंद्र विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों/ कार्यक्रमों के लिए अन्य विशिष्ट कंप्यूटर आधारित सेवाएं प्रदान करता है।

लेखा अनुभाग को भी कंप्यूटर अनुप्रयोग के लिए समर्थन दिया जाता है। इसमें शामिल है, वेतन संगणना, आयकर गणना, पेंशन, भविष्य निधि गणना आदि। इसके लिए एस.पी.एस.एस. सांख्यिकी पैकेज (एसपीएसएस) नेटवर्क वर्जन सर्वर के साथ स्थापित किया गया है ताकि प्रयोगकर्त्ता नेटवर्क पर गणना कर सकें। कंप्यूटर केंद्र दैनिक गतिविधियों के लिये ओपन स्रोत साफ्टवेयरों को प्रोत्साहन देता है।

संस्थान की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आधुनिक डाटा केन्द्र स्थापित किया गया है। डाटा केन्द्र उच्च गुणवत्तायुक्त डाटा सर्वर तथा वेब सर्वर से जुड़ा है जोकि चौबीसों घंटे 24x7x365 उपभोक्ताओं के लिये ऑन–लाईन उपलब्ध है। डाटा सेंटर समर्पित समानांतर यू.पी.एस. सिस्टम से समर्थ है जो सर्वर को पावर बैक–अप प्रदान करता हैं।

कम्प्यूटर केंद्र भारत सरकार के मुख्य कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) के फ्लैगशिप कार्यक्रम के अन्तर्गत जाने–माने कार्यक्रम एकीकृत शैक्षिक जिला प्रणाली सूचना (यू–डाईस) के लिये सर्वर का रखरखाव संगणक केंद्र करता है। इसके अलावा संगणक केंद्र का डाटा केंद्र राष्ट्रीय विद्यालय मानक एवं मूल्यांकन – शाला सिद्धि के राष्ट्रीय कार्यक्रम के वेब पोर्टल का रखरखाव भी करता है।

नीपा आंकड़ा केन्द्र नेटवर्क संरचना



- डेटा सेंटर नेटवर्क आर्किटेक्चर में फायरवॉल, कोर स्विच वायरलेस, वाई–फाई कंट्रोलर और आईएसपी राउटर शामिल हैं।
- 8 आइबीएम सर्वर हैं जो यू–डाईस, शाला सिद्धि, ओरेकल सर्वर, एसडीएमआईएस, डेटा विजुअलाइज़ेशन, niepa.ac.in, छात्र प्रबंधन सूचना प्रणाली, स्कूल निर्देशिका प्रबंधन प्रणाली और स्कूल रिपोर्ट कार्ड जैसे कई वेब अनुप्रयोगों से जुड़े हैं
- दो डेल सर्वर हैं जो डिजिटल अभिलेखागार और डेटाबेस सर्वर से जुड़े हैं।
- एच.पी. सर्वर मूडल पोर्टल, एनसीएसएल पोर्टल, क्विक हील एंडपॉइंट सुरक्षा और प्रिंटिंग सर्वर से जुड़े हैं।
- लिबसिस के लिए आईबीएम टॉवर सर्वर (ओपेक)

नीपा डाटा सेंटर में चल रहे एप्लिकेशन – आंतरिक तकनीकी टीम द्वारा नियंत्रित और प्रबंधित किये जाते हैं।

1. www.niepa.ac.in
2. http://www.nrce.niepa.ac.in/
3. http://cprhe.niepa.ac.in/
4. http://niepa.ac.in/UIC/uic1.html
5. http://niepa.ac.in/darch.aspx
6. www.antriep.net,

एन्ट्रीप एशिया में राष्ट्रीय संस्थानों का एक नेटवर्क है, जो इस क्षेत्र में शैक्षिक योजना और प्रबंधन में कौशल विकास के लिए बढ़ती हुई विविध आवश्यकताओं का जवाब देने और अपनी क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए भागीदार संस्थानों के बीच तालमेल बनाने के लिए एक दृष्टिकोण है।

7. www.udise.in

इस वेबसाइट का उपयोग प्रकाशन के रूप में स्कूल के आंकड़ों को प्रसारित करने के लिए किया जाता है।

8. http://ncsl.niepa.ac.in/

नीपा में 2012 में स्थापित राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र (एनसीएसएल) देश में स्कूलों के परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य उद्देश्य के रूप में स्कूलों के रूपांतरण के साथ, एनसीएसएल–नीपा देश भर में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, 679 जिलों और 6500 ब्लॉकों में नेतृत्व की आवश्यकता और प्रासंगिक स्कूल के मुद्दों को

संबोधित करने की दिशा में काम कर रहा है। मुख्य रूप से केंद्र की सभी गतिविधियाँ प्रत्येक राज्य के प्रत्येक स्कूल के लिए एक परिवर्तनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। केंद्र विभेदक और व्यावहारिक नेतृत्व मॉडल विकसित करने की दिशा में भी कार्य कर रहा है।

9. **वेब अनुप्रयोग**

अ. www.school report card.in,

ब. Student.udise.in

स. Sdms.udise.in

द. http://udise.schooleduinfo.in/

य. www.semisonline.net (यू.डाईस के साथ विलय)

11. http://shaalasiddhi.niepa.ac.in/

10. **स्कूल मानक एवं मूल्यांकन पर राष्ट्रीय कार्यक्रम http://shaalasiddhi.niepa.ac.in/**

11. **moodle.niepa.ac.in – मुक्त स्त्रोत अधिगम प्रंधन प्रणाली : मूडल इस उप–डोमेन को विश्वविद्यालयों के स्वयं के डेटा केंद्र पर भी होस्ट किया जाता है।**

आईसीटी विभाग की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां

- डाटा सेंटर और सर्वर हार्डवेयर की नियमित रूप से निगरानी की जाती थी।
- नेटवर्क और वाई–फाई से संबंधित मुद्दों को नियमित रूप से प्रबंधित किया जाता है। नेटवर्क विलंबता का निरीक्षण करके संगठन के नेटवर्क प्रदर्शन को नियमित रूप से ट्यून किया गया था।
- संगठन के आंकड़ा केंद्र और नीपा छात्रावास में 24X7 नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना।
- संस्थान का सोशल मीडिया प्रबंधन (ट्विटर और फेसबुक)
- यूट्यूब और फेसबुक घटनाओं का सीधा प्रसारण
- उपलब्ध नीपा डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ लाइव वेबिनार का आयोजन
- बैठक और वेबिनार के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन
- साइबर खतरा अनुश्रवण नीपा आंकड़ा केन्द्र और डिजिटल बुनियादी ढांचे पर हमलों की निगरानी
- ऑपरेटिंग सिस्टम लाइसेंस प्रबंधन
- ई–निविदा के लिए ई–विजार्ड की सुविधा और क्रियान्वयन
- जीईएम में तकनीकी बोली का मूल्यांकन
- संगठन की वेबसाइटों की निगरानी और बार–बार अद्यतन करना।
- सर्वर एएमसी का प्रबंधन
- नियमित रूप से पूरे सर्वर के सुरक्षा पैच अपडेट किए जाते हैं।
- नीपा डेटा सेंटर का सर्वर बैकअप नियमित अंतराल पर किया जाता है।
- ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का बैकअप नियमित रूप से किया जाता है।
- ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का निर्माण और नीपा एलएमएस में उपयोगकर्ताओं का नामांकन
- एंटी–वायरस पैच को सर्वर से क्लाइंट्स तक पहुंचाना
- ऑनलाइन यूपीएस का रखरखाव और निगरानी बार–बार की जाती है।
- संस्थान की सीसीटीवी निगरानी।
- सभी डोमेन की निगरानी
- niepa.ac.in मेल डोमेन का प्रबंधन
- ऑनलाइन भर्ती की निगरानी और प्रबंधन (स्थायी और अस्थायी)

आईटी का उपयोग करने के लिए पिछले एक वर्ष में की गई नई पहल एक निवारक सतर्कता उपकरण है		
क्र. सं.	**लक्ष्य / उद्देश्य**	**उपलब्धियाँ**
1	हमने एंड पॉइंट सिक्योरिटी के लिए क्लाउड–आधारित एंटी–वायरस सॉल्यूशंस के तहत सभी सिस्टम्स को कवर करने की योजना बनाई है	हां, हमने क्लाउड–आधारित एंटी–वायरस समाधान के तहत सभी प्रणालियों को कवर किया है
2	हमने केंद्रीकृत ई–मार्क्स कार्ड के लिए राष्ट्रीय शैक्षणिक भंडार बनाने की योजना बनाई है	हमने संस्थान के लिए राष्ट्रीय शैक्षणिक भंडार को लागू करने की सुविधा प्रदान की है
3	हमने ई–विजार्ड पोर्टल को लागू करने की योजना बनाई है जो ई–निविदाओं की सुविधा प्रदान करता है	हमने संस्थान के लिए ई–विज़ार्ड पोर्टल को लागू करने की सुविधा प्रदान की
4	हमने ई–निविदाओं के लिए सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल को लागू करने की योजना बनाई है	हमने उच्च मूल्य की निविदाओं के लिए केंद्रीय खरीद पोर्टल को लागू करने की सुविधा प्रदान की
5	हमने पीओई सिस्को स्विच के साथ हॉस्टल में मौजूदा कैट 5 टू कैट 6 केबलिंग को बदलने की योजना बनाई है	हमने पीओई स्विच के साथ हॉस्टल में कैट 5 से कैट 6 केबलिंग को बदल दिया
6	हम पुराने एचपी डीएल 380 सर्वर का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं, ओईएम की मरम्मत के बाद	हमने पुराने सर्वर का उपयोग किया है जिसमें वास्तविक विंडोज 2012 मानक ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ एंटी–वायरस सर्वर है
7	हमने एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली की खरीद की योजना बनाई है	हां, यह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए खरीदा और इस्तेमाल किया गया है
8	हमने उपयोगकर्ताओं को गुगल ड्राइव हेतु सिस्टम डेटा को सिंक करने के लिए उपयोग करने की सुविधा देने की योजना बनाई है	हमने गुगल ड्राइव के उपयोग के बारे में शिक्षित किया
9	हमने वित्त अनुभाग के लिए पीएफएमएस को लागू करने की सुविधा देने की योजना बनाई है	हां, हमने वित्त अनुभाग के लिए पीएफएमएस को लागू करने की सुविधा दी है
10	हमने बैठक की सुविधा को ऑनलाइन करने की योजना बनाई है	हां, हमने ऑनलाइन मीटिंग के लिए गुगल बैठक का उपयोग करने की सुविधा प्रदान की है
11	हमने एसपीएसएस सॉफ्टवेयर की खरीद की योजना बनाई है	हां, हमने नेटवर्क मोड में खरीद और इंस्टॉल किया

क्र. सं.	लक्ष्य / उद्देश्य	उपलबिध्याँ
12	42 नए डेस्कटॉप खरीदे गए	सभी डेस्कटॉप में पुराने सिस्टम को परिवर्तित किया और ऑल–इन–वन डेस्कटाप प्रतिस्थापित किया गया
13	4 हैवी ड्यूटी प्रिंटर्स की खरीद की	स्थापित हैवी ड्यूटी प्रिंटर्स फ्लोर वाइज
14	एक सर्वर पर पेरोल एप्लीकेशन परिनियोजन	सर्वर में पेरोल सॉफ्टवेयर स्थापित किया
15	एम.फिल. / पीएच.डी. 2020 परीक्षा ऑनलाइन आयोजित करने की योजना बनाई	हां, हमने ऑनलाइन परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की है
16	लैपटॉप की खरीद	महामारी के दौरान घर से काम करने के लिए 12 लैपटॉप स्थापित और प्रसदन किए गए
17	महामारी के दौरान बैठकों और वेबिनार को ऑनलाइन आयोजित करने की योजना बनाई	ऑनलाइन मीटिंग और वेबिनार का संचालन किया
18	वेबिनार को सीधा प्रसारण करने की योजना बनाई है	हां हमने इवेंट्स का लाईव स्ट्रीम किया है


EDUCATION FOR ALL
Globalisation and Challenges for Education
LITERACY AND ADULT EDUCATION
Select Readings
Financing Education in India
Jandhyala BG Tilak
Scheduled Castes and Scheduled Tribes
Governance and Management of
Education and Empowerment in India
POLICIES AND PRACTICES
EDITED BY
Avinash Kumar Singh
Education, Democracy and Development
GOVERNMENT SUPPORT FOR HIGHER EDUCATION
MODEL EDUCATION CODE
INDIA HIGHER EDUCATION REPORT 2018
Financing of Higher Education
GENDER IN CONTEMPORARY EDUCATION RESEARCH
Ratna M. Sudarshan
Jandhyala B.G. Tilak

Schedule for
M. Phil.-Ph. D. Programme
2019-2020
M. PHIL AND PH. D. PROGRAMMES
ANNUAL REPORT
2014-15

6

प्रकाशन

NIEPA Publications
Journal of Educational
Planning and Administration

प्रकाशन

संस्थान का प्रकाशन एकक संस्थान द्वारा की गई शोध और विकास गतिविधियों के निष्कर्षों के प्रकाशन और प्रसारण द्वारा ज्ञान की साझेदारी संबंधी कार्यकलापों का अनुसमर्थन व्यापक स्तर के लिए करता रहा है। संस्थान के उद्देश्यों को पूरा करने के अनुक्रम में प्रकाशन एकक समसामयिक आलेख/जर्नल/पाक्षिक न्यूजलेटर, पुस्तकें, एम.फिल. और पी–एच.डी. की विवरणिका और प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेण्डर प्रकाशित करता है। यह विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षणों की रिपोर्टों की श्रृंखला भी प्रकाशित करता है। प्रकाशन एकक कंप्यूटरों तथा प्रिंटरों से सुसज्जित है और संस्थान के डीटीपी कार्य भी करता है।

वर्ष 2019–20 के अंतर्गत संस्थान द्वारा कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन निकाले गए – जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (अंग्रेजी), परिप्रेक्ष्य (हिंदी) जर्नल और सी.पी.आर.एच.ई. अनुसंधान आलेख, एम.फिल तथा पी–एच.डी. कार्यक्रमों की विवरणिका तथा पाठ्यचर्या गाईड। संस्थान ने अनेक शोध और संगोष्ठियों/सम्मेलनों की रिपोर्टें पुस्तक और मोनोग्राफ के रूप में प्रकाशित की। समीक्षाधीन वर्ष 2019–20 के दौरान संस्थान ने निम्नांकित प्रमुख प्रकाशन निकाले :

पत्रिकाएं

- **जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन,** जिल्द XXXII, अंक 2, 2018; जिल्द XXXII, अंक 3, 2018; जिल्द XXXII, अंक 4, 2018; जिल्द XXXIII, अंक 1, 2019 और जिल्द XXXIII, अंक 2, 2019
- **परिप्रेक्ष्य** (शैक्षिक योजना और प्रशासन में सामाजिक–आर्थिक संदर्भ हिन्दी जर्नल) जिल्द XXIV, अंक 3, 2017; जिल्द XXV, अंक 1, 2018; और जिल्द XXV, अंक 2, 2018।

एंट्रीप न्यूज़लेटर

- **एंट्रीप न्यूज़लेटर** (जुलाई–दिसंबर 2018)

सी.पी.आर.एच.ई. शोध आलेखः

- सीपीआरएचई अनुसंधान आलेख 12 : ''**भारत में उच्च शिक्षा में समानता और समावेश''**, **एन.वी. वर्गीज, निधि एस.सभरवाल** और **सी.एम. मलिश,** नई दिल्लीः नीपा 44 पृष्ठ

सःशुल्क प्रकाशन

1. **इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट 2018ः एन.वी. वर्गीज, जिणुशा पाणिग्रही** द्वारा संपादित, **उच्च शिक्षा का वित्त पोषण,** सेज प्रकाशन, ₹ 1595.00 (एच.बी.)
2. **के. सुजाता और आर.एस. त्यागी** द्वारा, **भारत में शिक्षा का प्रशासन और प्रबंधन,** शिप्रा पब्लिकेशन ₹ 800.00 (एच.बी.)
3. **एन.वी. वर्गीज,** और **मधुमिता बंद्योपाध्याय** द्वारा संपादित, **शिक्षा लोकतंत्र और विकास,** शिप्रा पब्लिकेशन, ₹ 1600.00 (एच.बी.)

निःशुल्क प्रकाशन :

1. सीपीआरएचई रिपोर्ट 2018–19
2. एम.फिल. और पी.एच.डी. पाठ्यचर्या गाईड 2019
3. एम.फिल. और पी.एच.डी. कार्यक्रम सारणी 2019–20
4. मा.सं.वि. मंत्रालय/स्कूल मानक और मूल्यांकन एकक, नीपा के प्रकाशन–
   अ) शाला सिद्धिः साक्ष्य आधारित स्कूल सुधार के लिए दिशानिर्देश (अंग्रेजी संस्करण)
   ब) शाला सिद्धिः साक्ष्य आधारित स्कूल सुधार के लिए दिशानिर्देश (हिंदी संस्करण)
5. शासी अकादमिकः प्रो पंकज चंद्रा द्वारा ''विदइन एंड विदआउट'' (नीपा 13वां स्थापना दिवस व्याख्यान)
6. ''गांधीवादी शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकताः नीतियों और व्यवहारों के लिए निहितार्थ'' सूचना विवरणिका (4–5 अक्टूबर, 2019)
7. नीपा वार्षिक रिपोर्ट 2015–16 (अंग्रेजी संस्करण)
8. नीपा वार्षिक रिपोर्ट 2015–16 (हिंदी संस्करण)
9. उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी पर रिपोर्ट (22–23 फरवरी, 2018)
10. उच्च शिक्षा स्नातकों में रोजगार और रोजगारपरकता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट (19–20 फरवरी, 2019)
11. नीरा चंदोक द्वारा शिक्षा और संस्कृति की जटिल दुनिया (नीपा 10वां मौलाना आजाद स्मृति व्याख्यान)
12. उच्च शिक्षा में नेतृत्व विकास–कुलपतियों के लिए कार्यशाला की रिपोर्ट (24–25 जनवरी, 2019)
13. लीप कार्यक्रम के लिए सूचना विवरणिका – अकादमिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम (13–29 फरवरी, 2020)
14. उच्च शिक्षा में अभिशासन और स्वायत्तता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए सूचना विवरणिका (20–21 फरवरी, 2020)

अन्य

इन प्रकाशनों के अतिरिक्त, नीपा ने निम्नांकित प्रकाशन प्रकाशित किये : विवरणिका (एम.फिल. तथा पीएच.डी. कार्यक्रम) 2019–20; एम.फिल. तथा पीएच.डी. समय सारणी 2019–20; ईयर प्लानर 2020; शीट प्लानर 2020; डेस्क कैलेंडर 2020; ग्रीटिंग कार्ड; नवाचार अवार्ड प्रमाण–पत्र; लीप कार्यक्रम प्रमाण–पत्र; विद्यालय नेतृत्व विकासः पाठ्यचर्या की रूपरेखा (कन्नड़ – ई संस्करण); विद्यालय नेतृत्व विकासः हस्तपुस्तिका (कन्नड़ – ई संस्करण); आईडेपा और पीजीडेपा तथा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए घोषणा पत्र; राईटिंग पैड; डॉकेट फोल्डर; और स्थापना दिवस तथा अन्य दूसरे कार्यक्रमों के लिए पोस्टर आदि।

मिमियोग्राफ प्रकाशनः इसके अलावा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने विभिन्न अनुसंधान अध्ययनों के मिमियोग्राफ, प्रतिलिपि प्रकाशन, संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों/संगोष्ठियों की पठन सामग्री, रिपोर्टें प्रकाशित किए।

नीपा वेबसाइट के लिए सामग्री : प्रकाशन विभाग ने अपने प्रकाशनों से संबंधित नीपा वेबसाइट को नियमित अद्यतन प्रदान किया। अद्यतनों में निजी प्रकाशकों के समूल्य तथा निःशुल्क प्रकाशनों की वृहद सूची; जेपा के वर्तमान तथा भविष्य के अंकों के बारे में सूचना; नीपा 2018–19 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कैलेंडर तथा नीपा–एट ए ग्लान्स; एम.फिल. और पी–एच.डी. विवरणिका; निगम ज्ञापन और नियम (नीपा); चतुर्मासी हिंदी जर्नल परिप्रेक्ष्य; नीपा समसामयिक तथा सी.पी.आर. एच.ई. आलेखों को अपलोड करना; नीपा वार्षिक रिपोर्ट (अंग्रेजी तथा हिंदी संस्करण) तथा डाईस प्रकाशनों के वेब वर्ज़न इत्यादि।

7

नीपा में सहायता अनुदान योजना

नीपा में सहायता अनुदान योजना

कार्य योजना के विस्तार के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कार्यवाही योजना में उनकी पुनः व्याख्या के विभिन्न मानकों का क्रियान्वयन हेतु उद्देश्यों का वृहद प्रचार आवश्यक है तथा शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक एजेंसियों तथा सामाजिक संगठनों के साथ निकटतम सहयोग आवश्यक है। नीति के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वयन हेतु, राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्तर पर समर्थन व्यवस्था समेत अंतःशास्त्रीय उपागम आवश्यक है।

इस संदर्भ में ये आवश्यक हैं: (अ) देश में शैक्षिक नीतियों तथा कार्यक्रमों के प्रति वृहद जागरूकता पैदा करना, (ब) नीति उन्मुख अध्ययनों तथा संगोष्ठियों को आरंभ करना ताकि मध्य–पाठ्यक्रम सुधार, संशोधन तथा नीति हस्तक्षेपों के साथ समायोजन किया जा सके (स) अध्यापकों, छात्रों, युवाओं तथा महिलाओं और संचार माध्यमों को प्रायोजित संगोष्ठी के आयोजन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके साझा मंच प्रदान करना। (द) शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी तथा अच्छे व्यवहार एवं सफल प्रयोग को बढ़ावा देना (य) राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्य योजना की समीक्षा को सुविधाजनक बनाना।

उपरोक्त प्रयोजन के लिये, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने सहायता अनुदान कार्यक्रम कार्यान्वित किया है जिसके अंतर्गत योग्य संस्थानों तथा संगठनों को वित्तीय सहायता शिक्षा नीति के प्रबंधन तथा क्रियान्वयन पक्ष पर सीधे प्रभाव डालने वाली गतिविधियों के आधार पर प्रदान की जायेगी। इसके अंतर्गत सम्मेलनों का आयोजन, प्रभावी तथा मूल्यांकन अध्ययन, सर्वोत्तम विकल्पों पर परामर्शकारी अध्ययन, भारत सरकार को सलाह देने हेतु तथा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु मॉडल, विडियो फिल्म इत्यादि का निर्माण सम्मिलित हैं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने इस विश्वविद्यालय के माध्यम से यह योजना संचालित की है जो सहायता अनुदान समिति के द्वारा इसे संचालित करता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की सहायता अनुदान योजना के तहत विभिन्न संस्थानों से प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन तथा अनुमोदन के लिए एक समिति का गठन किया गया है। 31 मार्च, 2020 के अनुसार इस समिति के निम्नांकित सदस्य हैं:

प्रोफेसर ए.के. सिंह	–	अध्यक्ष
प्रोफेसर ए.के. शर्मा	–	सदस्य
प्रोफेसर उमा मेदुरी	–	सदस्य
प्रोफेसर एन.आर. भानुमूर्ति	–	सदस्य
प्रोफेसर नीलम सूद	–	सदस्य
प्रोफेसर कुमार सुरेश	–	सदस्य
प्रोफेसर वीरा गुप्ता	–	सदस्य
प्रोफेसर प्रमिला मेनन	–	सदस्य
प्रोफेसर के. बिस्वाल	–	सदस्य
प्रोफेसर कुमार सुरेश	–	सदस्य सचिव

सहायता अनुदान समिति (जीआईएसी) ने इस योजना के अन्तर्गत अनुदान हेतु आवेदन के रिकार्ड और प्रस्तावों पर निगरानी हेतु डाटाबेस विकसित करने का निर्णय लिया। इसके अनुसार डाटाबेस तैयार किया गया और सहायता अनुदान समिति की बैठकों में प्रस्तुत किया गया।

01 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के दौरान आयोजित की गई बैठकें

क्र. सं.	संगठन का नाम	सेमिनार/सम्मेलन/अनुसंधान अध्ययन का विषय	बैठक की तिथि	स्वीकृत राशि रू. में
1.	भारतीय महिला एवं ग्रामीण विकास सोसायटी, कुरनूल, आन्ध्र प्रदेश	भारत में माध्यमिक शिक्षा का सार्वभौमीकरणः पहुंच और समानता की समस्याएं	जीआईएसी की 41वीं बैठक 01-07-2019	270000
2.	सामाजिक विकास परिषद, नई दिल्ली	उत्तर–पूर्वी भारत में सामाजिक क्षेत्र की विकास समस्याएं, मुद्दे और चुनौतियां		300000
3.	भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद, उ.प्र.	डिजिटल युग में मानव भविष्य		300000
वर्ष 2019–20 में कुल राशि स्वीकृत				**₹ 8,70,000/-**

8

प्रशासन और वित्त

प्रशासन और वित्त

प्रशासन

संस्थान के पास हाउसकीपींग तथा सुरक्षा सेवाओं के लिये बाह्य सेवा–स्रोतों के अतिरिक्त निम्नांकित स्वीकृत पद हैं।

प्रशासन तथा अकादमिक एंव तकनीकी समर्थन सेवाएं प्रशासन के कार्य के अनुसार स्थापित अनुभागों द्वारा नियंत्रित तथा समन्वित की जाती हैं।

इसके अनुभाग कार्यकलापों के अनुसार स्थापित किये गए हैं जिन्हें संगठनात्मक आरेख में प्रदर्शित किया गया है। संस्थान में स्वीकृत पदों के अलावा विभिन्न अकादमिक और अनुसचिवीय पदों पर 93 परियोजना कर्मचारी और अधिकारी कार्यरत हैं।

बाह्य संवर्ग पद	**संख्या**
कुलपति	01
कुलसचिव	01
संवर्ग पद	
संकाय (प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर)	42
अकादमिक समर्थन स्टाफ़	07
प्रशासन, वित्त, सचिवीय तथा अन्य तकनीकी स्टाफ	79
सहायक स्टाफ (एम.टी.एस.)	37
कुल	167

समीक्षाधीन वर्ष 2019–20 के दौरान, निम्नांकित सेवानिवृत्तियां की गईं।

सेवानिवृत्तियां

समूह 'ए'

क्र.सं.	नाम	पद	सेवानिवृत्ति की तिथि
1.	प्रो. ए.सी. मेहता	प्रोफेसर	31.08.2019
2.	डा. सुभाष सी. शर्मा	हिंदी सम्पादक	31.12.2019
3.	डा. मंजू नरूला	सहायक प्रोफेसर	31.01.2020

समूह 'बी'

क्र.सं.	नाम	पद	सेवानिवृत्ति की तिथि
1.	श्री राजेश	एलडीसी	30.04.2019
2.	श्री परशु राम रावत	पुस्तकालय परिचारक	29.02.2020
3.	श्री विजेन्द्र कुमार	एमटीएस	15.03.2020 (निधन) (31.12.2024 को सेवानिवृत्ति देय थी)

नई नियुक्ति

क्र.सं.	नाम	पद	नियुक्ति की तिथि
1.	श्री राजीव वर्मा	वित्त अधिकारी	24.10.2019

वित्त तथा लेखा विभाग

नीपा में वित्त तथा लेखा सेवाएं लेखा अनुभाग द्वारा संचालित की जाती हैं जिसका अध्यक्ष वित्त अधिकारी होता है जिसके अंतर्गत अनुभाग अधिकारी, लेखाकार और कार्यालय के आठ सदस्य तथा अनुसचीवीय स्टाफ होता है। यह अनुभाग बजट की तैयारी, मासिक वेतन तथा पेंशन बिल, अन्य व्यक्तिगत प्रतिपूर्ति जैसे चिकित्सा, एल.टी.सी. बिल, अग्रिम इत्यादि, वस्तुओं की खरीद के लिये बिल भुगतान प्रक्रिया, कार्य, संविदा इत्यादि, पूर्व लेखा परीक्षा, बाह्य परीक्षा के साथ समन्वयन तथा वित्त तथा लेखा से जुड़े अन्य मसलों के लिये उत्तरदायी होता है। यह सभी वित्तीय मसलों पर समयबद्ध परामर्श देता है तथा वित्तीय भागीदारी, लेखा बयान, उपयोगिता प्रमाण–पत्र इत्यादि हेतु सभी प्रस्तावों के परीक्षण हेतु प्रभावी सहायता प्रदान करता है। वित्त अधिकारी वित्त समिति का सदस्य सचिव होता है जो संस्थान के वित्त, निर्देशन तथा विभिन्न श्रेणियों के लिये व्यय की सीमा तय करता है। पिछले पांच वर्षों में मंत्रालय से प्राप्त अनुदान निम्नांकित है :

प्राप्त अनुदान का ब्यौरा (2015–2020) (रु. लाख में)

क्र. सं.	शीर्ष	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
1.	सहायता अनुदान (योजना)	1425.28	1010.87	26.12.95	3184.71	4559.46
	सहायता अनुदान (योजनेतर)	1769.80	1816.11			
	आंतरिक प्राप्तियां	131.70	74.47	59.32	34.69	39.15
	योग	**3326.78**	**2901.45**	**2672.27**	**3219.4**	**4598.61**
2.	व्यय (योजना)	1239.97	1078.42	2956.09	3491.89	4314.43
	व्यय (योजनेतर)	1690.36	1721.81			
	योग	**2930.33**	**2800.23**	**--**		**4314.43**
3.	आंतरिक प्राप्तियां व्यय के प्रतिशत के रूप में	1%	1%	1%	2%	0.91%
4.	सहायता अनुदान व्यय के प्रतिशत के रूप में	100%	96.51%	100%	100%	94.63%

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2015–16 से 2019–20 के दौरान सहायता अनुदान में व्यापक रूप से वृद्धि हुई है और इसी अनुपात में इसका व्यय भी बढ़ा है। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि नीपा अपनी मुख्य गतिविधियों को पर्याप्त महत्व दे रहा है।

राजभाषा कार्यान्वयन/ हिंदी कक्ष

हिंदी कक्ष

हिंदी कक्ष अनुवाद की सुविधा के माध्यम से अनुसंधान प्रशिक्षण और प्रशासन में अकादमिक सहायता प्रदान करता है। यह कक्ष विभिन्न प्रकाशनों के हिंदी संस्करण प्रकाशित करने के साथ–साथ राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में भी सहायता प्रदान करता है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दैनिक कार्य के अलावा नीपा के हिंदी कक्ष ने कई निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य किए गए:

1. शैक्षिक योजना और प्रशासन के सामाजिक–आर्थिक संदर्भ से संबंधित हिंदी जर्नल परिप्रेक्ष्य के तीन अंक प्रकाशित किए गये। यह पत्रिका हिंदी में मूल शोध कार्य के लिए एक मंच प्रदान करती है।

2. हिंदी में निम्नलिखित सामग्री का अनुवाद करके उन्हें प्रकाशन के लिए तैयार किया गया:

(i) संकाय सदस्यों के लिए प्रश्नावली, प्रशिक्षण सामग्री आदि का अनुवाद

(ii) परिपत्र, पत्र, नोटिस, निमंत्रण कार्ड आदि का अनुवाद।

3. हिंदी कार्यान्वयन की गतिविधियों की समीक्षा के लिए संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

4. राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में चार तिमाही रिपोर्ट मंत्रालय को भेजी गईं।

5. हिंदी दिवस समारोह : हिंदी दिवस के उपलक्ष में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:

(i) संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

(ii) निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रारूपण और टिप्पण प्रतियोगिता, हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता, हिंदी अनुवाद, हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'एमटीएस कर्मचारियों के लिए हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

6. हिंदी कक्ष ने योग दिवस और स्वच्छता पखवाड़ा के आयोजन में सहायता प्रदान की।

अनुलग्नक

संकाय का अकादमिक योगदान

अनुलग्नक

संकाय का अकादमिक योगदान

एन.वी. वर्गीज
कुलपति

प्रकाशन

पुस्तकें

इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्टः गर्वनेंस एंड मेंनेजमेंट आफ हायर एजुकेशन (गरिमा मलिक के साथ), सेज, नई दिल्ली, 2020।

गर्वनेंस इन हायर एजुकेशनः हैंडबुक फार वाइस–चासंलर (सह–लेखक), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, 2019।

एजुकेशन डेमोक्रेसी एंड डवलपमेंट (बंदोपाध्याय के साथ) नीपा के लिए शिप्रा, नई दिल्ली, 2019

इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट 2018ः फाइनेंसिंग ऑफ हायर एजुकेशन (जिणुसा पाणिग्राही के साथ) सेज, नई दिल्ली, 2019

आलेख

इंटरनेशनलाइजेशन एंड क्रास बोर्डर मोबिलिटी इन हायर एजुकेशन', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ अफ्रीकन हायर एजुकेशन, वाल्यूम 7, नं. 2, 2020 पीपी.23–39।

'युनिवर्सिटीज, नॉलेज प्रोडक्शन एंड द फ्यूचर ऑफ लर्निंग' इन ऑर्जबयेवा बीः मीरमन, एः मूरॉस, वी.जी.; डीवे एंड पलेवा, सी. द फ्यूचर आफ यूनिवर्सिटीज थॉटबुकः युनिवर्सिटीज ड्यूरिंग टाइम्स ऑफ क्राइसिस, यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री इनोवेशन नेटवर्क (यूआईआईएन), एम्स्टर्डम, 2020, पीपी. 72–73।

''द रोल ऑफ डॉक्टरल एजुकेशन इन डेवलपिंग रिसर्च कैपेसिटीज'', मारिया युडकेविच, फिलिप जी. अल्टबैक और हैंस डी विट, संपादक ट्रेंड्स एंड इश्यूज इन डॉक्टोरल एजुकेशन : ए ग्लोबल पर्सपैक्टिव , लॉस एंजेल्स और नई दिल्ली, सेज। 2020 पीपी. 295–315।

''इंटरनेशनलाइजेशन ऑफ हायर एजुकेशन : ग्लोबल ट्रैंड्स एंड इंडियन इनिशियेटिव्ज'' पंकज मित्तल और सिस्तला रमा देवी पनी संपादक ''रिइमेजिनिंग इंडियन यूनिवर्सिटीज'', एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीजः नई दिल्ली। 2020।

नॉलेज, स्किल एंड ससटेनेबल डवलपमेंट : द रोल ऑफ हायर एजुकेशन, आर. गोविंदा और एम. पूर्णिमा संपादक, इंडियाज सोशियल सैक्टर : प्रॉब्लम्स एंड पर्सपैक्ट्स रूटलेज, लंदन, 2019 पीपी. 97–11।

''एजुकेशन एंड इकॉनोमिक इनैक्वीलिटीज : ह्वट इंडियन एविडेंस टैल्स अस'', शैक्षिक योजना और प्रशासन जर्नल, खंड 33, संख्या 3 2019 पीपी. 175–192।

''टूवार्डस डवलपिंग अ ग्लोबली कम्पटीटिव एंड इंक्लूसिव हायर एजुकेशन इन इंडिया'', अंतर्राष्ट्रीय उच्च शिक्षा, संख्या 100 2019

अटैनमेंट एंड इंक्लूजन इन इंडियन हायर एजुकेशन, इंटरनेशनल ब्रीफ आन हायर एजुकेशन लीडर्स सिरीज, नं. 8, अमेरिकन काउंसिल फॉर एजुकेशन (एसीई) और

सेंटर फॉर इंटरनेशनल हायर एजुकेशन (सीआईएचई), 2019, पीपी. 10–12।

उच्च शिक्षा का वित्तपोषणः एक परिचय (जिनुशा पाणिग्रही के साथ) उच्च शिक्षा रिपोर्ट 2018ः उच्च शिक्षा का वित्तपोषण संपादक वर्गीज एन.वी. और जिणुशा पाणिग्रही, सेज, नई दिल्ली, 2019 पीपी 1–22।

संगोष्ठियों/बैठकों में भागीदारी

3 अप्रैल 2019 को एआईयू में आवेदनों की जांच पर विशेषज्ञ समूह की बैठक में भागीदारी

यूजीसी में 4 अप्रैल 2019 को दूरस्थ शिक्षा से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक में भागीदारी

11 अप्रैल, 2019 को शास्त्री भवन में रिट्रीट ऑन एजुकेशन क्वालिटी अपग्रेडेशन एंड इंक्लूजन प्रोग्राम (ईक्यूयूआईपी) के विशेषज्ञ समूह की बैठक में भागीदारी

